4 **रायपुर संभाग** चरण स्पर्श, चापलूसी, परिक्रमा लगाकर पार्टी में स्थापित होने...

6 **अभिमत** अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में नेगेटिव किरदार निभाती नजर

09 **विविध** जशपुर जिले में आज से शुरू हुई होम वोटिंग

10 **संस्कारधानी** राशन विक्रेता की मनमानी से ग्रामीणों को समय पर नहीं...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-246 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### लवली का इस्तीफा कांग्रेस की लचर हालत का प्रतीकः खंडेलवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवीन



खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में चल रहे आंतरिक संघर्ष के कारण पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे से उसकी लचर पचर हालत साफ़ दिखाई देती है। खंडेलवाल ने यहां कहा कि अरविंदर लवली का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना स्पष्ट करता है कि कांग्रेस पार्टी एक डूबता जहाज है जिसे उसके सबसे वरिष्ठ नेताओं ने छोड़ दिया है। लवली के इस कदम से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि कांग्रेस पार्टी के पास न तो कोई नेता है और न ही कोई नेतृत्व बचा है और अब इस पार्टी के लिए कोई भविष्य भी नहीं है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरे बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

### गाड़ी चलाते हुए मोबाइल चलाने के मामले बढ़ रहे हैं दिल्ली में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा है कि इस महानगर की सड़कों पर वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं वह परेशानी का मामला है। पुलिस ने इस साल इस तरह के उल्लंघनों के मामले में ढाई गुना चालान किए हैं। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने इस वर्ष जनवरी से 15 अप्रैल के बीच यातायात नियमों के इस तरह के मामलों में 15846 चालान काटे। पिछले वर्ष इसी अवधि में वाहन चलाते हुए मोबाइल चलाने के मामलों में 6369 चालान किए गए थे। पुलिस के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में वाहन चलाते हुए मोबाइल पर बात करने के मामले में वर्ष 2024 के पहले साढ़े तीन महीना में 149 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### कांग्रेस गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हुई वही हश्र भाजपा का होगा : मायावती

**मुरैना।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन गलत नीतियों के कारण कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई उसी तरह भाजपा भी उन्हीं नीतियों के चलते सत्ता से बेदखल होने जा रही है। मायावती यहां मुरैना -श्योपुर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं।

# रायगढ़ के कापू, जांजगीर-चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में गरजे मुख्यमंत्री साय

## कांग्रेस के कुशासन, मोदी के विकास और छत्तीसगढ़ में सुशासन पर मांगा वोट

पायनियर संवाददाता < रायपुर/कापू/पहरिया/बेलगहना
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने चुनावी अभियान की तूफानी गति जारी रखी। रायगढ़ के कापू, जांजगीर-चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में भारी जनसमूह के बीच उन्होंने कांग्रेस की जम कर धुलाई की। कांग्रेस शासनकाल को शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन और डीएमएफ घोटालों मे घेरा और कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया। छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध को गढ़ बना दिया था। साय ने केंद्र के दस वर्षों के विकास और छत्तीसगढ़ में तीन महीने में पूरी हुई मोदी की गारंटी पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। रायगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कापू में विष्णु देव साय ने हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत पीछे छोड़ दिया था। 36 वादे में एक भी वादे को उसने ठीक से पूरा नहीं किया। सिर्फ घोटाला किया। वे नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को आउट कर दिया और इस बार भी क्लीन बोल्ड होगी। अपने पुराने संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के धरमजयगढ़ (कापू) के लोगों से साय ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा से लगातार 20 वर्ष सांसद बनने का मौका मिला। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के बीच आया हूँ और आप सभी से आग्रह करने आया हूँ कि हम सबको विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। जिसके लिए आप सभी आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाएं और राधेश्याम राठिया को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें।

### आंधी-तूफ़ान के बीच चलती रही कापू में जनसभा

लगभग 12 बजे रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के धरमजयगढ़ स्थित पहाड़ी इलाके कापू पहुंचे विष्णु देव साय को आंधी-तूफान का सामना करना पड़ा। बारिश भी होती रही मगर मुख्यमंत्री और जनसभा के लिए आई भारी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। निर्विघ्न तरीके से मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन पूरा किया।

### भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के लिए बहुत कुछ

तूफानी दौरा करते हुए शाम को बिलासपुर के बेलगहना पहुंचे विष्णु देव साय ने यहाँ भी विशाल आमसभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे-बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर-घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती।

### कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया: साय

जांजगीर-चांपा के पहरिया में मुख्यमंत्री ने पूर्व भूपेश सरकार को महादेव एप घोटाले में घेरा। उन्होंने सरकारी संरक्षण और सहयोग से प्रदेश में चलाए गए सट्टे-जुए के कारोबार को छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य बताया। भूपेश बघेल को जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है और एफआईआर भी दर्ज हुई है। बहुत से कांग्रेसी नेताओं के ऊपर न केवल एफआईआर है बल्कि ज्यादातर जेल की चक्की पीस रहे हैं। बड़े-बड़े अधिकारी जिन्होंने भ्रष्टाचार में सरकार का सहयोग किया उन्हें डेढ़-डेढ़ साल से जमानत नहीं मिल रही है। साय ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आज एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं।

# राहुल गांधी ने ओडिशा में फूंका चुनावी बिगुल

एजेंसी < भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने रविवार को ओडिशा के सालेपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर जोरदार हमले के साथ कांग्रेस



पार्टी के चुनावी अभियान का बिगुल फूंका। ने भीषण गर्मी का सामना करते हुए जाजपुर, केंद्रपाड़ा कटक और आसपास के अन्य स्थानों से एक चुनावी सभा में पहुंचे लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पटनायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नौकरशाह से नेता बने पांडियन (वी के पांडियन) ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी और पटनायक दोनों कुछ चुनिंदा लोगों के लिए क्रमशः केंद्र और ओडिशा में सरकार चला रहे हैं। जहां मोदी दिल्ली से करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं पटनायक सरकार ओडिशा के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है। गांधी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल आपस में साझेदारी कर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने ओडिशा के लोगों को 'पान' (इसे पांडियन, अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नवीन पटनायक के रूप में समझाते हुए दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा सरकार ने खनन घोटाला और भूमि कब्जा योजना जैसे विभिन्न घोटालों के माध्यम से करोड़ों रुपये लूटे हैं। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लूटे गए पैसे को लोगों को वापस करने का वादा किया। गांधी ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन को दोगुना करने के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और सरकारी कार्यालयों में एक लाख शिक्षित युवाओं को नौकरी देने के लिए 'पहली नौकरी पक्की' योजना शुरू करने का वादा किया।

### राहुल गांधी की बिलासपुर में चुनावी सभा आज

**बिलासपुर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ,सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर आ रहे है। वे सकरी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी अहमदाबाद से दोपहर 2.45 बजे चकरभाठा विमानतल पर पहुंचेंगे और सड़क मार्ग से सकरी पहुंचेंगे और बिलासपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके बिलासपुर प्रवास पर प्रदेश के कई कांग्रेस नेता मौजूद रहेंगे। राहुल गांधी सकरी में बिलासपुर, बिल्हा, तखतपुर और कोटा विधानसभा क्षेत्र के वोटरों को कांग्रेस के पक्ष में साधने का प्रयास करेंगे। राहुल गांधी की सभा की तैयारियों और सभा स्थल का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और उप प्रभारी विजय जांगिड़ बिलासपुर और सकरी आ चुके है।

## मतदाताओं को वोट देने पर मिलेगी आकर्षक छूट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स राज्य में चुनाव के दौरान वोट का प्रतिशत बढ़ाने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की दिशा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। साथ ही शहरी मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की गयी। इसके तहत जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पाद, रेस्टोरेंट में अलग-अलग छूट दी जाएगी। इसी प्रकार फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, शराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाईल रिपेयरिंग के साथ मोबाईल गार्ड फ्री देंगे। साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे। कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा पांच टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफसे हर लैपटॉप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्यूमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। एमजी रोड के टू व्हीलर एसोसिएशन द्वारा स्पेयर्स पाट्र्स पर 20 प्रतिशत की छूट, आईडीबीटी व्यापारी संघ द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही मार्बल टाईल्स एसोसिएशन, ड्राईफ्रूट एसोसिएशन, साईकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षक गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी।

## स्मृति ईरानी ने अयोध्या में रामलला का किया दर्शन पूजन

**अयोध्या।** केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के बाद श्री राम जन्मभूमि



पर भव्य और दिव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि धर्म और धैर्य निष्ठा तथा नियम पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या पर आने का सौभाग्य मिला है। प्रभु के चरणों में संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते देखना जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। आज मैं अपने आप को भाग्यशाली समझती हूं कि ऐसे युग में जन्म हुआ कि हमारे लाला को टेंट से भव्य मंदिर में भव्य समारोह में प्रतिष्ठित होते देखा है। आज संतों का सानिध्य पाकर उनका आशीर्वाद पाकर मनोबल ही सिर्फनहीं बढ़ता है बल्कि पुण्य पथ पर चलने के लिए प्रेरणा पा रही हूं। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में मत्था टेकने के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष एवं मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास से भी भेंट कर आशीर्वाद लिया।उन्होंने कहा कि प्रभु रामलला के चरणों में राष्ट्र के प्रगति, प्रधान सेवक के अर्थात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना कर हनुमान जी के दरबार में हाजिरी लगाने आई हूं। हनुमान जी के जैसे ही सेवा भाव मन में हो ऐसा आशीर्वाद मांगा है। पुनः कहती हूं कि अयोध्या की धरती पर आना हर सनातनी के लिए गौरव की बात है, रामलला की करुणा आज हर मन को छू रही है।

## मोदी बुजुर्गों के लिए लाए बड़ी योजना, करीब 40 लाख बुजुर्गों को मिलेगा लाभ : यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुजुर्गों के लिए बड़ी योजना लाए हैं। इस योजना से देश के करीब 40 लाख बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। डॉ यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का 5 लाख रूपए के निःशुल्क इलाज के लिए फार्म भरवाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने भोपाल के शास्त्री नगर में 80 वर्षीय भंवरलाल पुरोहित, 74 वर्षीय भंवरीबाई पुरोहित, 82 वर्षीय पंकजा पी नायर और 82 वर्षीय मालती गुप्ता और शर्मा ने भोपाल के 6 नंबर स्टॉप के पास अंकुर कॉम्प्लेक्स में 84 वर्षीय कमलचंद कोठारी और 78 वर्षीय सरोज कोठारी के निवास पहुंचकर योजना का फार्म भरवाकर अभियान का शुभारंभ किया। शास्त्री नगर में योजना के शुभारंभ अवसर पर लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीष उपाध्याय उपस्थित रहे। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के बुजुर्गों का ख्याल रखने के लिए इस योजना को लेकर आए हैं। पार्टी के संकल्प-पत्र में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को शामिल कर इसे पूरा करने की गारंटी प्रधानमंत्री मोदी ने दी है, ताकि 70 साल से अधिक आयु के हर वर्ग और हर समाज के बुजुर्गों को इलाज में कोई परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना की खास बात यह है इनकम टैक्स का दायरा इसमें शामिल नहीं किया गया है। इसलिए इस योजना का लाभ हर 70 साल से अधिक बुजुर्ग को मिलेगा। 70 साल का हर बुजुर्ग 5 लाख का इलाज प्रदेश के किसी भी निजी अस्पताल में मुफ्त में करा सकेंगे। अगर इलाज में उसके बाद भी कोई आवश्यकता पड़ती है तो प्रदेश सरकार ने एयर एंबुलेंस सुविधा को शुरू किया है। डॉक्टरों और कलेक्टर के आपस में संवाद के बाद उन्हें इस योजना का भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भोपाल के दक्षिण-पश्चिम विधानसभा से आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान को भारतीय जनता पार्टी ने शुरू किया है। आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में इस योजना के तहत फॉर्म भराए जाएंगे और हम प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का हिस्सा बनेंगे, ताकि बुजुर्गों को इसका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में जोड़कर बड़ा काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास के तहत देश के गरीबों को चार करोड़ मकान दिए।

### पीएम ने कहा- कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सजा देगी

# कर्नाटक में अंतर्कलह से जूझ रही है कांग्रेस : मोदी

वार्ता < दावणगेरे
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी अंतर्कलह से जूझ रही है। मोदी ने कांग्रेस के विभिन्न गुटों के बीच आंतरिक कलह के बारे में लोगों को आगाह करते हुए कहा कि जल्द ही यह झगड़ा सार्वजनिक हो जाएगा और प्रत्येक समूह संभावित चुनावी हार के लिए दूसरे को दोषी ठहराएगा। उन्होंने कहा, अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस पार्टी के विभिन्न गुटों में चल रही आंतरिक लड़ाई सड़कों पर आ जाएगी। सभी गुट हार के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते नजर आएंगे। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में पार्टी के महत्वपूर्ण लाभ हासिल करने की संभावना कम है। उन्होंने दावणगेरे में देखे गए भारी जन समर्थन का हवाला देते हुए संकेत दिया कि कर्नाटक के मतदाता कांग्रेस को उसकी कथित कमियों के लिए जिम्मेदार ठहराएंगे। उन्होंने कहा, इस बार उनकी दिल्ली में खाता खोलने की संभावना खत्म हो गई है। दावणगेरे में यह भारी जनसमर्थन दिखाता है कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस को उसके पापों की सजा देगी। मोदी ने पांच वर्षों में अपने सहयोगियों के बीच प्रधानमंत्री पद को घुमाने के इंडिया समूह के प्रस्ताव की व्यवहार्यता और लाभों पर भी सवाल उठाया। उन्होंने राष्ट्रीय शासन पर ऐसी योजना के संभावित प्रभावों के बारे में चिंता जताई और सवाल उठाया कि क्या यह वास्तव में दीर्घकालिक रूप से देश के हितों की सेवा करेगा। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि इंडिया समूह एक नया फॉर्मूला लेकर आया है। पांच साल में सभी सहयोगियों के किसी एक नेता को एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। यानी एक साल में एक प्रधानमंत्री, दूसरे साल में दूसरा प्रधानमंत्री, तीसरे साल में तीसरा प्रधानमंत्री बनाया जाएगा।ऐसे में क्या देश को फायदा होगा, क्या आपको या आपके बच्चों को फायदा होगा?

### मोदी ने नेहा हत्याकांड के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

**बेलगावी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगावी में एमसीए की छात्रा नेहा हिरेमत की हत्या के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और राज्य में सत्तारूढ़ इस पार्टी की कानून -व्यवस्था बनाए रखने में विफलता के लिए कड़ी आलोचना की। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बेलगावी, चिक्क ोडी और हुबली की घटनाओं का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं के कल्याण पर तुष्टीकरण की राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाते हुए कॉलेज परिसर में हुए क्रूर हत्याकांड जैसे मामलों से भी कड़ाई से नहीं निपटने पर पर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की । मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार आने से पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चरमरा गयी है। यहां बेलगावी में एक आदिवासी बहन के साथ और चिक्क ोडी में एक जैन साधु के साथ जो हुआ, वह शर्मनाक है। मोदी ने यहां एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, हुबली के एक कॉलेज परिसर में हमारी बेटी नेहा के साथ जो हुआ, उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। उसका परिवार कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण का दबाव हावी रहा।

## 'आप' ने चुनाव आयोग को भाजपा का राजनीतिक हथियार करार दिया

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा का राजनीतिक हथियार बनकर पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। 'आप' की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा, भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुकी चुनाव आयोग आप' के कैंपेन गीत 'जेल का जबाव, वोट से देंगे' पर रोक लगाई है। ऐसा सिर्फ़ तानाशाह सरकारों में ही विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डर लगता है इसका सबूत उन्होंने देश के सामने रख दिया है। आतिशी ने कहा कि यह सब सिर्फ तानाशाही सरकार में होता है जहां विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है, विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोक दिया जाता है। और आज भाजपा के एक और राजनीतिक हथियार,चुनाव आयोग ने इसे साबित कर दिया है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन गीत पर रोक लगा दी है। यह भारत के इतिहास में पहली बार होगा जब किसी पार्टी के कैंपेन गीत पर चुनाव आयोग ने रोक लगा दी होगी। जब भाजपा प्रवर्तन निदेशालय और केन्द्रीय जांच ब्यूरो का प्रयोग करके आचार संहिता के दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है लेकिन आम आदमी पार्टी इसे गाने का रूप दे देती है तो चुनाव आयोग को बहुत आपत्ति हो जाती है। 'आप' नेता ने कहा कि भाजपा तानाशाही करें वह सही है लेकिन उस तानाशाही के बारे में कोई प्रचार करे तो वह ग़लत है। 'आप' कैंपेन गीत में कहीं पर भी भाजपा का नाम नहीं है लेकिन चुनाव आयोग को लगता है कि अगर आप तानाशाही की बात करते हैं।

## भाजपा संविधान बदलना, आरक्षण खत्म करना चाहती है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है- संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है- वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिये हिस्सेदारी न्याय लागू करेगी। कांग्रेस के न्याय पत्र में हिस्सेदारी न्याय भारत के सामाजिक संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। कांग्रेस पार्टी पिछले सात दशकों से समाज के पिछड़े, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों एवं जातियों के हक और अधिकार के लिए सबसे अधिक मुखरता के साथ आवाज़ उठाती रही है। कांग्रेस लगातार उनकी प्रगति के लिए प्रयास करती रही है। लेकिन जाति के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे समाज की हकीकत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग देश की आबादी के लगभग 70 प्रतिशत हैं, लेकिन अच्छी नौकरियों, अच्छे व्यवसायों और ऊँचे पदों पर उनकी भागीदारी काफी कम है। किसी भी आधुनिक समाज में जन्म के आधार पर इस तरह की असमानता, भेदभाव और अवसर की कमी बर्दाश्त नहीं होनी चाहिये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार जनहितैषी होने का केवल ढोंग करती है, असलियत यह है कि इनके फोकस में केवल अपने पूंजीपति मित्रों का मुनाफा है।

# महबूबा ने चुनाव आयोग से किया अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर चुनाव न टालने का आग्रह

वार्ता श्रीनगर
www.dailypioneer.com



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने रविवार को चुनाव आयोग (ईसीआई) से आग्रह किया कि मौसम के आधार पर अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव स्थगित नहीं किया जाये क्योंकि लंबे समय के बाद लोगों में चुनावी प्रक्रिया पर भरोसा आया है। कुछ राजनीतिक दलों ने खराब मौसम और अनंतनाग को राजौरी से जोड़ने वाले मुगल रोड के बंद होने से चुनाव प्रचार में बाधा उत्पन्न होने के कारण अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए चुनाव टालने के लिए ईसीआई को पत्र लिखा है।

पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर चुनाव टालने की मांग करने वाले कुछ दलों के कदम पर निराशा व्यक्त की है।

मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने आज कुलगाम जिले के नूराबाद में पत्रकारों से कहा, खराब मौसम एक प्राकृतिक घटना है, अगर ऐसा मौसम महीनों तक रहता है तो क्या इसका मतलब यह है कि चुनाव संभव नहीं होंगे।

अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र के लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं चुनाव आयोग से यह सुनिश्चित करने की अपील करती हूं कि जम्मू-कश्मीर के लोग, जिन्होंने लंबे समय के बाद चुनावी प्रक्रिया में विश्वास हासिल किया है, किसी एक व्यक्ति या पार्टी के बयानों के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित नहीं हों।

उन्होंने कहा, मौसम का समय खेल बिगाड़ सकता है, क्या इसका मतलब यह है कि अगर एक महीने तक बारिश हो जाएगी, तो चुनाव संभव नहीं हैं? क्या देश के अन्य हिस्सों में मौसम कभी खराब नहीं होता?

उन्होंने कहा, 'ये बहाने हैं क्योंकि वे (भाजपा) बड़ी संख्या में लोगों को पीडीपी के साथ देख रहे हैं।

लोगों का उत्साह देखकर वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे (भाजपा) चुनाव स्थगित करना चाहते थे, ताकि वे लोगों को धमकी दे सकें और इन वर्षों में एकत्र की गई बेहिसाब संपत्ति को खर्च करने का समय मिल सके।

# झांसी संसदीय सीट: कांग्रेस के गढ़ में राजेंद्र अग्निहोत्री ने खिलाया था कमल

**झांसी।** बुंदेलखंड क्षेत्र की महत्वपूर्ण झांसी संसदीय सीट पर यूं तो वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव नजर आता है लेकिन कभी यह सीट भी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी और भाजपा की ओर से राजेंद्र अग्निहोत्री ने यहां पहली बार कमल खिलाया था। इस सीट पर वर्तमान में मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा और इंडिया समूह के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के बीच है। इस सीट पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है और बहुजन समाज पार्टी अभी तक उम्मीदवार के नाम को लेकर माथापच्ची में फंसी है। इस सीट पर 1952 से लेकर 1980 तक कांग्रेस की मजबूत पकड़ रही। वर्ष 1952 में रघुनाथ विनायक धुलेकर व वर्ष 1957, 1962 व 1967 में तीन बार डॉ. सुशीला नैय्यर इंडियन नेशनल कांग्रेस से सांसद रही हैं। वर्ष 1971 में गोविन्ददास रिछारिया इंडियन नेशनल कांग्रेस से सांसद रहे व इसके उपरान्त आपातकालीन व्यवस्था लागू हो जाने पर वर्ष 1977 में चुनाव हुए। वर्ष 1980 में विश्वनाथ शर्मा सांसद चुने गये व जनता पार्टी की सरकार गिर जाने से वर्ष 1984 व वर्ष 1999 में सुजान सिंह बुन्देला इंडियन नेशनल कांग्रेस से दो बार सांसद रहे हैं। वर्ष 2009 में प्रदीप जैन आदित्य इंडियन नेशनल कांग्रेस से सांसद रहे हैं। इसी प्रकार वर्ष 1977 में सुशीला नैय्यर जनता पार्टी से सांसद रही हैं व इसके उपरान्त वर्ष 1989, 1991, 1996 व 1998 में चार बार भाजपा से राजेन्द्र अग्निहोत्री सांसद रहे हैं। वर्ष 2004 में चन्द्रपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी से सांसद रहे हैं व वर्ष 2014 में उमा भारती व 2019 में अनुराग शर्मा भारतीय जनता पार्टी से सांसद रहे हैं। इस बार के चुनाव में एक ओर अनुराग शर्मा अपने प्रचार में क्षेत्र में मोदी सरकार के कारण हुए विकास और रोजगार की समस्या के स्थायी समाधान के लिए शुरू किये गये प्रोजेक्टों तथा अन्य योजनाओं को आगे रखकर जनता का भरोसा पाने की कोशिशों में जुटे हैं।

# दिग्विजय के बारे में जनता सब जानती है: मोहन यादव

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को आज निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके बारे में जनता सब जानती है और उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में जो 'हल्की' बात रखी है, उसकी वे निंदा करते हैं। डॉ यादव ने यहां एक वीडियो संदेश के जरिए कहा कि अमित शाह ने जो भी बात रखी है, वो डंके की चोट पर रखी है। दिग्विजय सिंह के बारे में जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि ये वही दिग्विजय सिंह हैं, जो अरविंद केजरीवाल की बुराई करते रहे, लेकिन अब लोकसभा चुनाव के दौरान उनका समर्थन ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिंह ने जिस ढंग से अमित शाह के बारे में हल्की बात कही है, वे उसकी निंदा करते हैं और और उम्मीद करते हैं कि सिंह माफी मांगेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंह ने केजरीवाल के बारे में अक्टूबर 2012 में कहा था कि उन्हें केजरीवाल में 'हिटलर की झलक दिखायी देती है। वर्ष 2015 में दिल्ली में जब सफाई कर्मचारियों की हड़ताल चल रही थी, तब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को उन्होंने 'नौटंकी का मास्टर' कहा था। उन्होंने केजरीवाल को और भी बहुत कुछ बोला लेकिन अब काम पड़ रहा है, तो वे आप पार्टी की एक नेता से समर्थन ले रहे हैं। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के चाचौड़ा से आप पार्टी की प्रत्याशी रहीं सिंह का समर्थन कर रही हैं। डॉ यादव ने अयोध्या और राम मंदिर समेत अनेक संवेदनशील मामलों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि उन्होंने श्रीराम मंदिर को लेकर क्या क्या नहीं कहा। आतंकवादियों को 'जी' तक कहा। वर्ष 1992 में अयोध्या में हुयी घटना के मामले में सिंह ने कहा था कि मंदिर का सवाल नहीं है। ढांचा तोड़ा गया है, इसका दुःख हुआ है। डॉ यादव ने कहा कि इस बात को लेकर सिंह को देश और प्रदेश की जनता से माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता सब जानती है और हिंदुओं के मामलों को लेकर मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है।

# 61 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

एजेंसी जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में दो चरणों में हुए लोकसभा आम चुनाव-2024 में इस बार आठ लोकसभा क्षेत्रों एवं 60 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट डालने में बाजी मारी हैं और बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के घाटोल विधानसभा इलाके में महिलाओं ने सर्वाधिक 82.68 प्रतिशत मतदान किया हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में इस बार लोकसभा चुनाव में दो करोड़ 56 लाख 27 हजार 971 महिला मतदाताओं में से एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 285 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में इनका 60.72 प्रतिशत मतदान हुआ। महिलाओं का आठ लोकसभा क्षेत्र चूरू, झुंझनूं, सीकर, पाली, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा और राजसमंद में पुरूषों के मुकाबले मतदान अधिक रहा। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 61 में महिला मतदाताओं ने पुरूषों से अधिक मतदान किया है। इन क्षेत्रों में महिला और पुरूष मतदाताओं द्वारा किए गए मतदान में 0.06 प्रतिशत से 10.74 प्रतिशत तक अंतर रहा। राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में आने वाली भीम विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 10.74 प्रतिशत अंतर रहा। विधानसभा क्षेत्रवार महिला-पुरूष का मतदान प्रतिशत और अंतर इस प्रकार है--भीम में 62.17 - 51.43 (10.74) , सागवाड़ा में 74.7 - 65.33 (9.37), आसपुरः 66.97 - 57.99 (8.98), खैरवाड़ाः 67.55 - 59.97 (7.58), फतेहपुरः 55.75 - 49.96 (5.79), गढ़ीः 78.53 - 72.8 (5.73), दांतारामगढ़ः 63.87 - 58.21 (5.66), ब्यावरः 63.84 - 58.61 (5.23), मण्डावाः 58.27 - 53.05 (5.22), लक्ष्मणगढ़ः 61.04 - 55.84 (5.2), सहाड़ाः 58.17 - 52.99 (5.18), लाडनूः 55.86 - 51.32 (4.54), धरियावदः 71.63 - 67.13 (4.5), खण्डेलाः 58.05 - 53.59 (4.46), चौरासीः 73.2 - 68.97 (4.23), सिरोहीः 60.26 - 56.08 (4.18), मारवाड़ जंक?शनः 56.23 - 52.19 (4.04), बालीः 56.99 - 53.1 (3.89), रतनगढ़ः 61.23 - 57.4 (3.83), आसींदः 62.22 - 58.41 (3.81), धोदः 64.47 - 60.81 (3.66), आहोरः 58.92 - 55.28 (3.64), कुम्भलगढ़ः 56.81 - 53.29 (3.52), श्रीमाधोपुरः 50.39 - 46.96 (3.43), डूंगरपुरः 68.74 - 65.44 (3.3), डीडवानाः 57.61 - 54.34 (3.27), सलूम्बरः 64.43 - 61.39 (3.04), कुशलगढ़ः 71 - 68.02 (2.98), पिन्डवाड़ा आबूः 68.75 - 65.77 (2.98), सुमेरपुरः 56.37 - 53.67 (2.7), सोजतः 63.05 - 60.59 (2.46), जैतारणः 56.18 - 53.74 (2.44), गोगुन्दाः 66.59 - 64.16 (2.43), नीम का थानाः 51.48 - 49.2 (2.28), उदयपुरवाटीः 56.86 - 54.61 (2.25), बागीदौराः 78.17 - 76.01 (2.16), विराटनगरः 54.93 - 52.89 (2.04), सादुलपुरः 66.58 - 64.59 (1.99), सुजानगढ़ः 59.62 - 57.65 (1.97), खेतड़ीः 49.55 - 47.64 (1.91), मसुदाः 59.62 - 57.77 (1.85), नवलगढ़ः 52.83 - 51.12 (1.71), नावांः 59.22 - 57.56 (1.66), चूरूः 65.64 - 64.04 (1.6), जालोरः 63.95 - 62.52 (1.43), शिवः 79.43 - 78.1 (1.33), माण्डलः 62.54 - 61.21 (1.33), घाटोलः 82.68 - 81.63 (1.05), कामांः 63.53 - 62.55 (0.98), तारानगरः 69.16 - 68.33 (0.83), रामगढ़ः 63.22 - 62.41 (0.81), झाडोलः 75.45 - 74.68 (0.77), रेवदरः 66.22 - 65.49 (0.73), थानागाजीः 52.31 - 51.63 (0.68), बांसवाड़ाः 77.79 - 77.2 (0.59), झुंझुनूः 57.97 - 57.43 (0.54), भीनमालः 62.58 - 62.21 (0.37), सुरजगढ़ः 51.21 - 50.84 (0.37), फुलेराः 59.38 - 59.23 (0.15), सिवानाः 63.75 - 63.61 (0.14) एव नाथद्वाराः 65.28 - 65.22 (0.06) ।

# प्रदेश की आर्थिक बदहाली के लिए भाजपा जिम्मेदार: कांग्रेस


एजेंसी शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मुख्य संसदीय सचिव व कांग्रेस नेता सुंदर लाल ठाकुर व आशीष बुटेल ने कहा है कि प्रदेश को आर्थिक बदहाली में झोंकने के लिए भारतीय जनता पार्टी का आर्थिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है। दोनों नेताओं ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुए दुरुपयोग पर राज्य सरकार ने विधानसभा में एक श्वेत पत्र भी लाया गया था।

जिसमें प्रदेश की जनता के सामने सच रखा गया था। सत्य यह है कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने के लिए अन्तिम वर्ष में सरकारी ख़ज़ाने का का जमकर दुरुपयोग किया। दोनों ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए पूर्व सरकार ने कांग्रेस के विरुद्ध एक चक्रव्यूह रचा था और अमृत महोत्सव, प्रगतिशील हिमाचल, जनमंच और स्थापना दिवस कार्यक्रम पर 16,261 करोड़ रुपए की फिजूलखर्ची की। नतीजा यह हुआ कि हिमाचल पर वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक 92,774 करोड़ का कर्ज व देनदारी चढ़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि यह पिछली भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज प्रत्येक हिमाचली एक लाख रुपए से अधिक का क़र्ज़दार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने आर्थिक नीतियों में सुधार किया जिसके कारण राज्य सरकार के राजस्व में 2200 करोड़ रुपए की बढ़ौतरी हुई। राज्य सरकार ने शराब ठेकों की नीलामी से अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया। इसके अलावा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी और जनता का पैसा जनकल्याण में इस्तेमाल किया, जिससे आज महिलाओं, किसानों, मज़दूरों व अन्य वर्गों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएँ चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आर्थिक सुधारों की नींव अपने पहले ही बजट में रख दी थी और इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। आने वाले समय में ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्ध होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा नेता झूठ बोलने में माहिर हैं और झूठी बातें कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

# नदी में नहाते समय ग्रामीण डूबा, तलाश जारी



**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के आष्टा थाना क्षेत्र स्थित पार्वती नदी में नहाने के दौरान आज एक ग्रामीण डूब गया, जिसकी गोताखोरों की मदद से तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार नागुसी सिंह पारदी (45) निवासी दीपलाखेड़ी अपने बेटे अभिनंदन पारदी के साथ दोपहर में पार्वती नदी में नहाने आया था। वह बेटे को नदी किनारे बैठाकर नहाने चला गया। इस दौरान उसने तैर कर नदी पार करने की बात कही। इसके बाद वह तैर कर जैसे ही नदी के बीच में पहुंचा, तो उसकी सांस फूल गई और वह डूब गया। सूचना के बाद एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। गोताखोरों की मदद से सर्चिंग की जा रही है। बेटे अभिनंदन पारदी ने बताया कि वह पिता के साथ पार्वती नदी में नहाने गया था। पिता ने उसे नदी किनारे खड़ा रहने को बोला और नदी में कूद गए। इसके बाद उनकी सांस फूल गई और देखते ही देखते वह डूब गए। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने नाव से सर्चिंग शुरू कर दी है।

# भाजपा विधायक के वाहन पर मारा पत्थर, मामला दर्ज

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी विधायक वीरेन्द्र सिंह के वाहन पर अज्ञात बदमाश ने पत्थर मार कर कांच क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसकी शिकायत बरायठा थाना में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात विधायक सिंह शाहगढ़ क्षेत्र मे आयोजित विवाह समारोह से वापस बंडा आ रहे थे कि बरायठा थाना अंतर्गत करई के पास सिलोट नदी के घाट पर अज्ञात बदमाशों ने विधायक के वाहन पर पत्थर फेंक कर मारा, जिससे वाहन का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। बरायठा थाना प्रभारी मकसूद अली ने बताया कि बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह शाहगढ़ की ओर से आ रहे थे। तभी सिलोट नदी के घाट पर उनकी गाड़ी पर अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर मारा है। पत्थर लगने से उनकी गाड़ी का कांच टूटा है। शिकायत पर मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# धामी ने प्रसिद्ध पूर्णागिरी मेले में सुविधा बढ़ाने के दिये निर्देश

एजेंसी चंपावत/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुप्रसिद्ध पूर्णागिरी मेले की समीक्षा करते हुए कहा कि मेले को नया स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई की जगह स्थाई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने को कहा है। चंपावत के बनबसा एनएचपीसी विश्राम गृह में संपन्न बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्णागिरी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम और सुरक्षित हो। श्रद्धालुओं को यात्रा एवं पैदल मार्गो पर किसी तरह की दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा सभी की सहभागिता से पूर्णागिरी मेले को नया स्वरूप दिया जाएगा जिससे श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाएं। मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत द्वारा लिए जा रहे मुंडन शुल्क पर नाराजगी व्यक्त करते इसे जनहित में कम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैनाल क्षेत्र में एक हज़ार लोगों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था की जाए। साथ ही कहा शारदा एवं बूम घाट में नियमित रुप से भव्य शारदा आरती का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में शारदा कॉरीडोर के विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए शारदा कॉरिडोर का भव्य निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास दीर्घकालिक सोच के साथ किया जाए। सभी विभाग पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में अस्थाई व्यवस्थाओं की जगह स्थाई व्यवस्थाओं को प्रथमिकता दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार पैदल मार्गो पर स्वास्थ शिविरों, चिकित्सकों की तैनाती, पेयजल और दवाइयों की व्यवस्था की जाए।

# मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को नजरअंदाज करने के लिए की विपक्ष की आलोचना

**सिरसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी में अयोध्या में भगवान राम लला के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के भव्य आयोजन के दौरान विपक्ष की स्पष्ट अनुपस्थिति के लिए रविवार को उसे आड़े हाथ लिया, जबकि राम जन्मभूमि मामले में ऐतिहासिक भागीदारी के बावजूद इस अवसर पर इकबाल अंसारी के परिवार की उपस्थिति पर प्रकाश डाला। मोदी ने यहां एक चुनावी अभियान रैली को संबोधित करते हुए राम मंदिर के निर्माण पर अंसारी परिवार के पिछले कानूनी विरोध के बावजूद उनकी उपस्थिति के महत्व पर रोशनी डाली। उन्होंने इस मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को एकता और सुलह के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक तरफ वे लोग हैं जिन्होंने वोट बैंक की राजनीति की भूख में राम मंदिर का अपमान किया और दूसरी तरफ इकबाल अंसारी का परिवार है, जिनके पूरे परिवार ने तीन पीढ़ियों तक राम मंदिर के खिलाफ मुकदमा लड़ा लेकिन जब उच्चतम न्यायालय का फैसला आया, उन्होंने इसे स्वीकार किया। राम मंदिर के ट्रस्टियों ने जब अंसारी परिवार को आमंत्रित किया, तो वे 'प्राण प्रतिष्ठा' में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने मछुआरों और आदिवासियों सहित विभिन्न समुदायों के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने मछुआरों के लिए एक अलग मंत्रालय की स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे विशेष वित्तीय उपकरणों की शुरुआत और मछली पकड़ने वाले समुदाय का समर्थन करने के उद्देश्य से उत्पादन एवं प्रसंस्करण समूहों के विकास की योजना जैसी पहल की घोषणा की। मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और उस पर केंद्र में अपने कार्यकाल के दौरान आदिवासी समुदाय की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने जनजातीय मामलों के मंत्रालय की स्थापना और जनजातीय कल्याण के लिए आवंटित बजट में उल्लेखनीय वृद्धि का हवाला देते हुए कांग्रेस की उपेक्षा की तुलना भाजपा के प्रयासों से की।

# 'घूस' के रूप में लिया चुनावी चन्दा पार्टियों से वसूला जाए: प्रशांत

एजेंसी चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

वकील प्रशांत भूषण ने रविवार को कहा कि चुनावी बॉन्ड घोटाले की विशेष टीम बनाकर उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए और कम से कम राजनीतिक दलों को जो चन्दा 'घूस' के रूप में दिया गया साबित हो, वसूला जाना चाहिए। भूषण यहाँ केन्द्री गुरु सिंह सभा, सिटीजंस अगेन्स्ट डिवाइड और सिविल सोसाइटी, चंडीगढ़ के आयोजित 'चुनावी बॉन्ड : लोकतंत्र को चुनौती' सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड को सुप्रीम कोर्ट के गैर संवैधानिक करार दिए जाने के बावजूद लिया गया चुनावी चन्दा भले गैरकानूनी न हो लेकिन जो चन्दा 'घूस' के रूप में लिया गया साबित होता है, वह पार्टियों से वसूला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिए भले राजनीतिक दलों को सोलह हजार करोड़ रुपये मिले हों लेकिन यह बहुत बड़ा 'घोटाला' है क्योंकि हजारों करोड़ के ठेके इसके एवज में दिए गए और कंपनियों/लोगों से जो करोड़ों रुपये (करों, जुर्मानों आदि के मद में) सरकारी खजाने को मिलने चाहिए थे, नहीं मिले, उसका एक हिस्सा पार्टियों को चंदे के रूप में दिया गया। उल्लेखनीय है कि भूषण ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की हुई है जिस पर निकट भविष्य में सुनवाई होने की संभावना है। उनसे पूर्व, कॉमन कॉज़ की अंजली भारद्वाज ने बताया कि चुनावी बॉन्ड योजना, जिसे उच्चतम न्यायालय द्वारा पारदर्शिता के अभाव में, गैर संवैधानिक करार दिया गया।

# फर्रुखाबाद: गंगा में 08 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को गंगा में स्नान करते एक 08 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पकरा याकूतगंज का निवासी 08 वर्षीय बालक राज पुत्र बाबूराम जाटव अपने तीन दोस्तों के साथ करीब पौन किलोमीटर दूर कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खेमरैगाई समीपवर्ती गंगा में स्नान करने के लिए पहुंचा। इसके बाद गंगा स्नान करते समय राज का अचानक पैर फिसला और वह गहरे जल में डूब गया और यह देखकर उसके दोस्तों में चीख पुकार मच गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस ने गोताखोरों की मदद से राज का शव बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

# घटते मतदान के बीच चुनाव में दिग्गजों के सामने भीषण गर्मी भी चुनौती

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के साथ ही पूरे देश की तरह मध्यप्रदेश में भी भीषण गर्मी की चुनौती के बीच तीसरे चरण के मतदान ने दस्तक दे दी है। हाल में संपन्न दो चरणों में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में लगातार घटता मतदान भी चुनावी रण में उतरे दिग्गजों के साथ राजनीतिक दलों के लिए चुनौती बन सकता है। मध्यप्रदेश में तीसरे चरण में नौ लोकसभा सीटों मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, राजगढ़, विदिशा, सागर, भोपाल और बैतूल में सात मई को मतदान होना है।

इनमें से तीन सीटें विदिशा, गुना और राजगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चर्चाओं का सबब बनी हुई हैं।

विदिशा से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ध्वज तले चुनाव मैदान में हैं, तो गुना सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ संसदीय क्षेत्र राज्य के एक और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह के भाग्य का फैसला भी तीसरे चरण के मतदान में हो जाएगा। सिंह राजगढ़ से तीन दशक पहले भी सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। वे पिछला लोकसभा चुनाव भोपाल संसदीय क्षेत्र से लड़े, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा हालातों में पार्टी ने उन्हें भोपाल से सटी राजगढ़ से चुनावी मैदान में फिर उतार दिया। राजगढ़ में उनका मुख्य मुकाबला भाजपा के वर्तमान सांसद रोडमल नागर से है। इन दोनों समेत यहां से इस बार 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। विदिशा संसदीय क्षेत्र की राज्य ही नहीं देश के सबसे हाईप्रोफाइल क्षेत्रों में गणना होती है। यहां से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी चुनाव जीत चुके हैं। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज भी यहां से सांसद रह चुकी हैं। भाजपा ने अपने इस गढ़ से इस बार एक बार फिर चौहान पर भरोसा जताया है, जो यहां से पहले भी सांसद रह चुके हैं। उनका सामना कांग्रेस के सांसद रहे प्रतापभानु शर्मा से है। विदिशा से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं। विदिशा संसदीय क्षेत्र को भाजपा का गढ़ इसलिए भी माना जाता है, क्योंकि इस संसदीय क्षेत्र पर पार्टी के प्रत्याशी बेहद बड़े अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करते रहे हैं।

पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने अपने सामने चुनावी मैदान में उतरे कांग्रेस के दिग्गज नेता लक्ष्मण सिंह को लगभग चार लाख से अधिक मतों से पराजित किया।

इसके बाद पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने यहां रमाकांत भार्गव को उतारा, जिन्होंने कांग्रेस के शैलेंद्र पटेल को लगभग पांच लाख से अधिक मतों से हराया।

# 61 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

**जयपुर।** राजस्थान में दो चरणों में हुए लोकसभा आम चुनाव-2024 में इस बार आठ लोकसभा क्षेत्रों एवं 60 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले ज्यादा वोट डालने में बाजी मारी हैं और बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के घाटोल विधानसभा इलाके में महिलाओं ने सर्वाधिक 82.68 प्रतिशत मतदान किया हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में इस बार लोकसभा चुनाव में दो करोड़ 56 लाख 27 हजार 971 महिला मतदाताओं में से एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 285 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो प्रदेश के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों में इनका 60.72 प्रतिशत मतदान हुआ। महिलाओं का आठ लोकसभा क्षेत्र चूरू, झुंझनूं, सीकर, पाली, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा और राजसमंद में पुरूषों के मुकाबले मतदान अधिक रहा। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में से 61 में महिला मतदाताओं ने पुरूषों से अधिक मतदान किया है। इन क्षेत्रों में महिला और पुरूष मतदाताओं द्वारा किए गए मतदान में 0.06 प्रतिशत से 10.74 प्रतिशत तक अंतर रहा।

# चोरी को अंजाम देने वाला किशोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

एजेंसी शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिले में आनी उपमंडल मुख्यालय में दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला किशोर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आनी के पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर कायथ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़ा गया युवक नाबालिग है। उन्होंने बताया कि आनी में रहने वाली एक महिला प्रतिभा देवी पत्नी केहर सिंह ने पुलिस थाना आनी में 26 अप्रैल को मामला दर्ज करवाया की 24 अप्रैल को एक युवक उनकी अनुपस्थिति में घर मे दिन दहाड़े 11 बजे घुसा। घर में अलमारी में रखे सात हजार रुपये चुराकर फरार हो गया। लेकिन महिला की ननद ने युवक को प्रतिभा के कमरे से आते देखा और युवक को पहचान लिया था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को महिला ने पैसे चुराने वाले युवक की पहचान की और पुलिस ने महिला की शिनाख्त पर युवक को सम्बंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया। आपको बता दें कि आनी में बीते करीब 10 दिनों में ही चोरी के करीब आठ से 10 मामले प्रकाश में आये हैं।

# नरहरदेव मैदान कांकेर में जनसहयोग ने की सफाई

## राजनीतिक आयोजन के बाद आम लोगों के द्वारा किये कचरे को हटाकर की सफाई

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



नगर के नरहरदेव स्कूल तथा इसके मनोहारी ग्राउंड पर कोई सभा अथवा प्रदर्शनी होती है, या कोई अन्य कार्यक्रम होते हैं तो मैदान कचरे का बहुत बड़ा पहाड़ बनकर रह जाता है।

जितनी अधिक भीड़ होती है उतना अधिक कचरा हो जाता है। अंततः इस प्रकार के कार्यक्रमों के बाद साफ़ सफ़ाई कार्य हेतु जन सहयोग समाजसेवी संस्था ही सामने आती है। वर्तमान में भी केंद्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम के बाद कचरा नजर आ रहा था,जिस पर जन सहयोग की नजर पडते ही साफ सफाई की गई।

गत दिनों पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री की सभा के पश्चात भी भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक अजय पप्पू मोटवानी भीड़ द्वारा बिखेरे गए कचरे के निपटान हेतु सक्रिय हुए और विगत दो दिनों से जन सहयोग समाजसेवी संस्था अपने स्वच्छता अभियान के तहत निस्वार्थ भाव से बिना किसी पर दोषारोपण किए अपना कार्य कर रही है। पूरी तरह अच्छी सफ़ाई होने तक एक दिन और लग सकता है। लोग आधा अधूरा नाश्ता, कागज़ अथवा पुट्ठे के डब्बे में छोड़ देते हैं। इसके अतिरिक्त झिल्लियां, पन्नियां, पानी के पाउच, प्लास्टिक के गिलास आदि सभास्थल में आज भी पड़े हुए हैं। जिनका कल अंतिम तौर पर निपटान कर दिया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान में जन के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी सहित सदस्य समाजसेवी जितेंद्र प्रताप देव, प्रवीण गुप्ता, बल्लू राम यादव, करण नेताम ,भूपेंद्र यादव, पप्पू साहू, संत कुमार रजक आदि साथियों की कर्मठ उपस्थिति उल्लेखनीय है। इस अवसर पर एक बार फिर स्वच्छता का संदेश देते हुए अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि शतवर्षीय स्कूल नरहरदेव तथा उसका मैदान काँकेर का गौरव है। हम लोग यहीं पढ़े खेले हैं, इसलिए इसे भीड़ द्वारा गंदा किया जाना दुख देता है । यही कारण है कि हम लोग स्कूल मैदान तथा परिसर को पूर्ण स्वच्छ करने में जी जान से लगे हुए हैं । सुबह स्थल का विशाल टेंट अभी तक हटा नहीं है, उसके सामान तथा उपकरण अब भी पड़े हुए हैं, जिनके कारण सफ़ाई कार्य में बाधा आ रही है। टेंट हट जाने के बाद हमारा स्वच्छता कार्य तेजी से हो सकेगा। आशा करते हैं कि भविष्य में कार्यक्रमों में आए हुए लोग कचरा फैलाने से बचेंगे अथवा निर्धारित स्थानों में लगे हुए डस्टबीन्स का ही प्रयोग करेंगे। जन सहयोग द्वारा भीषण गर्मी में भी किए जा रहे साफ़ सफ़ाई कार्य की प्रशंसा पुलिस , प्रशासन, स्कूल के शिक्षकों एवं छात्रों तथा आम जनता द्वारा निरंतर की जा रही है।

# बुज़ुर्ग मतदाताओं ने मताधिकार की सुविधा पाकर खुशी-खुशी अपने पसंदीदा अभ्यर्थी को किया मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा प्रारम्भ करने के फलस्वरूप शारीरिक रूप से असमर्थ एवं वयोवृद्ध मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के इस अभिनव पहल से आज जिले के कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा के 85 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओ ने आज बड़ी ही सरलता से घर से ही मतदान कर मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपना योगदान दिया। जिला मुख्यालय के दूरस्थ क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा के वनांचल ग्राम साखो की रहने वाली 101 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता दलेश बाई, परवतिया बाई, एवं 102 वर्षीय मोनो बाई पैंकरा ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन वयोवृद्ध मतदाताओं ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में होम वोटिंग के द्वारा मताधिकार का प्रयोग की सुविधा पाकर अपने पसंदीदा अभ्यर्थी को खुशी खुशी वोट किया। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दलेश बाई ने बताया कि होम वोटिंग की सुविधा उम्रदराज मतदाताओं के लिए बहुत ही लाभदायक है। शारीरिक रूप से कमजोर एवं वृद्धावस्था के चलते चलने-फिरने में सक्षम नहीं होने के कारण वह मतदान दिवस को पोलिंग बूथ पहुँचकर वोट डालने में असमर्थ थी, निर्वाचन आयोग के इस सराहनीय प्रयास से वह अपने मत का उपयोग करने में सक्षम हुई। इसी प्रकार परवतिया बाई ने उम्र की इस पड़ाव में आयोग द्वारा उनके मौलिक अधिकार को उन तक पहुचाने के सार्थक कदम को सराहा। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग की सुविधा के कारण उन्हें आज वोट डालने का अवसर मिला है। 102 वर्षीय मोनो बाई ने भी कहा कि विपरित परिस्थितियों के बावजूद भी आज उन्हें वोट देने का मौका मिला। वे शारीरिक कमजोरी के कारण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकने में असमर्थ थी। भारत निर्वाचन आयोग के इस कारगार व्यवस्था के कारण कठिन स्थिति में भी आज उन्हें अपने मत देने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह सुविधा उनके जैसे अनेक चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए अत्यंत फायदेमंद साबित होगा। इस हेतु सभी बुजुर्ग मतदाताओं ने भारत निर्वाचन आयोग के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही आमजनों से मतदान दिवस को मत देकर राष्ट्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

# शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम को किया गया सील

- 4 जून को होगी मतगणना, कड़ी सुरक्षा में ईवीएम को रखा गया

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात ई.व्ही.एम. मशीनों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव स्थित स्ट्रांग रूम में जमा करने के बाद सील किया गया। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतागढ़ एवं पखांजूर में बनाए गए वितरण व संग्रहण केन्द्र में जमा किए गए मतदान सामग्री को कड़ी सुरक्षा में परिवहन कर नाथियानवागांव के स्ट्रांग रूम में लाया गया। इसके पश्चात शाम को कांकेर लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम. टी. रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तीनों विधानसभा के स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम को सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में रखा गया है। स्ट्रांग रूम को मतगणना के दिन 4 जून को खोला जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, अंतागढ़ एसडीएम एन.के. बंजारा तथा ई.व्ही.एम. की नोडल अधिकारी आस्था बोरकर सहित निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अष्टम प्रहर हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

बंगीय कल्चरल एसोसिएशन द्वारा बंगाली कैम्प दुर्गा मंदिर परिसर मे अष्टम प्रहर व्यापी हरिनाम लीला संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया। शनिवार सुबह 6 बजे से हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जिसमें बीणापानी सम्प्रदाय, नदिया, भाई बुन सम्प्रदाय कोलकाता, श्यामसुंदर सम्प्रदाय उमरकोट, बाबा लोकनाथ सम्प्रदाय मलकानगिरी के कीर्तन दल द्वारा रात भर हरिनाम भजन संकीर्तन भजन गान किया गया एवं रविवार सुबह संकीर्तन का समापन हुआ। तत्पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु सम्मिलित हुए तथा दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।





# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के मतदाताओं और चुनाव कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति माना आभार

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार 26 अप्रैल को जिले में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान के उपरांत सभी 727 मतदान केन्द्रों में वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न कराने के उपरांत ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में जमा करा दी गई है। लोकसभा निर्वाचन के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जिले के 05 लाख 62 हजार 688 मतदाताओं में से 04 लाख 27 हजार 955 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो कि डाले गए कुल मतों का 76.06 प्रतिशत है। जिले के मतदाताओं के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आभार प्रकट किया है। उन्होंने लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले सभी मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कांकेर जिले में पहली बार संसदीय निर्वाचन में इतना अधिक मतदान हुआ है, जिसके लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सब मतदाताओं के दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति का ही सुखद और सकारात्मक परिणाम है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगे कहा कि दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी अधिक मतदान होना इस बात को और पुख्ता करता है कि लोकतंत्र पर उनका अटूट विश्वास है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) चलाया गया। इसके तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी बूथ, दिव्यांग बूथ, ईको ग्रीन बूथ बनाए गए, जिसके अनुकूल व सकारात्मक परिणाम सभी के समक्ष हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ने में भी बीएलओ की भूमिका सर्वाधिक प्रशंसनीय रही, क्योंकि मतदाताओं को जागरूक करने मैदानी स्तर पर अथक् प्रयास किया। लोकसभा कांकेर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सतत् मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ। इसी तरह निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष रूप से जुड़े मतदान अधिकारियों, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर, ए.आर.ओ., एफ.एस.टी., एस.एस.टी, वी.एस.टी., वी.वी.टी., एल.एम.टी. सहित निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल, एम.सी.सी., एम.सी.एम.सी., नियंत्रण कक्ष में दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, सुरक्षा की कमान संभालने वाले पुलिस, अर्द्धसैनिक बल एवं सेंट्रल फोर्स के जवानों के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया है, जो दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी जान जोखिम में डालकर अपनी जिम्मेदारी शिद्दत के साथ निभाई। बूथ स्तर पर बी.एल.ओ., कोटवार, वनरक्षक, नगर सैनिक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित मतदाता मित्र के रूप में पूरे समय सहयोग देने वाले स्काउट गाइड्स, रेडक्रॉस सोसायटी, एन.एस.एस. और एन.सी.सी. के वॉलेंटियर के अलावा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने वाले सभी लोगों के प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी ने आभार प्रकट किया है।



# मणिपुर और तेलंगाना के बीच द्वितीय क्वार्टर फाइनल

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के द्वितीय चरण के ग्रुप मैच में अ-ग्रुप से मणिपुर और एच-ग्रुप से तेलंगाना ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। दिनांक 25 अप्रैल को मणिपुर ने ओडिशा के साथ ड्रा करके क्वार्टर फाइनल जगह बना लिया था और 26 अप्रैल को सुबह खेले गए रोचक मुकाबले में तेलंगाना ने सिक्किम को 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तेलंगाना के पी साई यशवंत को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अब 28 अप्रैल दिन रविवार सुबह 7.30 बजे द्वितीय क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा। वही 26 अप्रैल दिन शुक्रवार को दूसरा मैच अंदामान-निकोबार और बिहार के बीच द्वितीय चरण के अंतिम लीग मैच के रूप में खेला गया, जिसमें बिहार ने 5 - 0 से अंदामान को हराकर ग्रुप-एच में तृतीय स्थान पर रहा। बिहार के प्लेयर आकाश सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड दिया गया।



**छत्तीसगढ़ मेन्स फुटबॉल लीग 2024**

तृतीय छत्तीसगढ़ फुटबॉल लीग का एक मैच आज 27 अप्रैल दिन शनिवार को आर.के.एम. फुटबॉल अकादमी का तीसरा लीग मैच रोवर्स फुटबॉल क्लब, भिलाई के साथ सुबह 7.30 बजे रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के फुटबॉल मैदान में खेला जाएगा।

## कलेक्टर, डीएफओ, सीईओ, नगर निगम आयुक्त सहित आम नागरिकों ने साइकल चलाकर मतदाताओं को किया प्रेरित

# मतदाताओं को जागरूक करने शहरवासियों में दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा के मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने स्वीप अन्तर्गत गतिविधियां जिला प्रशासन द्वारा निरंतर संचालित की जा रही है। इसी कड़ी में आज साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधू सम्मेलन, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला, एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक, फ्लैशमॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस आदि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत सहित जिले सभी अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के आम नागरिकों, युवाओं तथा विद्यार्थियों ने साइकल रैली सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान शहरवासियों में मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने शपथ दिलाकर सभी को 07 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करने की अपील की। सीएसईबी ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर वसंत ने कहा कि हमें संविधान से मतदान करने का अधिकार मिला है। हम अपने अधिकारों का प्रयोग करके जैसा समाज व सिस्टम चाहते हैं, देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहते हैं तो मतदान अवश्य करना चाहिए। भले ही चुनाव 05 साल में एक बार आता है लेकिन यह हम सभी के लिए बहुत महत्व रखता है। कलेक्टर ने कहा कि शहरी मतदाता भी इसे अपना अधिकार व कर्तव्य मानते हुए घर से बाहर निकलें और अपने पसंद का उम्मीदवार चुनें। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता-पिता एवं घर परिवार के सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित करें। नगर निगम आयुक्त ममगाई ने कहा कि हम स्वयं मतदान करने के साथ ही घर के सभी मतदाताओं को भी जागरूक बनाएं और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान स्वीप अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महिला संगठनों को बैच लगाकर सम्मानित भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से कलेक्टोरेट परिसर से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड तक सायकल रैली निकाली गई। सायकल रैली में कलेक्टर अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी रेणू प्रकाश, उप संचालक कृषि अजय अनंत, डीईओ टी. पी. उपाध्याय, सीएसपी रविन्द्र मीणा, प्राचार्य डॉ. साधना खरे, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल सहित जिला प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, नगर पालिक निगम सहित शहर के युवाओं विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने अपनी भागीदारी दी। इसी तरह समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड से सीएसईबी चौक होकर वापस फुटबाल ग्राउंड तक दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, तृतीय लिंग के द्वारा रैली निकालकर जिले के मतदाताओं को अपना कीमती वोट अवश्य डालने की अपील की गई। कलेक्टर द्वारा हरी झंडी दिखाने के पश्चात् दिव्यांगजनों ने ट्राइसाइकल के माध्यम से रैली निकालकर सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया। साइकल रैली में 150 से अधिक और दिव्यांगजन रैली में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा एसडीएम कोरबा से लिखित अनुमति ली गई थी।



**मेहंदी और रंगोली से झलका जागरूकता का संदेश, नववधूओं ने भी किया मतदान के लिए प्रेरित-** महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नववधूओं एवं महिलाओं, युवतियों द्वारा मेंहदी, रंगोली के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने, मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। हाथों में आकर्षक मेंहदी रचाकर और मतदाताओं को प्रेरित करने वाले रंगोली बनाये गये। स्वीप अंतर्गत मतदाताओं के मनोबल को बढ़ाने और उन्हें मतदान के लिए आगे आने का संदेश देने वाली आकर्षक रंगोली ने सबको आकर्षित किया।

# चरण स्पर्श, चापलूसी, परिक्रमा लगाकर पार्टी में स्थापित होने तथाकथित भाजपा नेता कर रहा असफल प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं का लगातार चरण स्पर्श, चापलूसी और परिक्रमा लगाकर पार्टी में अपने आप को स्थापित करने का प्रयास कर रहे तथाकथित भाजपा नेता को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि जबसे यह तथाकथित नेता पार्टी में आना-जाना प्रारंभ किया है, तबसे लगातार वरिष्ठों को अपमानित करना, अपने आप को भाजपा के बड़े नेताओं का खासमखास बताकर शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप करना, यहां तक कि पार्टी का कोई भी कार्यक्रम अथवा चुनाव हो, यह सिर्फ फोटो खिंचवाकर अपने आप को हाईलाईट करने में लगा रहता है। एक तरफ भाजपा लगातार वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान की बात करती है वहीं उनके ही एक तथाकथित नेता द्वारा वरिष्ठों के साथ किये जा रहे व्यवहार से पार्टी के लोग व्यथित हैं। इन्होंने यह भी कहा कि इस नेता पर लगाम नहीं कसा गया तो पार्टी को बड़ा खामियाजा उठाना पड़ सकता है। गौरतलब रहे कि भारत को विश्व नक्शे पर शीर्ष स्थान पर लाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गत 23 अप्रेल को धमतरी के श्यामतराई में आगमन हुआ। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ साथ युवाओं ने भी जोशीला स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें से किसी ने भी पिछवाड़े की राजनीति नहीं की। लेकिन एलियन, मोगली, हेरी पॉर्टर के नाम से मशहूर तथाकथित नेता द्वारा कार्यक्रम स्थल के पीछे से जाकर उनसे मुलाकात किया गया, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्यक्रम में जनसंघ से भाजपा तक जुड़े नेताओं ने अपने प्रिय प्रधानमंत्री को देखकर राहत की सांस ली किंतु ऐसा दिखावे की राजनीति नहीं की। जबकि उक्त तथाकथित नेता ऐसे अवसरों का लाभ लेते हुए प्रदेश के अधिकारियों पर अनावश्यक दबाव डालकर शासकीय कार्य हथियाना चाहता है। इस नेता की यह आदत शुरू से रही है



कि राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर के नेताओं, मंत्रियों के ईर्दगिर्द आकर चरण स्पर्श कर परिक्रमा लगाना और अपना फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया में वायरल किया जाना ही इसका प्रमुख कार्य है। लेकिन धमतरी जिले के लिये आज तक इनके द्वारा कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल नहीं की है। प्रधानमंत्री मोदी 23 अप्रेल को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धमतरी पहुंचे थे। इनके आगमन को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा उनके स्वागत हेतु कोई कसर नहीं छोड़ी गई और न ही इन्होंने कभी ऐसा किया कि वे मंत्रियों के साथ अपनी फोटो को वायरल कर अपने नेता होने का सबूत दें। परंतु पूर्व में विपपार्टियों में रहने वाले इस तथाकथित भाजपा नेता की कार्यशैली को लेकर पार्टी के अंदर ही अनेक ऐसे लोग हैं जो नाराज चल रहे हैं। इस नेता के बारे में कांकेर जिले के भी कुछ मजदूरों ने इनके विरूद्ध पैसा भुगतान न करने का रिपोर्ट भी किया गया था। इन मजदूरों ने इस भाजपा नेता पर कार्य कराने के बाद पैसे के लिये चक्कर खिलाने का आरोप लगाया और हताश होकर अपने काम का भुगतान लेने के लिये पुलिस में रिपोर्ट भी किया। यह मामला काफी तूल भी पकड़ा था। बाद में इस मामले को रफा दफा करने में उसने महारथ हासिल कर ली। आश्चर्य की बात तो यह है कि कुछ माह पूर्व हुए प्रदेश के विधानसभा चुनाव में स्वयंभू तथाकथित भाजपा नेता जो मीडिया मैनेजमेंट में भी काफी माहिर माना जाता है, अपनी काली करतूतों को छुपाने के साथ साथ चुनाव में एक सर्वे मैनेज कर यह दावा किया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग उसे विधायक के रूप में देखना चाहते हैं जबकि जमीनी हकीकत यह है कि उक्त नेता अपने वार्ड में पार्षद पद के लिये चुनाव लड़कर जीतने का माद्दा भी नहीं रखता, और सांसद, विधायक बनने का मुंगेरीलाल का हसीन सपना देखता है जिसकी जिले में जमकर चर्चा है। पिछले वर्ष जब नगर निगम का पार्षद उपचुनाव इस तथाकथित नेता के वार्ड में हुआ था तो वहां से अपने नेतागिरी का दावा करते हुए इसने जीत का दंभ भरा था। लेकिन यहां के उपचुनाव में उसी वार्ड के लोगों ने इस तथाकथित नेता की कोई अहमियत नहीं समझी और कांग्रेस पार्षद को जिता दिया। यही नहीं इस व्यक्ति के द्वारा अन्य शासकीय कार्यालयों में भी कार्य हासिल किया गया था जिसमें भारी त्रुटि की गई थी। इसी वजह से जब अधिकारी इसे काम देने में आनाकानी करने लगे तो इसने अपने परिचित लोगों से देश एवं प्रदेश के नामचीन नेताओं का फोटो को प्रचारित किया और उसे लेकर उक्त कार्यालयों में जाकर धौंस जमाया जिसके चलते अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि भविष्य में जब काम निकलेगा तो हम आपको जरूर खबर करेंगे। शहर के नागरिकों का यह भी कहना है कि यदि देश के चोटी के नेताओं से इनकी खास जमती है तो वह शहर के लिये मेडिकल कॉलेज जैसे मांगों को पूर्ण कराने में मदद करें, तब जिले की जनता मानेगी कि इनका सिक्का राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के नेताओं पर चलता है किंतु इतने वर्ष गुजर गये, अब जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हैट्रिक दिलाने की भाजपाईयों ने शपथ ली है, ऐसे में इस नेता को चाहिये था कि वे धमतरी जिले के दौरा अवसर पर मेडिकल कॉलेज, ट्रांसपोर्ट नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज या कोई बड़ा उद्योग जिसमें जिले के बेरोजगारों को नौकरी मिलती, इन जैसे मांगों की घोषणा करवाते तो कोई बात बनती और इससे धमतरी जिले के दो लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों को इसका भारी लाभ मिलता और वे अपने मकसद में कामयाब हो जाते। बताया जाता है कि भाजपा में वर्ष 2018 से 2023 तक इस नेता के बोल से भाजपा नेत्रियों में काफी बवाल मचा था जिसकी शिकायत जिले के पूर्व अध्यक्ष से भी इन लोगों ने कहते हुए इस नेता के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की थी। चूंकि मामला पार्टी स्तर का था, इसलिये पूर्व अध्यक्ष ने महिलाओं को समझाईश दी और कथित नेता को ऐसे टिप्पणी नहीं करने की सलाह दी। तबसे इस नेता के द्वारा खामोशी अख्तियार कर ली गई थी। लेकिन अब फिर से वही कार्यशैली अपनाई जा रही है और वरिष्ठों को नजरअंदाज कर इस नेता द्वारा स्वयंभू नेता बनने के चक्कर में पार्टी के वरिष्ठों ने इस प्रक्रिया पर अपनी आपत्ति जताई जिससे पार्टी के सक्रिय एवं जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इन्होंने कहा है कि अनुशासन के नाम पर भाजपा की मिसाल दी जाती है। लेकिन जब वरिष्ठों को नजरअंदाज कर ऐसे लोगों को मंच एवं प्रधानमंत्री के समक्ष पहुंचकर वाहवाही लूटने की प्रक्रिया पर विराम लगाना चाहिये ताकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं में तालमेल बना रहे। इस नेता के इस प्रकार के व्यवहार से पार्टी के अंदर भी भारी नाराजगी है। पार्टी के नेताओं ने राजधानी में बैठे नेताओं से पंजाछाप मानसिकता के इस बड़बोले नेता पर लगाम कसने की मांग की है।

## स्वयंसेवकों ने दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं का किये सहयोग

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक के मतदान केंद्रों में बुजुर्गों व दिव्यांगों ने भी बढ़-चढ़कर मतदान में अपनी सहभागिता निभाई। सुबह से ही बुजुर्गों ने संबंधित केंद्रों में पहुंचकर मतदान किया। भीषण गर्मी के मद्देनजर मतदान केंद्रों में प्रशासन द्वारा छांव की व्यवस्था की गई।साथ ही पानी व पेय पदार्थ भी दिया जा रहा था। इसी क्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा एस आलोक जिला स्वीप के निर्देशानुसार तथा डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन में एवं प्राचार्य अनिता पटेल डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दिशा निर्देश व कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में मतदाता मित्र के रूप में कार्य किये। स्वयंसेवकों ने दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डालने सहयोग किये। साथ ही उनको सुविधा उपलब्ध कराने में मदद किये। मतदाता मित्र के रूप में सलडीह, बलौदा, कुसमीसरार, कोटद्वारी, बेलमुंडी, घुंचापाली, देवलभांठा आदि मतदान केन्द्रों में सहयोग कार्य किये।

# दो दिनों के भीतर जिले को हासिल हुई एक और बड़ी उपलब्धि

### 21 हजार स्वीप दीपोत्सव समारोह के लिए जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स से हुआ सम्मानित



### 8 वीं बार गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड्स में नाम दर्ज कराने वाला जिला बना बलौदाबाजार भाटापारा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत स्वीप नोडल अधिकारी दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को आज पुनः बड़ी उपलब्धि मिली है। जिसके तहत 17 अप्रैल को आयोजित जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत 21 हजार स्वीप दीपोत्सव समारोह के लिए जिला प्रशासन को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स अवार्ड प्राप्त हुआ है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के सभी विभागों के द्वारा संपन्न किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा चैलेंज को स्वीकार करते हुए आज जिला मुख्यालय जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम रावन स्थित अंबुजा विद्यापीठ में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस आवार्ड के स्टेट प्रतिनिधी सोनल शर्मा ने अपने हाथो से कलेक्टर के एल चौहान को प्रोविजनल सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही कल ही 2 लाख 1 हजार महिलाओं द्वारा लिखें गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ के लिए जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड्स से नवाजा गया था। जबकि इस तरह पूर्व भी जिले को 7 गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड मिल चुका है। इस सम्मान के साथ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा 8 वीं बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में नाम दर्ज कराने वाला जिला बन गया है जो जिलेवासियों के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, भाटापारा एसडीएम नितिन तिवारी,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती,जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, तहसीलदार चित्ररेखा चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर के एल चौहान के द्वारा ट्रेनिग में पहुंचे अधिकारी कर्मचारी को शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प भी दिलाया गया। इस मौके पर सभी कोतवाल, पटवारी,आर आई, पंचायत विभाग के कर्मचारी सहित स्कूल शिक्षा विभाग,प्रशिक्षण में आएं अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर के एल चौहान ने कहा हमने रिकॉर्ड के नाम से यह कार्यक्रम आयोजित नही किया था बल्कि जागरूकता हेतु हमने यह कार्यक्रम किया था। पर बाद में इस तरह के कार्यक्रम नही होना पता चला तब इसको चैलेंज किया गया जो स्वीकार हो गया। उक्त आयोजन को बेहद सफ्ल बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को सहित सभी अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दिए। उन्होनें कहा कि आप सभी का मेहनत रंग लायी। आप सभी ने बहुत मेहनत कर इस उपलब्धि को हासिल किए। आगे भी भविष्य में इस तरह मेहनत कर समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करते है। जिले में वोटर टर्न आउट बढ़े इस पर सब को मेहनत करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि पूर्व में जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा को 7 विभिन्न वर्गों में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हो चुका हैं। इस तरह अब जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा 7 गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स बना लिए है। पूर्व में 11 जून 2022 को आयोजित सर्वाधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ सफाई हेतु पुरूस्कार प्रदान किया गया है। जिसमे कुल 52 हजार 693 लोग एक साथ एक समय में शामिल हुए थे। इसी तरह हेलमेट जागरूकता के लिए 1 जुलाई 2022 को नियमित हेलमेट पहनने वालो का सबसे बड़ा सम्मान समारोह जिले के विभिन्न स्थानों में किया गया। जिसमें 5 हजार 204 लोगो का सम्मान करने हेतु गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड का पुरुस्कार प्राप्त हुआ है। साथ ही हेलमेट जागरूकता के लिए सबसे बड़ी रैली का आयोजन जिसमे एक स्थान पर 272 तथा जिले में विभिन्न स्थानों में कुल 7 हजार 263 लोग शामिल हुए जिसकों भी गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकाड्र्स बनाने का पुरुस्कार प्रदान किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर 2023 को जिले के 7 सौ से अधिक स्थानों में सवा लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था। हस्ताक्षर अभियान महिला सशक्तिकरण बेटी है तो कल है, मतदान ही सही विकल्प है एवं स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान थीम पर आयोजन किया गया था। इसी तरह हाल में ही स्वीप के तहत 12 अप्रैल को 25 किलो मीटर लंबी ट्रैक्टर रैली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स से सम्मानित हुआ। साथ ही 27 अप्रैल को ही 2 लाख 1 हजार महिलाओं द्वारा लिखें गए स्वीप पोस्ट कार्ड शपथ के लिए जिला प्रशासन गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित हुआ था।


## गुरुजी सेवा समिति ने किया गार्डन चौक में प्याऊ घर की शुरूआत




पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नर सेवा ही नारायण सेवा है और पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्तव्य है इसी धेय्य के साथ बलौदा बाजार जिले में काम करने वाली श्री गुरुजी सेवा समिति द्वारा लगातार बढ़ती भीषण गर्मी में बलौदाबाजार नगर के गार्डन चौक और बस स्टैंड में लोगों के प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर की शुरुवात किया गया। इसके साथ ही भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी पिलाने के लिए लोगो निः शुल्क मिट्टी के बर्तन बॉटकर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवशर पर समिति के अध्यक्ष खोडस राम कश्यप उपाध्यक्ष राजनारायण केशरवानी सचीव शालीन साहू सह सचीव रघुनंदन बघमार, शिवशंकर अग्रवाल, नुतन सेन, रूद्र चन्द्रवंशी,मनु वर्मा माखन लाल वर्मा,सुशील सराफ संतोष चक्रधारी, नारायण चन्द्राकर, अविनाश मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा सडक दुर्घटना में घायल



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा रविवार को धमतरी में बुलेट से जाते वक्त सडक दुर्घटना के शिकार हो गये। जिसमें रोहरा के होंठ में चार टांके लगे हैं वे खतरे से बाहर हैं। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा (जगदीश रोहरा) रविवार को दोपहर 12 बजे अपनी बुलेट में सवार होकर धमतरी के अम्बेडकर चौक से रूद्री की ओर जा रहे थे तभी सेंट मैरी स्कूल के सामने तेज रफ्तार से आ रही मोटर सायकल चालक को बचाने के दौरान प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा बुलेट के स्लिप होने से नीचे गिर गये। घटना में रोहरा के होंठ कट गये। इसके अलावा माथे व हाथ में हल्की चोंटे आई हैं। घटना के बाद आसपास खड़े लोगों ने रोहरा को लहूलुहान हालत में उपचार के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां होंठ में चार टांके लगाये गये। सिटी स्केन समेत अन्य उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। रोहरा महालक्ष्मी ग्रीन निवास में आराम कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पताल और उनके घर में मिलने वाले लोगों की भीड़ लगी रही। रोहरा ने कहा कि लोगों के आशीर्वाद उनके साथ रहा जिसके कारण उन्हें कोई बड़ा जख्म नहीं पहुंचा।

## गर्भवती महिला जिला अस्पताल ला रहे थे कि रास्ते में एंबुलेंस में हुआ डिलीवरी, जच्चा बच्चा स्वस्थ



### रक्तदान समुह की थी एम्बुलेंस

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

रविवार सुबह रक्तदान एम्बुलेंस ग्रुप के एंबुलेंस से गर्भवती महिला को जिला अस्पताल लाया जा रहा था कि शहर पहुंचने के बाद घड़ी चौक के पास दर्द बढ़ा और महिला का एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया। महिला को बेटी हुई है जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। बताया गया कि ग्राम गोपालपुरी के धर्मेंद्र साहू की पत्नी इशा साहू गर्भवती थी। अस्पताल लाने के लिए रक्तदान ग्रुप के सदस्य पप्पू साहू के एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। एंबुलेंस में महिला की सास परमा बाई साहू और मितानिन चूड़ामणि देवदास मौजूद थी। शहर पहुंचने के बाद घड़ी चौक में दर्द बढ़ा गया। मितानिन और सास के सहयोग से एंबुलेंस में ही प्रसव किया गया। ईशा को बेटी हुई है, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रस्ताव के बाद दोनों को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। रक्तदान ग्रुप के शिवा प्रधान ने बताया कि एंबुलेंस सेवा संस्था लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सभी सदस्य एंबुलेंस के क्षेत्र में अपना विशेष सहयोग देकर मानवता का परिचय दे रहे हैं।

## मीडिया कर्मियों के मोर्चा खोलने के बाद जिला प्रशासन आया हरकत में





पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

पायनियर
खबर का असर

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा छत्तीसगढ़ में रेत के अवैध खनन ,सड़कों का हाल बेहाल, गॉव की गलियों का हाल बेहाल सहित मीडिया कर्मियों को रेत के अवैध खनन में लिप्त तस्करों द्वारा मारने पीटने की धमकी का मामला सुर्खियों में पहले पायदान पर बना हुआ है।जिसकी शिकायत मीडिया कर्मियों ने 26 अप्रैल को जिला प्रशासन जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत देकर तिल्दा में रेत का अवैध खनन, परिवहन बन्द कराए जाने की मांग सहित नियमित तिल्दा में एक या दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की मांग सहित मीडिया कर्मियों को मारने पीटने गाड़ी के चक्के में दबाने की धमकी देने वाले रेत तस्करों, जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किये गए थे जिसको प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए 27 अप्रेल से नियमित एक कर्मचारी की तैनाती किये जाने की खबर है वहीं पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार ने मीडिया कर्मियों के साथ हुई घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी लवन को रेत तस्करों के खिलाफकार्रवाई किये जाने का आदेश जारी करने की जानकारी मीडिया कर्मियों को प्राप्त हो रहा है।अब देखना यही होगा थाना लवन के जनहितैषी कर्तव्यनिष्ठ बेदाग छवि के थानेदारों में शुमार केसर पराग मीडिया कर्मियों को धमकाने वाले रेत तस्करों, दागी एवं अपराधिक छवि के जनप्रतिनिधियों को थाना में तलब कब करते हैं फिलहाल मीडिया कर्मियों को जिला प्रशासन, कलेक्टर, एस पी, थाना प्रभारी लवन एवं वर्तमान भाजपा सरकार से न्याय की शत प्रतिशत विश्वास है।उक्त मामले में मीडिया कर्मियों के पहल उपरांत आए सकारात्मक परिणाम पर चर्चा करते हुए योगेश कुमार सिंघम पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष एवं वर्तमान सरंक्षक प्रेस क्लब लवन ने कहा कि मीडिया जगत के विभिन्न संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों का दखल मीडिया कर्मी लवन के सभी लोगों का मेहनत के कारण आज सच्चाई की पुनः जीत हुई।यह आदेश संगठन की जीत है।संघठन की ताकत ही सच्चाई की जीत का मिशाल है।श्री सिंघम ने आगे कहा कि आगे अभी अन्याय के विरुद्ध लड़ाई और बाकि है सभी को मिलकर लड़ना है और मीडिया कर्मियों को धमकी देने वाले रेत तस्करों एवं दागी छवि के जनप्रतिनिधियों को सलाखों के पीछे भेजना है।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद की जनता ने अपना निर्णय ईवीएम में किया दर्ज : रूपकुमारी चौधरी

### जनता.जनार्दन ने विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ के लिए भाजपा के पक्ष में किया भारी संख्या में मतदान

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता ने विकसित भारत .विकसित छत्तीसगढ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसग? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदम से कदम मिलने को तैयार है। छत्तीसगढ की जनता अब कांग्रेस की घोर जनविरोधी नीतियों



और पाखंडपूर्ण राजनीति से पूरी तरह मुक्ति चाहती है। भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार प्रसार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की रीति.नीतिए कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लेकर व्याप्त आक्रोश मतदान के जरिए व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह दो टूक संदेश दे दिया है कि वह अब कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगाए इसमें कोई दो राय नहीं है। चौधरी ने कहा कि हमारे पास सशक्त नेतृत्व है, मजबूत संगठन है। पिछले 10 साल का देश में काम करने का मोदी जी का ट्रैक रिकॉर्ड है और आने वाले 25 सालों के लिए 2047 के विकसित भारत का विजन। वहीं कांग्रेस के पास ना नेतृत्व हैए ना संगठन है, ना ट्रैक रिकॉर्ड है और ना ही विजन। इसलिए श्री मोदी के नेतृत्व पर महासमुंद की जनता ने मुहर लगाई है। शुक्रवार को हुए मतदान के बाद यह साफहो गया है कि श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद की जनता जनार्दन ने अपना निर्णय ईवीएम में दर्ज कर दिया है। चौधरी ने कहा कि प्रदेशभर में मतदान के द्वितीय चरण में जनता की बढ़दृचढ़कर की गई भागीदारी कांग्रेस और इंडी ठगबंधन के प्रति जनाक्रोश की अभिव्यक्ति का प्रमाण पत्र है।

## आदतन अपराधी विमल अजय निवासी ग्राम गोरधा को किया गया जिलाबदर

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल/लवन
www.dailypioneer.com



आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के आदतन अपराधी विमल अजय पिता मोहर साय उम्र 25 साल निवासी ग्राम गोरधा थाना कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर कर दिया गया है। सांथ ही अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत दाण्डिक प्रकरण क्र. 202310210100007 में पारित आदेश 24.04.2024 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। जिला बदर आरोपी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं।

## केआर मुखर्जी का निधन



**सरायपाली।** शिक्षक के आर मुखर्जी का निधन हो गया है।वे लम्बे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। राजधानी रायपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम सिंघनपुर में किया गया। उसके पिछे दो पुत्र छोड़ गए हैं।

# 20 साल से आंगनवाड़ी भवन अपूर्ण पीएम आवास के एक रूम और पोर्च मे 54 बच्चे आहार लेने को मजबूर

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com







3 से 6 साल के बच्चों को पक्की छत मिल सके इसके लिए देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोहरापदर के आश्रित ग्राम तुवासमाल में वर्ष 2004 में आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत दिया गया लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते 20 साल बाद भी भवन पूरा नही हो पाया सिर्फ आधा अधूरा दीवाल खड़ा कर छोड़ दिया है जिसका खामियाजा 3 से 6 साल के बच्चों सहित गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ रहा है क्योंकि आगनबाडी केंद्र गांव के ही जोगेश्वर सोनवानी के पीएम आवास के एक रूम और पोर्च पर संचलित हो रहा है और यह रूम में एक साथ बच्चो को बिठाना लगभग नामुमकिन होता है बाबजूद इसके ना सरपंच सचिव की ओर से भवन पूर्ण कराने में जोर दिया और ना जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई पहल किया शायद यही वजह है कि छोटे छोटे बच्चें भेड़ बकरी को तरह पीएम आवास पोषण आहार खाने को मजबूर है सबसे ज्यादा बच्चे वर्तमान परेशान हैं क्योंकि तपतपती धूप से इन दिनों घर से निकलना मुश्किल हो गया है बिना बिजली पंखा के आवास में बच्चों की हालात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है जिससे विभागीय अधिकारी भी भली भांति अवगत हैं मगर अफसोस की बात है की आज भी आंगनबाड़ी भवन निर्माण शुरू तो दूर की बात झाड़ पेड़ पौधा से घिरा भवन को साफतक नही किया है जबकि तुवासमाल के ग्रामीणों की ओर से शिकायत दर्ज कराने की स्तिथि में आज कल मे आंगनबड़ी भवन निर्माण शुरु करने का खोखला आवश्वासन दिया जाता है।

**यह होती है परेशानी** : आंगन बाड़ी कार्यकर्ता के अनुसार पीएम आवास में बच्चों को पोषण आहार देना तो मुश्किल होता है ऐसे शासकीय कार्यक्रम गर्भवती महिलाओं को भी आने मे परेशानी हो रहा है इसके अलावा पीएम आवास के समीप जगह ही नहीं है ऐसे में कार्यक्रम भी नही हो पाता पीएम आवास मिलने से पहले तो पेड़ के नीचे स्कूल प्रांगण में बच्चो को पोषण आहार खिलाना मजबूरी हो गया था फिर भी भवन निर्माण में कोई गति देखने को नही मिला और जिम्मेदारों की सुस्ती देख आंगनबाड़ी भवन समय पर मिलना मुश्किल नजर आता है और वर्तमान में पीएम आवास पर ना ठीक से पढ़ाई हो पाती हैं और ना एक साथ बिठाकर भोजन कराया जा सकता है और ऐसे तमाम वस्तु स्तिथि से सभी अवगत हैं बावजूद इसके पिछ्ले कई साल से एक भी ईट का काम नही हो पाया।

**भवन खंडर में तब्दील**: वर्षो से अपूर्ण भवन अब खंडर में तब्दील दिखाई पड़ रहा है ईट टूट फूट कर नीचे धर्रासाही हो रहा है साथ ही मजबूती पर भी प्रभाव देखने को मिल रहा है जिसे देख ग्रामीण साफ़साफ़कह रहे हैं कि यह आंगनबाड़ी भवन खंडर में तब्दील हो चुका है और यह स्तिथि रही तो आने वाले दिनों में भवन निषत नाबूत हो जाएगा क्योंकि भवन निर्माण के दौरान से आज तक पानी की बूंद नही डाला है इससे भवन के स्तिथि का अंदाजा लगाया जा सकता है ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पंचायत प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय अधिकारियों से बिलकुल भी उम्मीद नही है की वह 3 से 6 साल के बच्चों को समय सीमा में छत दे इसलिए कलेक्टर से मुलाकात कर जल्द से जल्द आंगनबाडी भवन को पूरा करने आवेदन देने की बात कही जा रही है।

# एक मई को पंडरापाठ में चुनावी सभा लेगें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



1 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जशपुर विधानसभा क्षेत्र के पंडरापाठ में चुनावी सभा लेगें। मुख्यमंत्री की इस सभा की तैयारी के सिलसिले में भाजपा के बिलासपुर संभाग के कलस्टर प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने सन्ना और सोनक्यारी मंडल में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होनें कार्यकर्ताओं को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 1 मई को पंडरापाठ पहुंच रहें हैं। यहां वे एक चुनाव सभा में शामिल होगें। इस चुनावी सभा को ऐतेहासिक बनाने के लिए, कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए, राय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जशपुर के माटीपुत्र है। वे पंडरापाठ की धरती में मुख्यमंत्री बनने के बाद,पहली बार पहुंच हैं। इसलिए,जशपुर के इस लाल का,ऐतेहासिक स्वागत करना,हम सबका दायित्व है। उन्होनें कहा कि चार माह के छोटे से कार्यकाल में मुख्यमंत्री साय ने किये गए वादों एवं मोदी की गारंटी पूरा करने के साथ ही जशपुर जिले को कृषि महाविद्यालय, पांच नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सौगात दे चुके हैं। बीते चार माह के दौरान,पांच एंबुलेंस, 7 मुक्तांजली वाहन का सौगात दे चुके हैं। विष्णुदेव साय सरकार के ये कार्य तो अभी ट्रेलर मात्र है। आने वाले साढ़े 4 साल में जशपुर जिला, छत्तीसगढ़ के अग्रणी शहरों में शामिल होगा। जशपुर के विकास को नई उंचाई पर ले जाने वाले जशपुर के इस बेटे का यह सभा ऐतेहासिक होना चाहिए। उन्होनें,इस चुनावी सभा में अधिक से अधिक संख्या में भीड़ जुटाने और सभा के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया। पदाधिकारियों ने कलस्टर प्रभारी कृष्ण कुमार राय को विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पंडरापाठ की सभा भव्य और ऐतेहासिक होगा। बैठक को विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा ने बैठक में उपस्थित सभी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी एवं बूथ के अध्यक्षों से पूर्व में दिए गए कार्यो की समीक्षा की और आगे किये जाने कार्यो को विस्तार से बताया। बैठक को जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, सन्ना मण्डल अध्यक्ष मंगल राम, रौतिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, रामस्वरूप यादव, शिव शंकर गुप्ता, हरिशंकर यादव, नसरुल्लाह सिद्दीकी, प्रभाकर यादव, जुगनू यादव, बलवंत गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, रामवृक्ष भगत, रामनारायण यादव, जितेंद्र ताम्रकर, त्रिवेणी यादव, सुषमा सिंह, सोहन राम, नरेंद्र लकड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता के होर्डिंग और एडवरटाइजिंग के लिए बनी सहमति

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विगत 27 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के होर्डिंग के लिए नगर निगम और एडवरटाइजिंग एजेंसी के साथ बैठक ली गई जिसमें नगर निगम एण्ड एडवरटाइजिंग एजेंसीज ने 1 मई से 7 मई तक मतदान अपील के होर्डिंग्स लगाने की सहमति दी। साथ ही दोनों के द्वारा सहमति दी गई कि जिन संस्थानों द्वारा मतदान के पश्चात डिस्काउंट दिया जा रहा है। उन्हें उक्त अवधि के लिए मांग पर फ्री में एडवरटाइजिंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा।

## बिना अनुमति के अवकाश पर रहने व कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की वैधानिक प्रावधानों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के तहत कदाचरण एवं पदीय कर्तव्यों के अनुपालन में घोर लापरवाही बरतने पर ईश्वर सिंह सेवई पटवारी हल्का नंबर 26 ग्राम चंगोरी तहसील दुर्ग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। कलेक्टर के आदेशानुसार निलंबन अवधि में पटवारी सेवई का मुख्यालय तहसील कार्यालय दुर्ग होगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। ज्ञात हो कि जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना अवकाश की पात्रता नहीं है। ईश्वर सिंह सेवई पटवारी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए बिना 21 मार्च 2024 से अपने कर्तव्य पर अनुपस्थित है।

# अनुपस्थित मतदाताओं के मतदान के लिए विधानसभावार मतदान दल गठित

## दल का प्रथम गृह दौरा 28 को एवं द्वितीय 30 अप्रैल को

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिले के अनुपस्थित मतदाता के रूप में परिभाषित मतदताओं के मतदान हेतु मतदान दलों का गठन किया गया है। इन दलो का प्रथम दौरा 28 अप्रैल 2024 एवं अनुपस्थित की स्थिति में द्वितीय दौरा 30 अप्रैल 2024 को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा 63 दुर्ग ग्रामीण हेतु गठित मतदान दल क्रमांक 01 में राजेश्वर प्रसार देशमुख शिक्षक एल.बी.पीठासीन अधिकारी, मोहन अंबरकर उच्च श्रेणी सहायक मतदान अधिकारी, सतीश कुमार धीवर टी.जी.टी माइक्रो ऑब्जर्वर, क्षत्रपाल सिंह आरक्षक एवं आयुश वीडियोग्राफर शामिल है। मतदान दल क्रमांक 02 में कृष्णादास चतुर्वेदि शिक्षक एलबी पीठासीन अधिकारी, सूरज कुमार भारती सहायक ग्रेड 03 मतदान अधिकारी, राजेश कुमार चंद्राकर टी.जी.टी. माइक्रो ऑब्जर्वर, भोलेश्वर ठाकुर आरक्षक एवं पुष्पेन्द्र वीडियोग्राफर शामिल है। मतदान दल क्रमांक 03 में युधिष्ठिर कुमार देशमुख शिक्षक एलबी पीठासीन अधिकारी, बाला जिनईया अभिलेख लिपि मतदान अधिकारी, सुरेश कुमार टी.जी.टी. माइक्रो ऑब्जर्वर, जावेद खान पुलिस अधिकारी एवं पियुष वीडियोग्राफर शामिल है। मतदान दल क्रमांक 04 में टेकराम यादव शिक्षक एल.बी. पीठासीन अधिकारी, महेन्द्र कुमार देवांगन सहायक ग्रेड 03 मतदान अधिकारी, आदित्य कुमार श्रिवास टी.जी.टी. माइक्रो ऑब्जर्वर, यीशु सोनी पुलिस अधिकारी व शंकर साहु वीडियोग्राफर शामिल है। रिजर्व दल में संतोष कुमार बघेल शिक्षक एलबी पीठासीन अधिकारी, अखिलेश कुमार शर्मा सहायक ग्रेड03 मतदान अधिकारी, शैलेन्द्र कुमार साहू पी.आर.पी माइक्रो ऑब्जर्वर, चंद्र कुमार आरक्षक एवं होरी लाल निर्मलकर वीडियोग्राफर शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर हेतु दल क्रमांक 01 में राजेन्द्र कुमार सार्वे शिक्षक एलबी पीठासीन अधिकारी, पंकज कुमार पटेल उच्च श्रेणी सहायक मतदान अधिकारी, कोमल प्रसाद मणाडे पी.आर.टी. माइक्रो ऑब्जर्वर, महेश कुमार आरक्षक एवं जय प्रकाश देशमुख वीडियोग्राफर शामिल हैं।

# मानस भवन दुर्ग, शास. पॉलिटेक्टिनिक कॉलेज दुर्ग एवं साइंस कॉलेज दुर्ग में किया जाएगा मतदान सामग्री वितरण

## वितरण स्थलों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मानस भवन दुर्ग, शास. पॉलिटेक्टिनिक कॉलेज दुर्ग एवं शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साइंस कॉलेज दुर्ग) में मतदान सामग्री वितरण किया जाएगा। तीनों स्थलों पर सामग्री वितरण के संपूर्ण प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण एवं 67 अहिवारा हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में किया जाएगा। उपर्युक्त स्थल हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम रिसाली मती मोनिका वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 64 दुर्ग शहर, 68 साजा (आंशिक) व 69 बेमेतरा (आंशिक) हेतु मतदान सामग्री का वितरण मानस भवन में होगा, जिसके लिए आयुक्त नगर पालिका निगम दुर्ग लोकेश चंद्राकर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर व 66 वैशाली नगर हेतु मतदान सामग्री का वितरण शास. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साइंस कॉलेज दुर्ग) में होगा, जिसके लिए आयुक्त नगर पालिका निगम भिलाई देवेश ध्रुव (आईएएस) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# 'घर आजा संगी' अभियान के तहत 100 से अधिक प्रवासियों को किया गया कॉल

- **जिले के मतदाताओं को मतदान करने दिया गया निमंत्रण, मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान**

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत भी विभिन्न गतिविधियां जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्रवासी मजदूरों, युवाओं सहित जिले के अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

"घर आजा संगी " अभियान के तहत विकासखंड कांसाबेल, पत्थलगांव, दुलदुला, कुनकुरी, मनोरा एवं बगीचा विकासखंड प्रवासियों और पलायन करता परिवार के सदस्यों से फोन से बातचीत की गई और मतदान दिवस में भाग लेने हेतु उन्हें सूचित एवं आमंत्रण किया गया। बगीचा विकासखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ष्बिहानष् की दीदियों द्वारा विशेष कॉल सेंटर बनाकर अबतक 116 प्रवासियों से संपर्क साधा गया, फोन कॉल के माध्यम से उन्हें 7 मई मतदान दिवस होने की सूचना दी गई एवं मतदान में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी विकासखंड के ग्रामीण और आदिवासी इलाके के हाट- बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान सतत रूप से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वीडियो कॉल, वॉइस कॉल के जरिए संपर्क कर मतदान के लिए निमंत्रण दिया जा जा रहा है। साथ ही उन्हें मतदान के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। समूह की महिलाओं समेत अधिकारियों के द्वारा अपील की जा रही है कि, वे अपने घर आकर 7 मई 2024 को मतदान करने अपने संबंधित मतदान केंद्र में जाए। लोकतंत्र के इस महान पर्व में अपनी भागीदारी निभाएं। इसके साथ ही घर परिवार, आस-पड़ोस और अपने से जुड़े सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। आपको बता दें कि, लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# ईसीआई प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण एवं मौके पर ही अधिकारियों को दिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश

- वैशालीनगर विधानसभा में मतदाताओं की सुविधा का रखा जायेगा विशेष ध्यान

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशालीनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान की अब तक की तैयारियों का जायजा लिया गया। प्रेक्षक द्वारा 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, 14 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड छावनी, 03 मतदान केंद्र वाले नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरुद, 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुनवानी का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर से प्रत्येक मतदान में कुल मतदाताओं की जानकारी लिया जाकर उनसे मतदाता सूचना पर्ची की स्थिति की जानकारी लिया गया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग लोकसभा चुनाव हेतु नियत मतदान तिथि 07 मई 2024 के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एआरओ वैशाली नगर हरवंश सिंह मिरी के निर्देशन में बूथ लेवल आफिसर के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। प्रेक्षक द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर को मतदाता पर्ची वितरण की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए पंचराम सलामे तहसीलदार धमधा एवं एईआरओ 66 वैशाली नगर को 02 दिवस के भीतर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही मौके पर नगर पालिक निगम भिलाई के जोन कमिश्नर येशा देशलहरे, अमिताभ शर्मा को मतदान दल के रात्रि विश्राम के लिए सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्था एवं मतदान दिवस को मतदाताओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, छाया, क्यू मैनेजमेंट, अधिक संख्या वाले मतदान केंद्र वाले भवनों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए दिशा सूचक फ्लेक्स आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

# 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आज जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने मतदान दल उनके घर पहुंचे। दल के सदस्यों ने मतदान की पूरी प्रक्रिया सम्पादित करते हुए मतदान कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के 59 मतदाता में से 57 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये। बचे 2 मतदाता को 30 अप्रैल को मतदान हेतु अवसर दिया जाएगा।



दिव्यांग महिला मतदाता ज्ञानेश्वरी साहू ने अपने सहयोगी के माध्यम से मतदान किया। वही 85 प्लस के.एस.एल. सोरी, घनश्याम सिंग महालवार, विवेक सोनी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के घर बैठे वोटिंग की सुविधा की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किये कि यदि यह सुविधा उपलब्ध नहीं होती तो हम मतदान से वंचित हो जाते। उन्होंने मतदान के तय तिथि से पहले ही वोटिंग करने पर अपने खुशी का इजहार करते हुए शासन-प्रशासन सहित मतदान दल के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किये। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज प्रथम गृह दौरा था। छूटे मतदाता के लिए 30 अप्रैल 2024 को दल का द्वितीय गृह दौरा होगा।

## माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ परिचर्चा सह प्रशिक्षण 29 अप्रैल को

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र दुर्ग के लिए नियुक्त समान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ परिचर्चा सह प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल 2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे लोक निर्माण विभाग के सभा कक्ष में किया गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को संबंधित विधानसभा के समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर सहित उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## विधानसभावार सुविधा केन्द्र स्थापित बीआईटी कॉलेज के साईंस ब्लाक में 28 अप्रैल से 01 मई एवं 04 से 06 मई 2024 तक किया जा सकेगा मतदान

# निर्वाचन कार्यों से ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान

- **अपर कलेक्टर योगिता देवांगन ने लिया प्रशिक्षण का जायजा**

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com





लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 में मतदान संपन्न होना है। दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साईस ब्लाक में स्थापित किया गया है। साथ ही समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सुविधा केन्द्र बनाया गया है। बड़े उत्साह से अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए डाक मतपत्र से मतदान किया। अपर कलेक्टर योगिता देवांगन ने आज बी.आई.टी. कालेज में चल रहे प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान दलों के अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। इस दौरान मतदान संबंधी प्रत्येक पहलुओं की जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल सहित शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने सहित सभी प्रपत्रों को इत्यादि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें।

# ईव्हीएम अतिरिक्त बैलेट युनिटों का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन




**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए विधानसभाओं में उपयोग होने वाले ई.व्ही.एम. मशीनों के अतिरिक्त बैलेट यूनिट का प्रथम रेंडमाइजेशन ऑब्जर्वर एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं अपर कलेक्टर मती योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश कुमार ध्रुव, ए.आर.ओ. सोनल डेविड, दीपक निकुंज, मुकेश रावटे, महेश गुप्ता सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

अपकमिंग शो मैं हूं साथ तेरे में रैना की नकारात्मक भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी श्रीवास्तव ने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। यह शो आपको एक अकेली मां जानवी (उल्का गुप्ता) की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें एक माता-पिता की भूमिका निभाते समय एक मां को निरंतर सामाजिक जांच और कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है, जो उसकी दुनिया है, लेकिन उनके मजबूत बंधन के बावजूद कियान को घर में एक आदमी की मौजूदगी की कमी का अनुभव होता है। कहानी तब और गहरी हो जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर व्यापारी आर्यमान (करण वोहरा) से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। शो में मानसी आर्यमन की बहन रैना का किरदार निभाती नजर आएंगी। हालांकि वह बुंदेला परिवार की सबसे छोटी बेटी है, लेकिन बहुत महत्वाकांक्षी है और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करती है। लेकिन वह आर्यमान को पसंद नहीं करती, और वह नहीं चाहती कि बुंदेला की संपत्ति में उसका कोई हिस्सेदार हो क्योंकि वह उसके पिता की दूसरी शादी से हुआ बेटा है।



शो में उनका किरदार आर्यमन के जीवन में बहुत सारे संघर्ष और जटिलताएं लेकर आएगा। उसी के बारे में बात करते हुए मानसी ने कहा, मेरा किरदार रैना, अपनी दुष्टता से दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। सीधे, रेशमी बाल और डिजाइनर साड़ियों के साथ उसका लुक जबरदस्त है। वह बहुत ही बेहतर अभिनय करती है। उसे लगता है कि आर्यमान उसका सौतेला भाई है और वह विरासत का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने शो की शूटिंग शुरू कर दी है। मैं शो में अपने किरदार पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हूं। इसमें मेरा किरदार बेहद दुष्ट है वह अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

मैं हूं साथ तेरे 29 अप्रैल को शाम 07:30 बजे जी टीवी पर प्रसारित होगा।

## जान्हवी कपूर स्टारर उलझ का टीजर हुआ आउट, एक्शन अवतार में दिखीं अभिनेत्री



जाह्नवी कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक फिल्म उलझ की पहली झलक देखने का फैंस को मौका मिल गया है. मेकर्स ने आज फिल्म का टीजर जारी कर दिया है. टीजर देखकर लगता है कि सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक आईएफएस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली हैं। पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म उलझ के टीजर की बात करें तो इसकी शुरुआत सुहाना उर्फ जाह्नवी की जॉगिंग से होती है। जाह्नवी विदेशी ऑफिसर्स के साथ बातचीत करती हैं। इस दौरान एक वॉयस ओवर सुनाई देता है- सुहाना, क्या तुम सच में सोचती हो कि तुमने जो कुछ भी किया वह तुम्हारे देश के लिए था धोखा, वफा तो महज शब्द हैं जिनमें हम जैसे लोग फंस जाते हैं। ये राष्ट्र, सीमाएं तो रेत पर खींची गई लाईनें हैं।वे किसी लायक नहीं हैं। उलझ का टीजर जाह्नवी कपूर के वॉयसओवर के साथ होता है। जाह्नवी कहती हैं- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है, या तो देकर या लेकर। टीजर में जाह्नवी कपूर को जासूसी करते देखा जा सकता है जो अलग-अलग फाइलें खंगालती नजर आती हैं। इसके साथ-साथ वे एक्शन अवतार में भी दिखाई देती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी अहम किरदार में हैं। वहीं टीजर में अली खान भी दिखाई दिए हैं। इसके अलावा आदिल हुसैन, राजेश तैलंग, मियांग चांग, राजेंद्र गुप्ता और जीतेंद्र जोशी ने भी फिल्म का हिस्सा हैं। उलझ को सुधांशु और परवेज शेख ने लिखा है। जाह्नवी कपूर की ये फिल्म 5 जुलाई 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे जूनियर एनटीआर स्टारर देवारा- पार्ट 1 में भी दिखाई देंगी। यह उनकी पहली डेब्यू तेलुगु फिल्म है।



## अवनीत कौर ने ट्रांसपैरेंट आउटफिट पहन गिराई बिजली, एक्ट्रेस की अदाओं ने यूजर्स को किया घायल


बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस (Avneet Kaur) जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं।


अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है।

टीवी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली ग्लैमरस अदाकारा अवनीत कौर सोशल मीडिया पर आग लगाने के लिए मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल जोरों से धड़कना शुरु हो जाएगा। अवनीत कौर ने ऑफ व्हाइट कलर की ट्रांसपैरेंट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है। लाइट मेकअप के साथ बालों को ओपन रखा है और एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं।

इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों ने यूजर्स का हाल बेहाल कर दिया है और वे अवनीत की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए जमकर प्रतिक्रियाएं देते हैं।





वेब सीरीज आम्रपालीका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है, जिसमें अभिनेत्री अंकिता लोखंडे को रॉयल अवतार में देखा जा सकता है. पोस्टर के तहत, अंकिता एक गौरवमयी लुक में दिखाई दे रही हैं. इस मैग्नम ओपस सीरीज के साथ संदीप सिंह ओटीटी पर कदम रखने जा रहे हैं. अभी तक इस सीरीज की रिलीज, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म या फिर अन्य किरदारों ऐलान नहीं किया गया है. उम्मीद जताई जा रही है कि इसका ऐलान जल्द होगा. अंकिता हाल ही में रणदीप हुड्डा के साथ स्वातंर्त्य वीर सावरकर फिल्म में दिखाई दी थी. जानकारी के अनुसार संदीप प्राचीन भारत में वैशाली गणराज्य की शाही नर्तकी के जीवन को पर्दे पर उतारना चाहते हैं। मशहूर नगरवधू आम्रपाली का किरदार निभाने के लिए उन्होंने अंकिता को चुना है। अंकिता ने कहा कि फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर में जमुना बाई का किरदार निभाने के लिए उन्हें दुनिया भर में काफी सराहना मिली है, जिसके कारण उन्हें इस तरह के रोल के प्रस्ताव मिल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे समझदारी से रोल चुनना है। मैं स्वातंर्त्य वीर सावरकर के बाद आम्रपाली में काम करूंगी। मैं जल्द ही कुछ और अच्छे चयन करूंगी। आम्रपाली मेरे और दर्शकों के लिए सरप्राइज होगी। मुझे उम्मीद है कि मैं दर्शकों को निराश नहीं करूंगी। यह सीरीज एक नर्तकी के नगरवधू बनने से लेकर उसके बौद्ध धर्म अपनाने तक की कहानी को बताएगी, जो अंततः सभी विलासिता को त्याग देती है और एक बौद्ध भक्त के रूप में ब्रह्मचर्य अपनाती है।

# दांत के साथ साथ जीभ की भी करें सफाई, वरना हो जाएगी कई बीमारियां

**हर सुबह उठकर दांतों की सफाई करना अच्छा माना जाता है लेकिन अगर जीभ की सफाई को अनदेखा कर देते हैं तो खतरनाक हो सकता है। जीभ की सफाई करना बेहद जरूरी होता है। इससे ओरल हाइजीन बनी रहती है और कई समस्याओं से आप बच जाते हैं। जीभ की सफाई न करने पर मुंह से बदबू आने लगती है। कई ओरल प्रॉबलम्स हो सकती है। बैक्टीरिया कई गंभीर बीमारियों को पैदा कर सकते हैं। ऐसे में यहां जानिए जीभ की सफाई करने के कुछ टिप्स...**



### नमक और सरसों तेल

जीभ साफ करने के लिए नमक काफी अच्छा माना जाता है। इसके लिए थोड़े से नमक में सरसों की तेल की कुछ बूंदें मिलाएं और जीभ पर लगाएं। इसके बाद ब्रश के पिछले हिस्से से जीभ पर हल्के हाथों से रगड़कर जीभ पर जमी गंदगी को साफ करें।

### दही

जीभ की सफाई में दही भी काफी अच्छा विकल्प माना जाता है। इससे गंदगी और सफेद परत अच्छी तरह साफ हो जाती है। दरअसल, दही में प्रोबायोटिक्स और लैक्टिक एसिड पाई जाती है। एक चम्मच दही लेकर जीभ पर लगाएं और ब्रेश के पिछले हिस्से से साफ करें।

### बेकिंग सोडा और नींबू रस

बेकिंग सोडा जीभ की गंदगी की अच्छी तरह सफाई करता है। थोड़ा सा बेकिंग सोडा लेकर उसमें नींबू का रस मिला लें। इसे पसे्ट बनाकर फिंगर टिप की मदद से जीभ पर मसाज करें। कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें। इससे जीभ अच्छी तरह साफ होगा।

### वेजिटेबल ग्लिसरीन

जीभ की साफ-सफाई में वेजिटेबल ग्लिसरीन भी काम आ सकता है। इसके लिए थोड़ा सा ग्लिसरीन लेकर जीभ पर रखकर ब्रश से साफ करें। इसके बाद गर्म पानी से कुल्ला करें। जीभ अच्छी तरह साफ हो जाएगा।

### हल्दी

जीभ साफ करने में कई घरेलू उपायों में से एक हल्दी भी है। हल्दी पाउडर में नींबू का थोड़ा सा रस मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे जीभकर पर लगाकर फिंगर टिप से मसाज करें। कुछ देर बाद गर्म पानी से कुल्ला करें।

# बालों में कितने दिन बाद तेल लगाना सही है

**रोजाना तेल लगाना बालों के लिए खतरनाक बालों को मजबूत, घना और सुंदर बनाने के लिए लोग कई मेहनत करते हैं। कुछ लोग बालों की ग्रोथ के लिए रोजाना तेल लगाते ,हैं लेकिन क्या आप जानते हैं बालों में रोजाना तेल लगाना बालों को नुकसान पहुंचा सकता है आईए जानते हैं बालों में तेल कब लगाना सही होता है।**

### बालों में तेल कब लगाना चाहिए

बालों में तेल लगाने का सबसे सही समय रात का होता है। जब भी आप सोने जाएं उससे पहले अपने बालों में गुनगुने तेल से मालिश जरूर करें इससे तनाव दूर होगा साथ ही बाल मजबूत होंगे। रात भर बालों में तेल लगा रहने दे, फिर सुबह उठकर शैंपू से अपने बाल धो लें। इससे आपके बाल मजबूत, घने और लंबे होंगे।



### तेल लगाने के फायदे

तेल लगाने से बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं साथ ही रूखेपन की समस्या दूर होती है बाल खोपड़ी को स्वस्थ बनाते हैं और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करते हैं। रोजाना तेल लगाना खतरनाक है या नहीं या आपके बालों के प्रकार पर निर्भर करता है आपके बाल रूखे हैं, तो रोजाना तेल लगाने से उन्हें फायदा होगा।

### तेल लगाने के नुकसान

लेकिन अगर आपके बाल ऑयली तो रोजाना तेल लगाने से आपके बाल और ज्यादा ओली हो सकते हैं साथ ही उनमें बाहर की धूल, मिट्टी जमा हो सकती है। कुछ लोगों के बाल तेल लगाने से झड़ने लगते हैं और ओली होने लगते हैं। कुछ लोगों को बालों में तेल लगाने से एलर्जी होने की संभावना बढ़ जाती है। ज्यादा तेल लगाने से गंदगी जमा होने लगती है।

### कुछ बातों का रखें ध्यान

तेल लगाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है जैसे कि तेज गर्म तेल को अपने बालों पर न लगाएं। तेल को अपनी खोपड़ी और बालों पर अच्छी तरह से मालिश करें। बालों में कम से कम 30 मिनट के लिए तेल जरूर लगाए। इसके अलावा जब भी आप तेल लगाए तो ध्यान रहे तेल को जड़ तक जाने दे। अपने बालों के हिसाब से सही तेल का चयन करें।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में चश्मों की दुकानों पर बिना डॉक्टर के जांच, आंखों से हो रहा खिलवाड़

## कवर्धा जिले में अवैध चश्मा जाँच की दुकानों की भरमार

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में अधिकतर चश्मे की दुकानों पर अनट्रेंड स्टाफ बिना किसी डिग्री, के आंखों की जांचकर लोगों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। इनके पास अनुभव तक नहीं है पर इसके बाद भी ये आंखें चेक कर न केवल लोगों को नंबर दे रहे हैं बल्कि चश्मा भी बना रहे हैं। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग इस मुद्दे पर आंखें बंद करे बैठा है। प्रदेश में कई चश्मा बनाने वालों की दुकानें हैं। । बाकी दुकानों पर आंखें चेक करने और चश्मे का नंबर देने का काम अत्याधुनिक मशीनों के जरिए अनट्रेंड स्टाफ कर रहा है। ऐसे में अगर किसी की आंखों के साथ कोई खिलवाड़ होता हो तो हो, इसकी परवाह किसी को नहीं है। खुद नेत्र रोग विशेषज्ञों की राय में बिना योग्य नेत्र विशेषज्ञ एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट के नेत्र परीक्षण के चश्मे का नंबर देना खतरे से खाली नहीं है। सामान्य तौर पर चश्मे की दुकान चलाने वालों को केवल चश्मा बनाने का अधिकार है। वे नेत्र रोग विशेषज्ञ ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा बताए गए पर्ची से नंबर का चश्मा बनाकर दे सकते हैं।

**नियम: बिना डॉक्टर के नहीं दे सकते नंबर**

चश्मे का नंबर देने के लिए चार वर्ष का ऑप्टोमेट्रिस्ट डिग्री कोर्स जरूरी है। इसके बाद भी क्वालीफाई ऑप्टोमेट्रिस्ट नेत्र परीक्षण कर चश्मा नंबर देता है अधिकांश चश्मा दुकानों पर ऑप्टोमेट्रिस्ट स्टाफ नहीं है।

**नर्सिंग होम एक्ट में नहीं है प्रावधान**

चश्मे की दुकान का स्वास्थ्य विभाग में रजिस्ट्रेशन का कोई प्रावधान नहीं है। इस संबंध में कोई गाइड लाइन भी नहीं है। इसी का फायदा ये दुकानदार उठाते हैं। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी लापरवाही बरतते हैं । लिहाजा आज तक उन्होंने ऐसी दुकानों पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

**दवा तक लिख देते हैं दुकानदार**

कई दुकानदार तो दवा तक दे रहे हैं। कई बार मोतियाबिंद, शुगर के कारण आंख के पर्दे में खराबी आने या काला पानी होने पर भी नजर कमजोर हो जाती है। एसे अनट्रेंड दुकानदार सिर्फ चश्मे का नंबर निकालकर दे देते हैं।

कुछ चश्मा दुकानों पर अत्याधुनिक मशीनें देखने मिलीं जिनसे मरीजों की आंखों की जांच की जा रही है। जबकि चश्मे की दुकान वाले केवल डॉक्टर और ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा दिए गए नंबर से चश्मा बना सकते हैं। चश्मा दुकान संचालक आंखों की जांच नहीं कर सकते।

**चश्मे के गलत नंबर से हो सकती हैं कई परेशानी**

चश्मे के गलत नंबर से मरीज को कई तरह की परेशानी हो सकती है। इससे सिर दर्द होता रहता है। कभी-कभी तो आंखों में भेंगा पन तक आ सकता है। इसलिए बिना डॉक्टर व ऑप्टोमेट्रिस्ट की सलाह से चश्मा पहनना चहिए। चश्मा दुकान से चश्मे का नंबर नहीं निकलवाना चाहिए और न ही ऐसे चश्मे का उपयोग करना चाहिए।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट**

डॉ सुभाष मिश्रा पूर्व सेवा निवृत संयुक्त संचालक एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम।

चश्मा दुकान संचालकों के द्वारा अगर बिना किसी शैक्षणिक योग्यता की आंखों की जांच की जा रही है तो यह सारा सा गलत है एवं नियम विरोध है इसके लिए कठोर से कठोर प्रावधान बनाना आवश्यक है नेत्र परीक्षण करने का अधिकार नेत्र विशेषज्ञ एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट को है नेत्र विशेषज्ञ किसी भी मान्यता प्राप्त चिकित्सा महाविद्यालय से एमबीबीएस एमएस डीएनबी नेत्र सर्जरी नेत्र सर्जरी करने से संबंधित सभी प्रकार ऑपरेशन करने के लिए विशेष प्रशिक्षित होते हैं नेत्र विशेषज्ञ एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा लिखी गई पर्ची के अनुसार ही चश्मा दुकान संचालक को चश्मा बनाना चाहिए एवं इसका रिकॉर्ड रखना अति आवश्यक है । एन खान पूर्व छात्र बैचलर ऑफ़ ऑप्टोमेट्री आईटीएम विश्वविद्यालय नया रायपुर चश्मा दुकान संचालकों के द्वारा आंख जांच करना आम जनों की आंखों से खिलवाड़ है आंखों की जांच एक कुशल ऑप्टोमेट्रिस्ट के द्वारा ही कराई जाना चाहिए ऑप्टोमेट्रिस्ट 4 वर्षीय पाठ्यक्रम होता है जो कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित एवं अनुमति प्राप्त विश्वविद्यालय से 3 वर्ष की पढ़ाई एवं 1 वर्ष की इंटर्नशिप किया जाता है एवं पैरामेडिकल पंजीयन अनिवार्य होता है ऑप्टोमेट्रिस्ट नेत्र संबंधित सभी प्रकार के परीक्षण एवं नेत्र रोगों को प्राथमिक तौर पर पहचान चश्मा से संबंधित लेंस कॉन्टैक्ट लेंस के लिए विशेष प्रशिक्षित होते हैं एवं छत्तीसगढ़ राज्य पत्र 59 2019 दिसंबर के अनुसार ऑप्टोमेट्रिस्ट को स्वतंत्र निजी प्रेक्टिस करने का अधिकार प्रदान किया गया है छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर नेत्र सहायक के द्वारा निजी चश्मा दुकान में नेत्र परीक्षण करने का मामला सामने44 आया है इसके लिए संचालक स्वास्थ्य सेवाओं से जानकारी मांगी गई है नेत्र सहायक शासकीय संस्थाओं में चिकित्सा अधिकारी एवं नेत्र विशेषज्ञ अधीन सहायक के रूप में कार्य करने का लिखित आदेश संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के द्वारा दिए पत्र में उल्लेखित है शासन प्रशासन को यह ध्यान देना चाहिए बिना डिग्री धारी चश्मा दुकान संचालक एवं अवैध रूप से निजी प्रैक्टिस कर रहे नेत्र सहायक पर कार्यवाही करना चाहिए।

# भाजपा नेता योगेश तिवारी ने गृह मंत्री अमित शाह का किया आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेमेतरा प्रवास के दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने गृह मंत्री को चांदी से निर्मित हनुमान गदा भेंट किया। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले जो भी गारंटी दी थी, सभी वादा मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने 100 दिनों के अंदर पूरे किए है। छत्तीसगढ़ प्रदेश मे 11 लोकसभा सीट जितने जा रहे है। जिसकी झलक लोकसभा चुनाव के दो चरणों मे हुए मतदान मे जनता का मोदी सरकार के प्रति उत्साह को दर्शा दिया है। छत्तीसगढ़ मे सभी 11 की 11 सीट भाजपा के झोली मे जा रही है। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की स्थित काफ़ी अच्छी है। यहां की जनता एक बार फिर मोदी सरकार पर भरोसा कर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के पद पर देखना चाहते है ।

# धर्म और राजनीति से उपर उठकर वृक्षारोपण करना चाहिए : राहुल

### धर्मेंद्र साहू ने अपने जन्मदिन पर लगाए पौधे

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के सहयोग से धर्मेंद्र साहू ने गायत्री मंत्रों के साथ अपने जन्मदिन पर ग्राम कठिया के मुक्तिधाम में पीपल के पौधे लगाए। जिसमें मुख्य अतिथि बेमेतरा जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा प्रवक्ता राहुल टिकरिहा शामिल हुए ।संगठन के तरफसे मुख्य अतिथि को गमछा एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण के पश्चात अतिथियों द्वारा मुक्तिधाम में लगाए गए पेड़ -पौधों का अवलोकन किया गया। टिकरिहा जी ने पर्यावरण प्रेमी संगठन जिला बेमेतरा के द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यों की प्रशंसा किये। आम जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमें धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर के वृक्षारोपण कर रहे संगठन को यथासंभव सहयोग प्रदान करना चाहिए क्योंकि पेड़ पौधे सभी को शुद्ध हवा फल -फूल एवं छाया देते हैं। मुख्य अतिथि के द्वारा संगठन को 2100 रुपया सहयोग राशि प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्य अतिथि के द्वारा इससे पूर्व पेड़ -पौधों की सुरक्षा घेरे के लिए एक बंडल जाली तार दिया गया था। वृक्षारोपण में धर्मेंद्र साहू, सभापति राहुल टिकरिहा, भूतपूर्व सरपंच लेखराम निषाद, संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ,सचिव गणेश साहू ,सदस्यगण - लक्ष्मीनारायण साहू, अक्षय साहू, सुनील (बल्लू),चम्मन निषाद, गोलू, राजेन्द्र साहू, खोमन चंद्राकर, राहुल साहू कु. हेमा साहू आदि उपस्थित रहे।

# लीनेस क्लब प्रेरणा की बैठक में विभिन्न विषयों पर लिया गया निर्णय

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लीनेश क्लब प्रेरणा की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया इस संबंध में जानकारी दी गई है कि लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा की महत्वपूर्ण बैठक हुई इस अवसर पर आय व्यय की जानकारी दी गई इस के साथ ही बैठक में गर्मियों में राहगीरों एवं भिक्षुओं के लिए जलपान की व्यवस्था करने एवं प्याऊ घरो की सुविधा उपलब्ध कराने के विषय में चर्चा की गई इसके अतिरिक्त बैठक में पक्षियों के लिए दाना पानी रखने हेतु उपस्थित सदस्य गणों को मिट्टी के पात्र वितरण किया गया इस अवसर पर लीनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा की अध्यक्ष विनोद राघव ,कोषाध्यक्ष डॉक्टर निधि बनाफर, शारदा तिवारी, उमा तिवारी, शशि तिवारी, कनकलता मिश्रा, रानी रवानी, वीणा शर्मा ,मुमताज रवानी, आरती साहू उपस्थित हुए।

# व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक ने ली एफएसटी और एसएसटी दल की बैठक




पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी पटन्नाशेट्टी (आई. आर.एस.) और पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आई. पी. एस.) ने आज यहां कलेक्ट्रेट के श्रृष्टि सभा कक्ष में लोकसभा निर्वाचन -2024 संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 78 साजा,69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ के लिए गठित उड़न दस्ता( एफ़एसटी) और स्थैतिक निगरानी दल( एसएसटी) की बैठक ली ।बैठक में कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू सहित दल के सदस्य सहित संबंधित ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में चुनावी प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए उचित उपायों पर चर्चा की गई। व्यापक निगरानी के बारे में भी चर्चा की गई। इस संदर्भ में एफ़एसटी और एसएसटी के द्वारा कठिनाइयों का समाधान भी चर्चा किया गया। इससे लोकतंत्र के शुद्धता और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता का संरक्षण सुनिश्चित होगा। एफ़एसटी ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा की तैयारियों को मजबूत करने का आदेश दिया, जबकि एसएसटी ने निगरानी सुनिश्चित करने के लिए नए तकनीकी उपायों का विचार किया। इसके अलावा, उन्होंने निर्वाचन अवधि के दौरान किसी भी मामले को गंभीरता से लिया जाये। चेक पाइंट पर सतर्कता बरतने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिये। अवैध गतिविधियों पर नज़र रखने और कार्रवाही करने कहा।

# विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का 7 दिवसीय आयोजन पहली बार बालोद शहर में होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए विहिप,मातृशक्ति व बजरंग दल के पदाधिकारी तैयारी में लगे हुए है। 15 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाले इस बड़े आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के अलग अलग जिलों से दुर्गावाहिनी की छात्राएं शामिल होने बालोद पहुंचेंगी जिनके रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई है। बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ,जिला मंत्री राज सोनी, मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू ने बताया कि संगठन के कार्यों में दुर्गावाहिनी की बहनों की बड़ी भूमिका है। इस विषय को ध्यान में रखकर बहनों के शारीरिक व मानसिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जिले के सभी गांव शहर से बहनों को शामिल करने का काम चल रहा है। वही छत्तीसगढ़ प्रांत के मंत्री विभूति भूषण पांडे के द्वारा जारी पत्रक में छतीसगढ़ प्रांत दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका रंजीता दास, सह संयोजिका सुश्री पूजा जैन, मंजूषा पाटले, प्रीति दुबे इस वर्ग में आएंगी व इनकी में उपस्थिति में बहनों को प्रशिक्षण मिलेगा जिनमें योग,राष्ट्रीय विचारों की शिक्षा,सहित आत्मरक्षा के लिए तलवार चलाने व डंडा चलाने सहित कराटे भी बहनों को सिखाया जाएगा। बालोद शहर के मुख्य मार्ग में संचालित संस्कार शाला भवन में लगभग 200 बहनों के रुकने की व्यवस्था संगठन की देखरेख में होगा वही वर्ग पूर्णत आवासीय होगा व वर्ग का पूरा संचालन महिलाओं के द्वारा किया जाएगा । इसके लिए सुरक्षा व गर्मी को देखते हुए बहनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुविधा की भी व्यवस्था किया जाएगा । दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन तिथि 21 मई को बालोद शहर में पहली बार बहनों का पथ संचलन जिले वासियों को देखने को मिलेगा। जहां दुर्गावाहिनी की बहनें राष्ट्वादी संस्कारो व दंड व तलवार के साथ पैदल पथ संचलन करेगी जो ऐतिहासिक आयोजन होगा व इसके लिए बालोद शहर को सजाया जाएगा व भव्य स्वागत भी किया जाएगा इसकी भी तैयारी की जा रही है। विहिप संगठन के प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,जिला मंत्री राज सोनी,जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख, जिला सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट,सहमंत्री महेंद्र सोनवानी, गुरुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू,बजरंग दल के उमेश सेन,शहर सह संयोजिका पद्मिनी साहू व मातृशक्ति पुनिता मिश्रा,योगिता साहू,धारणी निषाद,खिलेश्वरी साहू,उषा साहू,बेबी ओझा योगिता शर्मा,पूनम साहू सहित अन्य सदस्यों ने बैठक कर आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया व समिति का गठन किया।

# मानवाधिकार स्वाभिमान डोला यात्रा का सिन्हा ने किया भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास सेवादार संघ जीएस एस के तत्वावधान में हजारों की संख्या में मानवाधिकार स्वाभिमान डोला यात्रा का पुराना बस स्टेंड में भव्य स्वागत अभिनदंन फूल मलाओ से आतिश बाज़ी कर बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने स्वागत किया गया साथ में समाज के संघ के प्रमुख टोप सिंह टंडन हर्ष तिवारी विकाश तम्बोली मोंटी साहू औ युगल देवागन संतोष वर्मा जी गौरव साहू धर्मेंद साहू किशोर साहू ओम् प्रकाश सलुजा कुंजबिहारी परिहार राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा राजीव चौबे उपस्थित रहे जानकारी के लिए बता दें कि गुरु घासीदास सेवादार जीएस एस के तत्वाधान में भारी संख्या में लोग मानवाधिकार स्वाभिमान डोला यात्रा का नगर आगमन हुआ था।

# ईवीएम की कमिशनिंग कार्य 30 अप्रैल से शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग की समय सारणी के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07- दुर्ग का आगामी 7 मई को मतदान होगा। इस लोकसभा सीट में बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 साजा,69 बेमेतरा व 70 नवागढ़ शामिल है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 07 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों की विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उपयोग होने वाले मतदान युनिट (बीयू), नियंत्रण युनिट (सीयू) एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्य 30 अप्रैल 2ह24 को प्रातः 9 बजे से ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर स्थित कक्ष में होगा। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण कमीशनिंग प्रक्रिया सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में किया जाएगा।

# ट्रेनों के लगातार विलंब से यात्रियों की परेशानी बढ़ी

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ से दल्लीराजहरा, दुर्ग होकर रायपुर तक चलनेवाली डेमू ट्रेन जो तीन फेरे आना जाना करती है वह अभी काफी विलंब से चल रही है रायपुर जाने के लिए यह ट्रेन तो समय पर चलती है परंतु जब रायपुर से वापस होती है तो इसका लेट लतीफ होना शुरू हो जाता है। इस ट्रेन के विलंब से चलने का क्रम लगातार बना हुआ है इस और रेलवे के उच्च अधिकारी ध्यान नहीं दे इधर यात्रियों को इस लेट लतीफी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि यह ट्रेन दुर्ग एवं रायपुर के बीच अक्सर लेट होती रहती है। दुर्ग रायपुर के बीच कई स्टेशनों में इस डेमू ट्रेन को दूसरी गाड़ियों के क्रॉसिंग के लिए रोक दिया जाता। रायपुर जाने में भी यही हाल है तथा रायपुर से दल्ली राजहरा वापसी के लिए भी इसी प्रकार की स्थिति निर्मित होती है। सूत्र बताते हैं कि इस डेमू ट्रेन को रोकने के लिए रेलवे अधिकारी कुछ तकनीकी अड़चन का हवाला देते हैं। अभी देखा जा रहा यह डेमू ट्रेन वर्तमान समय में लगातार विलंब से चल रही है। शाम को दुर्ग से दल्ली राजहरा आने के लिए इस ट्रेन का समय शाम 6:45 बजे है लेकिन 27 अप्रैल को यह ट्रेन रात 9:45 बजे दल्लीराजहरा पहुंची। विलंब से चलने के लिए यह डेमू ट्रेन नए-नए रिकॉर्ड स्थापित करते जा रही है। तीन फेरों वाली इस डेमो ट्रेन की लेट लतीफी और कब तक चलेगी इसको अंदाज किसी को भी नहीं है। रेलवे के उच्च अधिकारी इस ओर गंभीरता से कब ध्यान देंगे यह क्षेत्र की जनता पूछ रही है।

# बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए अंतिम प्रशिक्षण कर्मचारियों अधिकारियो को दिया गया

### 29 को होगा विस क्षेत्र नवागढ़ के मतदान दल का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन- 2024 संसदीय क्षेत्र-7 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय और पी.जी कॉलेज रूसा भवन में दिया जा रहा है 7 इसी क्रम में आज दूसरे दिन विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचन ड्यूटी में लगे पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल क्रमांक 1,2 और 3 मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों ने अंतिम प्रशिक्षण दिया । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेई, सर्व एसडीएम व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा भी प्रशिक्षण केंद्र पहुंच कर प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों से रूबरू हुये और प्रत्येक कक्ष में जाकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरिके से चुनाव कराने के टिप्स दिए तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को देखा । कलेक्टर शर्मा ने कहा की मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। मतदान दलों को मतदान कराने की प्रकिया, उनके अधिकार-कर्तव्य, मतदान संबंधी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा की प्रशिक्षण में बताये जा रहे हर पहलू और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से लें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन और अबाधित रूप से संपन्ना कराने के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है । कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से ड्यूटी निभाते हुये अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। ईवीएम के कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट का गहनता से प्रशिक्षण लें। ईवीएम से संबंधित जितनी अधिक जानकारी मतदान कर्मचारी लेंगे, पोलिंग बूथ पर मतदान के दिन उतनी ही आसानी होगी। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में बताई गई बातों के संबंध में तथा ईवीएम एवं वीवीपैट के संबंध में जानकारी ली । जिलाधीश ने निर्वाचन कार्य के दौरान यदि कोई उदासीन और अपने कार्य में लापरवाही बरतता हैं या फिर नशे की हालत में रहता हैं ऐसे कर्मचारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के शख्त निर्देश दिए हैं ।

मास्टर ट्रेनरों सिलोचन साहू, ईश्वर साहू, हिरऊ राम ध्रुव, भीखुराम हिरवानी, हूपेन्द्र साहू, दीपचंद देवांगन, गंगाधर कुलकर्णी, संजय कुमार सेन, बालमुकुंद साहू, राजेश ठाकुर, विकास कुमार, अजय कुमार शर्मा, मुरारी सिंह भुवाल, अर्जुन कश्यप, प्रदीप विशाल, एलेन गुप्ता, गीरवर राजपूत, गजानंद शर्मा द्वारा प्रशिक्षण मे निर्वाचन की बारीकीयों के बारे में बताया 7 प्रशिक्षण में बताया गया कि सामग्री कोषालय से मतदान संबंधित आवश्य सामग्री, आवश्यक समान मिलान करने के बाद बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। बूथ पर पहुंचने के बाद मतदान केंद्र पर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के बाद सुबह सात बजे से मतदान शुरू करने के पूर्व की सारी महत्वपूर्ण करनी होगी। प्रशिक्षण में बताया गया कि सामग्री वितरण के लिए मतदान दलवार टेबिल लगाएं जाएंगे। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के मतदान केंद्र में लगने वाले दलों से संपर्क कर कम्युनिकेशन के लिए उनके मोबाइल नंबर समेत अन्य जानकारियां लेंगे। सामग्री प्राप्त करने के बाद सामग्री का मिलान कराने का कहा गया है। इसमें ईव्हीएम, बीयू, सीयू एवं वीवीपेट के नंबर आदि मतदान केंद्रवार नोट करें। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। जिले में आगामी 7 मई को सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिये मतदान दलों का गठन किया गया है।

# बाराती बस ट्रक रगड़ाई, बाराती के सिर में आई चोट हुई मौत, बलरामपुर से लौट रही बाराती बस पत्थलगांव के पास हुई हादसे का शिकार, दो अन्य को आई गंभीर चोट




पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बीती रात छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बारात लेकर लौट रही बस से सर निकालना एक युवक को उस वक्त महंगा पड़ गया जब सामने की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक के कुचलकर युवक की मौत हो गई। वहीं इस घटना में दो घायलों को अंबिकापुर रिफर किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ से कई लोग अवतार बस क्रमांक सीजी 13 एजे 2993 में सवार होकर बलरामपुर बारात में गए हुए थे देर रात 11 बजे वहां से वापस लौटते समय अवतार पर जब जशपुर जिले के पत्थगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुखरापारा के पास ही थी कि सामने की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमजी 9654 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक को बस से सटाते हुए निकाल दिया जिससे बस की खिड़की में बैठे बाराती युवक संजय तिवारी पिता रूस तिवारी, अश्विन तिवारी, माधुरी को गंभीर चोट आई। अचानक इस घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और फिर घायलों को तत्काल पत्थलगांव सिविल अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान संजय तिवारी की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायलों को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि रात अधिक हो जाने के कारण संजय अपनी सीट में खिड़की किनारे सोया हुआ था अचानक घट इस घटना के में उसे जरा भी सम्हलने का मौका नही मिला और यह घटना घटित हो गई। बारातियों से भरी बस और ट्रक का घटना स्थल के पास स्थित पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है जिसमें दिख रहा है ट्रक कितनी स्पीड से वाहन चलाते हुए इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में पत्थलगांव थाना प्रभारी भानु प्रताप चंद्राकर ने बताया कि सुखरापारा में बस और ट्रक में भिड़त हो गई जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। जिन्हें तत्काल पत्थलगांव अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो जो गंभीर हैं उन्हें अंबिकापुर रिफर किया गया है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आधार पर ट्रक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# तपती धूप में सड़क पर उतरे डाककर्मियों ने मतदान करने दिया प्रेरक संदेश

## मतदाता जागरुकता रैली की आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरबा अंचल में मतदान के लिये प्रेरित करने प्रेरक संदेश देने प्रधान डाकघर कोरबा की जागृत टीम ने मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन कर मतदान के प्रति आम लोगों में जन-जागरुकता का प्रयास किया। स्वस्फूर्त और शत-प्रतिशत मतदान का संदेश प्रसारित करते हुए शहर में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। प्रधान डाकघर कोरबा की ओर से प्रत्येक शनिवार को मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में प्रधान डाकघर की पूरी टीम ने सुबह 9 बजे नेताजी सुभाष चौक निहारिका से कोसाबाड़ी चौक के बीच रैली आयोजित की गई। मतदान न केवल एक अधिकार है, बल्कि देश के जिम्मेदार नागरिकों के लिए कर्तव्य और एक अनिवार्य जिम्मेदारी भी है, जिसका पालन सुनिश्चित करना सबके लिए जरुरी है। यही जरुरत समझते हुए शनिवार को प्रधान डाकघर कोरबा की टीम ने मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया। प्रधान डाकघर के डाकपाल विजय दुबे की अगुआई में इस रैली में शामिल रही डाक विभाग की टीम ने लोगों को मतदान करने के लिए जागृत किया गया। उन्होंने बताया कि अगले शनिवार को सीएसईबी चौक से पावर हाउस रोड तक रैली आयोजित की जाएगी।

# दो लड़कियों ने तारीफ करते हुए मांगी मदद, फिर अचानक युवक फिल्मी अंदाज में हो गया लूट का शिकार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



फिल्मी अंदाज में होटल में काम करने वाले एक कर्मचारी से दो लडकियों सहित उसके अन्य साथियों ने नगदी रकम की लूट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है। बालीवूड की फिल्मों में आपने देखा होगा कि फिल्म के गुंडे किस तरह नशीली चीज सूंघाकर अपहरण की घटना को अंजाम देते थे। ठीक इसी तर्ज पर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लक्ष्मीपुर इलाके में बीती रात करीब 11 बजे इसी तरह की घटना सामने आई है जिसमें एक होटल कर्मचारी लूट का शिकार हुआ है। पीड़ित जीवन यादव ने बताया कि वह ढिमरापुर में स्थित एक होटल में काम करता है। होटल बंद होनें के बाद वह लक्ष्मीपुर में स्थित घर चला जाता है। बीती रात 11 बजे वह रोजाना की भांति घर जा रहा था इसी बीच लक्ष्मीपुर में स्थित स्कूल के पास उसके पास दो लड़कियां आकर पहले से बातचीत करते हुए कहां काम करते हो पूछा गया और फिर आप बहुत अच्छे हो हमे बाहर जाना है कहते हुए 5 हजार रूपये की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि वह उन लडकियों से बोला कि वह गरीब आदमी है उसके पास कहां से पांच हजार रूपये आयेंगे वह रोज कमाने खाने वाला आदमी है। इसके बावजूद दोनों लड़कियां उसे बातों में उलझाये रखते हुए पैसे की मांग करते रहे। इसी बीच पीछे से कोई आया और नाक में कुछ चीज सुंघा दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गया था और जब उसे होश आया तो उसके पकड़े और बनियान फटे हुए थे और जेब में रखे 2 हजार रूपये गायब मिले। पीड़ित ने यह भी बताया कि वह उन लड़कियों को जानता पहचानता तक नही है साथ ही वह किसी से कोई मतलब रखत ही नही था। काम करने के बाद वह सीधे अपने रूम में जाकर आराम करता था। पीड़ित जीवन यादव ने यह भी बताया कि उसने अपने साथ घटित लूट की पूरी घटना की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में कर दी है। बहरहाल बीती रात फिल्मी अंदाज में लूट का अनोखा मामला सामने आने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

# डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र स्थापित आज से डाक मतपत्र से किया जा सकता है मतदान

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर चाम्पा (अ.जा.) के तहत जिला अंतर्गत आने वाले संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी जो निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी, अनिवार्य सेवा व अन्य मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। मतदान दल में नियुक्त अधिकारियो कर्मचारियों हेतु डाक मतपत्र से मतदान के लिए 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तथा 01 मई 2024 की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही पुलिस कर्मी, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफ एस टी, एस एस टी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य के लिए 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 01 मई, 04 मई और 05 मई की तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र से मतदान के लिए समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा व तहसील कार्यालय जैजैपुर में सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। इसी प्रकार पुलिस कर्मी, होम गार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएसटी, एसएसटी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओं एवं अन्य के लिए कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर जेठा में सुविधा केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा छूटे हुए मतदान कर्मी एवम अन्य द्वारा 06 मई 2024 को सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक सामग्री वितरण एवम संग्रहण केन्द्र, कृषि उपज मण्डी सक्ती में डाक मतपत्र द्वारा मतदान किया जा सकेगा।

# यात्री बस व पिकअप में भिड़त, पिकअप चालक की मौके पर मौत नेशनल हाईवे 49 में खरसिया के पास हुआ सड़क हादसा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ बिलासपुर ओड़िसा को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 49 खरसिया थाना क्षेत्र के बोराई नाले के पास यात्री बस और पिकअप आमने सामने भिडंत हो गई। हादसे से पिकअप के सामने भाग के परखच्चे उड़ते ही चालक की दर्दनाक मौत हो गई तो उसके परिचालक की हालत गंभीर है। खरसिया थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक हेमंत कश्यप ने बताया कि नेशनल हाइवे 49 खरसिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम बरगढ़ के बोराई नाले के पास बीती रात 1 से 2 बजे के बीच बस तथा सफेद रंग की पिकअप क्रमांक दृ सीजी 13 एएच 0224 में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि बस से टकराते ही पिकअप का सामने हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होते ही उसका चालक फंस गया। आधी रात को हुई इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त पिकअप के चालक की पिकअप में ही उसकी मौत हो गई, साथ ही उसका साथी लहूलुहान होकर वह बेसुध है। तड़के सुबह दुर्घटना की भनक लगने पर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। वहीं, पिकअप के मृतक चालक और उसके अधमरे साथी को खरसिया के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया है। चूंकि, जख्मी युवक को होश नहीं आया है इसलिए न ही मृतक और उसकी शिनाख्त हो पाई है व न ही हादसे की पूरी जानकारी। यही वजह है कि शव को मर्च्यूरी रूम में रखवाते हुए पुलिस अब घायल के होश आने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि घटना की असलियत सामने आ सके। फिलहाल, खरसिया पुलिस भादंवि की धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल कर रही है।

# शहर के किशन अंगूरी मधुबन परिसर में 4 एवं 5 मई को होगा श्री हनुमान साधना शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




सिद्धाआश्रम साधक परिवार एवं नारायण मंत्र साधना विज्ञान शाखा शक्ति द्वारा आगामी 4 एवं 5 मई को शक्ति शहर के झूलकदम रोड में स्थित किशन अंगूरी मधुबन परिसर में दो दिवसीय श्री हनुमान साधना शिविर का आयोजन किया गया है, तथा यह आयोजन परम पूज्य स्वामी निखिलेश्वरानंद जी (डॉ नारायण दत्त श्रीमाली जी) की छत्रछाया में परम पूज्य अरविंद श्रीमाली के सानिध्य में आयोजित किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के सक्रिय कार्यकर्ता वेदप्रकाश श्रीवास एवं डॉ गजाधर नितिन चंद्रन ने बताया कि उपरोक्त शिविर को लेकर कार्यक्रम स्थल किशन अंगूरी मधुबन परिसर में वृहद रूप से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है,तथा इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से कार्यकर्ता शामिल होंगे,4 मई को कलश शोभा यात्रा निकलेगी एवं 108 कुंडीय महायज्ञ भी होगा, आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि पहली बार श्री हनुमान जी की साधना का ऐसा विशाल शिविर आयोजित किया जा रहा है तथा परम पूज्य गुरुदेव के सानिध्य में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न होगा, वहीं पूरे आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए आयोजक संस्था सिद्ध आश्रम साधक परिवार एवं नारायण मंत्र साधना विज्ञान शाखा शक्ति के सभी सदस्य सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं, एवं एक-एक गांव में जाकर लोगों को इसका निमंत्रण भी दिया जा रहा है, तथा पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहर सहित ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह भव्य रूप से इसका प्रचार प्रसार कर बड़े होर्डिंग्स भी लगाए गए हैं।

एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने

# लायंस क्लब, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद एवं लाफ्टर क्लब महासंघ ने किया है संयुक्त आयोजन

■ 5 मई को लीवर फाइब्रो स्कैन निशुल्क जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com




आगामी 5 मई 2024 को बिलासपुर शहर के लायंस क्लब भवन सीएमडी चौक बिलासपुर में पहली बार लिवर फाइब्रो स्कैन फ्रांस की अत्याधुनिक पद्धति से लिवर जांच का निशुल्क जांच शिविर किया जा रहा है, जिसमें प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर प्रतीक छाबड़ा आधुनिक मशीनों से लीवर की केवल 3 मिनट में ही जांच कर रिपोर्ट देंगे तथा यह जांच 4500 रुपए के खर्चे पर की जाती है जो की पूर्ण रूप से निशुल्क की जाएगी, उपरोक्त कार्यक्रम के संयोजक छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, लायंस क्लब बिलासपुर एवं लाफ्टर क्लब महासंघ बिलासपुर के द्वारा संयुक्त रूप से लायंस भवन सीएमडी चौक बिलासपुर में आयोजित किया गया है, तथा इस शिविर में सुबह 11:00 से शाम 4:00 बजे तक आने वाले लोगों की लीवर की निशुल्क जांच की जाएगी,कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि ऐसा शिविर का आयोजन पहली बार किया जा रहा है, तथा इस शिविर में फ्रांस की अत्याधुनिक पद्धति से निर्मित मशीन से जांच की जाएगी तथा इस शिविर के लिए आयोजक संस्था लाफ्टर क्लब महासंघ बिलासपुर के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, महासचिव डीपी गुप्ता, महासचिव प्रकाश जोशी एवं कोषाध्यक्ष दिनेश शुक्ला मोबाइल नंबर 74155 64899 तथा अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, राष्ट्रीय महासचिव मदन मोहन अग्रवाल मोबाइल नंबर- 9425536246, विद्या केडिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा लायंस क्लब बिलासपुर के लायंस उमेश मुरारका अध्यक्ष मोबाइल नंबर-9827156975,लायन नवीन कुमार अग्रवाल सचिव एवं लायन दर्शन छाबड़ा कोषाध्यक्ष से संपर्क कर अग्रिम पंजीयन करवाए जा सकता है, कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू ने समस्त नागरिक बंधुओ से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# शहर के श्याम बाजार में राहगीरों को पिलाया एनर्जी ड्रिंक

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



विगत कई वर्षो से निरंतर कोलकाता महानगर में सेवा रचनात्मक तथा सामाजिक कार्यों को गति देने में अग्रणी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों से विभिन्न मंचों पर सम्मानित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की कोलकाता वृहत्तर शाखा ने 27 अप्रैल को वर्तमान में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्थानीय लायंस क्लब की शाखा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कोलकाता शहर के श्याम बाजार के पांच माथा मोड पर सुबह से ही तपती दोपहरी में अपने सभी सदस्यों के साथ उपस्थित होकर आने जाने वाले राहगिरो को एनर्जी ड्रिंक पिलाया, साथ ही इस अवसर पर शाखा के सदस्यों ने भी उत्साह के साथ पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होकर इस सेवा कार्य में अपनी भागीदारी करी, वहीं इस अवसर पर कोलकाता वृहत्तर शाखा की अध्यक्ष संगीता सेक्सरिया ने बताया कि हमारी शाखा निरंतर सेवा कामों में अग्रणी रहती है, तथा गर्मी के दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर ऐसे सेवा के स्टाल लगाए जाते हैं,जिससे लोगों को इस गर्मी से राहत दिलाई जा सके, वहीं संगीता सेक्सरियां ने बताया कि उनके सभी कार्यक्रमों में शाखा के सदस्यों का निरंतर योगदान मिलता है, एवं तपती दोपहरी में आज लोग जहां परेशान है तो वहीं एनर्जी ड्रिंक मिलने से लोगों को काफी राहत मिल रही है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की कोलकाता वृहत्तर शाखा के इस सेवा कार्य को देखते हुए अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल सहित केंद्रीय पदाधिकारीयों ने भी शाखा की सक्रियता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है, वहीं 27 अप्रैल को आयोजित सेवा शिविर में प्रमुख रूप से वृहत्तर शाखा की अध्यक्ष संगीता सेक्सरिया, रेखा गोयंका, संगीता श्रद्धा हमीरवासिया सहित काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे, एवं इस कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब के साथ मिलकर संयुक्त रूप से किया गया।

**पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण**

# जिले में 29 अप्रैल से डाक मतपत्र से किया जा सकता है मतदान

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों कर्मचारियों, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित करने का आदेश दिया गया है। सुविधा केंद्रों के माध्यम से मतदान दल में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र द्वारा मतदान के लिए 29 अप्रैल से 1 मई 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही पुलिस कर्मी, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएस टी, एस एस टी,अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य के लिए 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 01 मई, 04 मई और 05 मई की तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र से मतदान के लिए समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है,जारी आदेश के तहत मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा और कार्यालय तहसीलदार जैजैपुर में सुविधा केंद्र स्थापित किये जायेंगे। इसी प्रकार पुलिस कर्मी, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफएस टी, एस एस टी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर सक्ती में सुविधा केंद्र बनाया जाएगा। इसके अलावा छूटे हुए मतदान कर्मी एवं अन्य के लिए 6 मई 2024 को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक सामग्री वितरण एवं संग्रहण केंद्र, कृषि उपज मंडी सक्ती में डाक मतपत्र में मतदान किया जा सकेगा।

## पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान दल का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सोम के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियों कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण 26 अप्रैल से 27 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में (प्रथम पाली सुबह 8:00 बजे से 12:00 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) दिया गया।लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आयोजित द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित करने तथा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियो कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपोल, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक जानकारियों का बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियो कर्मचारियों को निष्पक्ष और सकुशल निर्वाचन कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये।

# नाव डूबने से मौत के मामले में परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत

■ मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान जारी, राशि खाते में अंतरित

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अनुविभाग खरसिया अंतर्गत ग्राम-अंजोरीपाली के 8 लोगों की प्राकृतिक आपदा पानी (नदी)में डूबने से असामयिक मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया के प्रकरण पश्चात पात्रतानुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लाक के निवासी उड़ीसा के पथरसेनी में मंदिर दर्शन हेतु गये थे। महानदी तट से वे लकड़ी की नाव (डोंगा) में सवार होकर मंदिर तक पहुंचे तथा दर्शन के बाद वापस लौटते समय यह दुखद घटना घटित हुई थी। उक्त घटना में मृतक सभी 8 लोगों को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 4-4 लाख रुपये की मान से कुल 32 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत कर जारी की गई है। जो कि संबंधित के खातों में अंतरित हो गई है। प्राकृतिक आपदा से असामयिक मृत्यु पर विपत्ति ग्रस्त व्यक्तिध्परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत वित्तीय सहायता स्वीकृत करना आदर्श आचार संहिता के दायरे से बाहर होता है।

# जशपुर जिले में आज से शुरू हुई होम वोटिंग

## बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जशपुर जिले में तीसरे व अंतिम चरण में 7 मई को मतदान होना है। इससे पहले आज से होम वोटिंग शुरू हो गई है। होम वोटिंग को लेकर बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के हर एक नागरिक को मतदान में शामिल होने एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु होम वोटिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसका लाभ शारीरिक असमर्थता एवं वृद्धावस्था के कारण मतदान केन्द्र तक पहुँच पाने में असमर्थ अनेक बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाता को मिल रहा है। वे अपने घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग आसानी से कर पा रहे हैं। पहले दिन जशपुर शहर सहित जिले भर में इसकी बानगी देखने को मिली, जहां होमवोटिंग करते हुए मतदाताओं ने उत्साह दिखाया और अपनी खुशी भी जाहिर की। जशपुर के गम्हरिया निवासी 86 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रंगू भगत ने कहा कि निर्वाचन विभाग की ओर से शुरू किए इस पहल से हम जैसे लोगों को वोटिंग में सुविधा हो रही है। मेरे पैर में दिक्कत होने से मुझे चलने-फिरने में दिक्कत है। अब यह सुविधा होने पर वोटिंग करने में बहुत सुविधा मिल रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी मैंने घर पर ही वोट किया था। इसी तरह होम वोटिंग कराने के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी जशपुर के कल्याण आश्रम निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता रमेश पाध्ये के घर पहुंचे तो वे अपने घर में मतदान अधिकारियों को देखकर खुश हुए।

अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी निभाने का मुझे भी मौका मिला। इस सुविधा से घर पर ही रहकर हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे है इसके लिए निर्वाचन आयोग और सभी अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। दरअसल लोकतंत्र के इस महापर्व में सब अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके, इस हेतु लोकसभा आम चुनाव-2024 में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा के लिए आयोग ने यह नवाचार शुरू किया है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। इसके चलते शारीरिक असमर्थता तथा अति वृद्धावस्था के कारण बूथ तक पहुंचकर मतदान करने में असमर्थ लोगों ने होम वोटिंग के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी दे रहे हैं। अनुपस्थित श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांगजनों ने अपने घर पर ही मतदान किया है और उन्होंने निर्वाचन आयोग की इस सुविधा पर खुशी जताई है। होम वोटिंग को लेकर लोगों में गजब का उत्साह है। डाक मत पत्र के माध्यम से हो रही वोटिंग व्यवस्था से बुजुर्ग, और दिव्यांगों को राहत मिलने के साथ ही मतदान का आंकड़ा बढ़ने की भी उम्मीद जगी है।

# शासकीय दूधाधारी महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्राओं के पुनर्मिलन हेतु कार्यक्रम होटल बेबीलोन में आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय दूधाधारी महाविद्यालय रायपुर के 1990 की बैच के भूतपूर्व छात्राओं के पुनर्मिलन हेतु उक्त कार्यक्रम को होटल बेबीलोन मेंआयोजित किया गया था जिसमें शामिल होने के लिए देश के विभिन्न शहरों मैं निवासरत एवं कुछ छात्राएं जो विदेशों में रह रही हैं फिर भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपने पुराने शहर रायपुर मे आये थे। इस कार्यक्रम में विपुल शुक्ला लीना रमन पिल्ले राखी तिवारी संगीता निहाल किरण अग्रवाल वैजयंती चंद्राकर आस्था श्रीवास्तव प्रगति चौहान भावना बैस लक्ष्मी शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने किया मतदान केन्द्रों निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायगढ़ लोकसभा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने जशपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जरिया, पंडरापाठ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

प्रेक्षक डॉ अंशज सिंह ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ से चर्चा कर मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी तथा जिनकी मृत्यु हो गई है एवं अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं उन मतदाताओं की जानकारी ली।

# पक्की सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का किया बहिष्कार



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विकास खंड के ग्राम पंचायत मल्दामाल के आश्रित ग्राम कस्तूराबहाल के ग्रामीण पक्की सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया था। ग्रामीणों की समस्या का सुध लेने निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी मुकेश अग्रवाल ग्रामीणों के बीच पहुंचे और कहा कि आचार संहिता के बाद अगर शासन प्रशासन सड़क नहीं बनवाई तो मैं बनाऊंगा सड़क! ज्ञात हो कि कि समाज सेवी मुकेश अग्रवाल पिछले 02 दशक से आम जन के बीच रहते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और तन मन धन से सभी की मदद करते आ रहे हैं! ज्ञात हो कि 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव का ग्राम कस्तुराबहल के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया था! ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग थी कि 77 सालों में कस्तुराबहाल के बाज़ार पड़ाव से बांजीबहाल तक पक्की सड़क



निर्माण नहीं कराया गया है जो कि मांग पूरी नहीं हुई इसलिए वोट नहीं डाले! यहां पर कुल मतदाता 06सौ के लगभग हैं! प्रशासन भी ग्रामीणों को नहीं मना पाते।

# नमो युवा चौपाल कार्यक्रम संपन्न

## राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका-रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



लरंगसाय चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया था, जिसमे छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के साथ सरगुजा लोकसभा के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज एवं भजयुमो प्रदेश मंत्री अंकित जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि लोकसभा के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज के पक्ष में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर प्रचार प्रसार करते हुए इनको विजय दिलाने में अपनी महती भूमिका अदा करें। उन्होंने युवाओं के साथ संवाद करते हुए राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपना भरपूर योगदान करने की अपील की। नेताम ने आगे कहाँ की समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में युवाओं की क्रांतिकारी भूमिका होती है। युवा देश के विकास में रीढ़ की हड्डी सबित होते हैं। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता अनूप तिवारी,जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री शैलेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता,अरुण केसरी,भारतीय जनता युवा मोर्चा ज़िला महामंत्री अश्वनी गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार एवं मीडिया प्रभारी अजय यादव,भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अशर्फी यादव, मंडल महामंत्री सिद्धांत यादव,विक्रम गुप्ता,अमित सिंह,शुभम गुप्ता,आकाश गुप्ता,वतन गुप्ता,निखिल शोनी,मोनू ,यस विशाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में 15 से अधिक एनएसयूआई के कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा से शामिल हुए जिन्हें कृषि मंत्री राम विचार नेताओं ने गले में लाल गमछा एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

# श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी गठित, सुनील जैन अध्यक्ष, पवन अग्रवाल सचिव बने





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अग्रवाल सभा कोरबा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल (शरद सौरभ) द्वारा श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के अध्यक्ष पद पर सुनील जैन (टोनी) व सचिव पद पर पवन अग्रवाल (आरती मोटर्स) की नियुक्ति की गई। तत्पश्चात् नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जैन के द्वारा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल की सर्वसम्मति से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। श्री जैन ने बताया कि सत्र 2024-26 के लिए उनके द्वारा 10 उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है, जिनमें सजन अग्रवाल, दिव्यानंद अग्रवाल (डब्बू), सीए आशीष खेतान, श्यामलाल अग्रवाल, सीए आशीष अग्रवाल, इंजी. योगेश गोयल, जितेन्द्र अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रितु बुधिया शामिल हैं। इसी तरह पवन अग्रवाल को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त उत्कर्ष अग्रवाल सहसचिव, पुरूषोत्तम गुप्ता कोषाध्यक्ष, सीए अभिषेक अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष, कीर्ति कुमार अग्रवाल जनसंपर्क अधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य सौरभ अग्रवाल, अमित अग्रवाल (सीतामणी), अमित अग्रवाल (साई कोचिंग), सोनल कुमार अग्रवाल, संजय केडिया, कृष्णा अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, इंजी. शीतल बजाज, इंजी. प्रियंका अग्रवाल, सुमन केडिया, आभा अग्रवाल, प्रहलाद अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की नवीन कार्यकारिणी गठित होने पर महाविद्यालय परिवार व अग्रवाल सभा के सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। महाविद्यालय के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि इस सत्र में महाविद्यालय के लिए अनेक नवीन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# निर्माणाधीन आवास को अपना बता कर तोड़ने लगे किया विवाद, गैंती से मार कर की हत्या

## आरोपियों को भेजा जेल



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सागरपाली के लगा ग्राम बिजराभांठा का है, जहां 27 अप्रैल सुबह 08 बजे जमीन विवाद में हत्या को अंजाम दिया गया है! मृतक की बहू दीपांजलि बरिहा ने FIR दर्ज कराया है! उनका कथन है कि ग्राम बिजराभांठा में हमारे घर से लगा हुआ गांव के, मुरली यादव व किरीत राम यादव का मकान है मेरे ससुर के चाचा जगत सिंह बरिहा का कोई बेटा नहीं है। जगत सिंह बरिहा का देखरेख पालन पोषण हम लोग कर रहे हैं। जगत सिंह बरिहा के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है जिसका मकान निर्माण मेरे ससुर गनपत बरिहा अपने निजी भूमि पर करवा रहे हैं। दिवाल खड़ा कर चुके थे गांव का मुरली यादव व किरीत यादव उक्त प्रधानमंत्री आवास निर्माणाधीन स्थान को अपना जमीन बताकर 27 अप्रैल की सुबह 7 बजे दोनों तोड़ने लगे। जिसे मेरे ससुर गनपत बरिहा ने मना किया तो दोनों उनसे मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर लड़ाई झगड़ा किये। लड़ाई झगड़ा के दौरान मैं वहीं पर खड़ी थी मेरे सामने ही मुरली यादव साले को जान सहित मार दूंगा कहकर अपने हाथ में रखे गैंती से मेरे ससुर के सिर के पिछले हिस्से में मार दिया। जिससे गंभीर चोट लगा खून बहने लगा। मैं डर के मारे भागकर अपने सास सुरजाबाई को खेत बुलाने गई तथा सरपंच पति लालचंद अग्रवाल को घटना के बारे में बताई। जिन्होने ससुर गनपत को तुरंत अस्पताल ले जाने व रिपोर्ट करने की सलाह दिये! मामले में दीपांजलि ने अपनी सास सुरजाबाई , भांजा बोधन के साथ ससुर को ईलाज हेतु सरायपाली हॉस्पीटल लेकर आई। सरायपाली अस्पताल के डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मेरे ससुर की मौत, मुरली यादव एवं किरीत यादव द्वारा लड़ाई झगड़ा मारपीट करने सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है। घटना को मेरे अलावा वहां पर उपस्थित आसपास के लोगों ने देखे सुने हैं तथा घटना की जानकारी मैनें सास सुरजाबाई बरिहा ,भांजा बोधन व ग्राम सरपंच पति लालचंद अग्रवाल को बतलायी हूं। उक्त आरोपी 01) मुरलीधर यादव, पिता शौकिलाल यादव, उम्र 39 वर्ष साकिन बिजराभाटा, 02) किरीत लाल यादव पिता शौकीलाल यादव उम्र 43 वर्ष साकिन बिजराभाटा, को हत्या के मामले में द्धश्चष्ठ की धारा 302, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# चंगोरी रेत घाट में लीज क्षेत्र से बाहर रेत का अवैध खनन

## कार्रवाई करने की मांग तेज



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन से करीब18 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम पंचायत चंगोरी हैं जंहा प्रशासन ने रेत घाट की तो स्वीकृति दिया है लेकिन स्वीकृति के आड़ में रेत के कारोबारी चंगोरी में लीज क्षेत्र से बहार रेत की अवैध खनन बदस्तूर जारी है, लीज क्षेत्र के बाहर के अलावा रेत के कारोबारी चंगोरी क्षेत्र के समीप गॉव पिकरी, छेछर ,सेमरिया के एरिया में भी रेत खनन अवैध रूप से किये जा रहे हैं जिससे खनिज विभाग को वर्तमान समय में प्रतिदिन लाखों की राजश्व नुकसान हो रहा है।यदि समय रहते कार्रवाई नहीं किये गए तो निश्चित राजश्व घाटा का आंकड़ा प्रतिदिन करोड़ो रूपये में जाएगा, वंही छेछर ,पिकरी सेमरिया के ग्रामीण आंदोलन की तैयारी में भविष्य में कोई भी घटना निर्मित हो सकती है इसीलिए प्रशासन को समय रहते चंगोरी रेत घाट पर लीज क्षेत्र के बाहर खनन पर डंडा चलाना चाहिए।

# अब ढीले पड़ते जा रहे हैं नक्सलियों के हाथ-पांव

## दो ईनामी समेत पांच नक्सलियों का समर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस और सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव से जहां बस्तर संभाग में सक्रिय नक्सलियों के हाथ पांव ढीले पड़ते जा रहे हैं, वहीं राज्य सरकार की पुनर्वास नीति का भी सकारात्मक असर दिखने लगा है। शासन की नीति से प्रभावित हो नक्सली आत्म समर्पण कर समाज की मुख्यधारा से फिर से जुड़ने लगे हैं। बस्तर संभाग के सुकमा जिले में तो नक्सलियों के आत्मसमर्पण का सिलसिला ही चल पड़ा है। सुकमा जिले में फिर एक एक लाख रुपए की ईनामी दो महिला नक्सलियों समेत पांच नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान (नई सुबह-नई शुरुआत) से प्रभावित होकर एवं अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने के चलते इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली थाना भेजी, किस्टाराम एवं पोलमपल्ली क्षेत्र के निवासी हैं। इन नक्सलियों को आत्म समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में सुकमा डीआरजी टीम गोल्फ, विशेष आसूचना शाखा जिला सुकमा, रेंज फिल्ड टीम सीआरपीएफ सुकमा एवं 212वीं व 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ की आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., दंतेवाड़ा के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कोंटा सीआरपीएफ परिचालन के उप महानिरीक्षक सुनीत कुमार राय, उप पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) सीआरपीएफ रेंज सुकमा अरविंद राय के मार्गदर्शन एवं सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, सीआरपीएफ 212वीं वाहिनी के कमांडेंट दीपक कुमार श्रीवास्तव, सीआरपीएफ 217वीं वाहिनी के कमांडेंट सतीश कुमार दुबे व सुरेश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी डीआईजी ऑफिस सुकमा रेंज, गजेंद्र बहादुर सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ एवं निखिल अशोक कुमार राखेचा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा के पर्यवेक्षण में यह कामयाबी मिली है। इन अफसरों के सुपरविजन में छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंप स्थापना से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन, खोखली विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा किए जा रहे भेदभाव व स्थानीय आदिवासियों के साथ की जा रही निर्मम हिंसा से त्रस्त होकर प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय 5 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। इनमें एक लाख की ईनामी नक्सली 24 वर्षीय माड़वी आयते पिता सुक्का मुरिया आरपीसी अंतर्गत सीएनएम अध्यक्ष निवासी सिंघनमड़गू थाना किस्टाराम जिला सुकमा, एक लाख की ईनामी 19 वर्षीय वेट्टी लाली पिता गंगा मुरिया अरलमपल्ली पंचायत सीएनएम अध्यक्षा निवासी अरलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा, 35 वर्षीय मड़कम भीमा पिता देवा मुरिया पालाचलमा आरपीसी अंतर्गत मिलिशिया सदस्य निवासी तुमीरपाड़ थाना किस्टाराम जिला सुकमा, 27 वर्षीय पदाम कमलेश पिता स्व. पोज्जा मुरिया कोंटा एरिया कमेटी अंतर्गत जनताना सरकार स्कूल अध्यक्ष निवासी बोधराजपदर थाना भेजी जिला सुकमा और 48 वर्षीय सोड़ी मासा पिता बंडी मुरिया साकलेर आरपीसी मेडिकल टीम निवासी साकलेर थाना किस्टाराम जिला सुकमा ने 27 अप्रैल को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में मनीष रात्रे, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा एवं सूबेदार मेजर कुंभाराम यादव 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। वेट्टी लाली को समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में रेंज फील्ड टीम सीआरपीएफ सुकमा, माड़वी आयते को समर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में विशेष आसूचना शाखा सुकमा, पदाम कमलेश को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में सुकमा डीआरजी टीम 'गोल्फ' का एवं सोड़ी मासा एवं मड़कम भीमा को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित करने में 212वीं वाहिनी सीआरपीएफ की गुप्तचर शाखा का विशेष योगदान रहा है।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र,धोखा पत्र,तुष्टिकरण पत्र, अपराधियों को संरक्षण देने वाला : शिवरतन शर्मा

## भाजपा ने प्रेस वार्ता कर खोली कांग्रेस के घोषणा पत्र की पोल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर कांग्रेस ने यह फिर साफ कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासियों ओबीसी और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है। शर्मा ने कहा कि सम्पत्ति का सर्वे कर सम्पत्ति को बाँट देने और फिर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-टैक्स का राग आलापने के बाद अब सरकारी ठेकों तक में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर शेयर देने की बात से कांग्रेस का आदिवासी, ओबीसी और अजा विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शर्मा ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातो में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है उसमे लिखा है ङ्क ÷हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले।÷ शर्मा ने सवाल किया कि कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' में उचित हिस्सा मिले? क्या तकनीकी और वित्तीय बोली के साथ धार्मिक कोटा भी होगा? क्या मुस्लिमों के पक्ष में योग्य बोलीदाताओं, जो कि अन्य धर्मों से रहेंगे, की अनदेखी की जाएगी? क्या सार्वजनिक अनुबंध हासिल करने के लिए हिंदुओं को अल्पसंख्यकों के अधीन बनना होगा, भले ही वे स्वयं ऐसा करने में सक्षम हों? क्या कांग्रेस यह कहकर 'टेंडर घोटाला' की नींव नहीं रख रही है? भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस न केवल एससी/एसटी/ओबीसी की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है, सोना और उनके मंगलसूत्र सहित हिंदू महिलाओं की छोटी बचत को अपने कब्जे में लेना चाहती है. बल्कि इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करना चाहती है। कांग्रेस यह कैसा भारत बनाना चाहती है? शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी यह भी लिखा है कि अल्पसंख्यकों का आर्थिक विकास बहुत जरूरी है। बैंकों से उन्हें पर्याप्त लोन मिले, यह भी कांग्रेस सुनिश्चित करेगी। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े हर तबके के किए कार्य किए हैं, लेकिन कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल अल्पसंख्यकों की बात कर रहा है जिससे देशवासियों में भारी नाराजगी है।

# बराबर की स्थिति में भाजपा और कांग्रेस, अधिक मतदान प्रतिशत से दोनों दलों को फायदा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के लिए इस बार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में रिकॉर्ड तोड़ मतदान ने भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों को बराबर की स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया है। फिलहाल इस बात का अंदाजा लगाना मुमकिन नहीं है कि जनता जनार्दन का रूख चुनाव में किस ओर रहा है । गौरतलब है कि महिलाओं ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया है लेकिन वो नारी वंदन योजना के पक्ष में रही हैं या नारी न्याय योजना में सालाना एक लाख के वशीभूत हैं यह स्पष्ट नहीं है। मतदान के पश्चात मैदानी क्षेत्रों से मिलने वाले संकेतों से इस बात की संभावना दिखाई देती है कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में पिछले 15 सालों से चला आ रहा भाजपा का तिलस्म इस बार भी नहीं टूटेगा लेकिन यदि ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो भूपेश बघेल बाजी मारते नजर आते हैं।

इस बार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में तीन फीसदी से भी ज्यादा मतदान हुआ है। मतदान का आंकड़ा 77 फीसदी को पार कर गया। भीषण गर्मी और शादी-ब्याह का माहौल होने के बावजूद भारी संख्या में लोगों का मतदान के लिए बाहर निकलना, इस बात का संकेत है कि मतदाताओं का सामूहिक निर्णय ही भाजपा कांग्रेस की दशा और दिशा तय करेगा। गौरतलब है कि पिछले सभी चुनाव की अपेक्षा इस बार का लोकसभा चुनाव नीरसता से भरा हुआ रहा है । ज्यादातर क्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस के ना तो प्रत्याशी पहुँच पाए और ना ही स्थानीय नेताओं ने जनता के बीच जाना उचित समझा जिसका बड़ा प्रभाव इस बार के चुनाव परिणामों में देखने को मिलेगा । शुक्रवार को मतदान कर निकलती जनता का मूड जानने पर यह पता लगता है कि मतदाताओं पर मोदी का प्रभाव तो है लेकिन जनता मंहगाई की मार से भी त्रस्त है । आम जनता दोनों ही राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से असंतुष्ट भी हैं। ज्यादातर जगहों पर मतदाताओं की यह शिकायत थी कि सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे का पिछले 5 सालों में उनसे संपर्क काफी कम या नहीं रहा। मतदाता इस बात की भी उलाहना देते दिखे कि केंद्र से संबंधित काम भी कम हुए और गांवों की समस्या जस की तस है। वे कांग्रेस पार्टी से भी नाराज दिखे क्योंकि प्रदेश में पिछले 5 सालों में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद उनके क्षेत्र में काम नहीं हुए। उनका साफ कहना है कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं पांच साल सांसद रहते हुए भी भाजपा के संतोष पांडेय भी उनके क्षेत्र में झाँकने भी नहीं आये ।

## विधानसभा में भी दोनों दलों को नफा और नुकसान

अगर बात करें विधानसभा क्षेत्रों की, तो विधानसभा चुनाव में जिन क्षेत्रों में भाजपा ने लीड ली थी वहां अभी भी भाजपा बढ़त पर दिखाई देती है लेकिन शायद लीड पहले की तरह ना हो पाए। दूसरी ओर डोंगरगांव, डोंगरगढ़ और खैरागढ़ में कांग्रेस पिछली बार की अपेक्षा ज्यादा लीड लेते हुए दिखती है। दूसरी ओर कांग्रेस के कब्जे वाली मोहला- मानपुर और खुज्जी की सीटों पर कांग्रेस मजबूत दिखती है लेकिन रहा सवाल राजनांदगांव , कवर्धा और पंडरिया का, तो इन तीनों सीटों पर भाजपा की लीड बढ़ती नजर आती है ।

## मैनेजमेंट में दोनों ही पार्टी फेल

बात की जाए पार्टी कार्यकर्ताओं माहौल और मैनेजमेंट की, तो इन तीनों ही मामलों में भाजपा, कांग्रेस से आगे निकल गई लेकिन आम जनता के बीच सभी जगह पहुँच पाने में वो असफल रही और कार्यकताओं का वैसा सम्मान नहीं हो पाया जैसा विधानसभा में हुआ था। कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को लेकर पार्टी के भीतर भयंकर असंतोष था और इस 'डैमेज कंट्रोल' को पार्टी आखिरी तक नहीं संभाल पाई। दरअसल ऐसा लगा ही नहीं कि कांग्रेस ने इसके लिये गंभीरता से कोई उपाय किये। इसकी सबसे बड़ी वजह यह रही कि भूपेश बघेल का मैनेजमेंट संभालने वाले और रणनीति बनाने वाले तमाम लोग बाहरी थे जिन्हें राजनांदगांव की राजनीतिक समझ का जरा भी ज्ञान नहीं था। कार्यकर्ता तो नाराज थे ही लेकिन प्रमुख नेताओं और यहां तक की विधायकों ने भी मन से काम नहीं किया। अगर बात करें मैनेजमेंट और प्रचार-प्रसार की तो इस मामले में भी कांग्रेस का फ्लॉप शो रहा। ना शहर में उसके बैनर-पोस्टर नजर आए ना रैली, नुक्कड़ सभाएं हुईं। मतदान के एक दिन पहले का मैनेजमेंट देख कर तो ऐसा लगा जैसे कांग्रेस ने आत्मसमर्पण ही कर दिया हो। यहां तक की पहली बार कांग्रेस ने अखबारों में मतदान की अपील तक नहीं की। दूसरी ओर भाजपा का मैनेजमेंट और उसकी रणनीति ठीक रही। ना तो पार्टी में भीतरघात नजर आया और ना ही खुलाघात जैसी स्थिति थी। शुरुआत से ही पार्टी ने बड़े नेताओं को राजनांदगांव में बैठा दिया था जिन्होंने सारा कामकाज देखा और मॉनिटरिंग की।

# राशन विक्रेता की मनमानी से ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल रहा राशन




पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम पंचायत देवकट्टा में राशन विक्रेता की मनमानी के चलते खाद्यान्न सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को राशन लेने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम के हितग्राही चंद्रेश पटेल, किशन मारकंडे, भूषण, उमेश्वर पटेल, चरणदास मारकंडे, राम सिंह, भगवंतीन, उषा पटेल, सांता कवंर, मीणा, गिरजा निषाद, शुकवारो बाई, दसरी ने बताया कि ग्राम में स्थित राशन दुकान आई डी क्रमांक 422004036 के राशन विक्रेता धर्मेंद्र गायकवाड द्वारा दुकान को सुबह आठ खोलने का समय रखा गया है किंतु मनमानी के चलते उक्त दुकान को 11 बजे खोला जाता है। चूंकि अभी महीना खत्म होने को तीन दिन शेष रह गए हैं ऐसे में गांव के आधे से ज्यादा हितग्राहियों को खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है और ग्रामीणों को राशन छुड़ाने के लिए उक्त दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि राशन विक्रेता द्वारा पहले महीने का राशन दूसरे महीने के आते तक दिया जाता है जबकि जिस माह का राशन है उसे उसी माह हितग्राही को देने का शासन द्वारा निर्देश है बावजूद इसके राशन विक्रेता धर्मेंद्र की मनमानी के चलते ग्रामीणों को हर माह परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से लापरवाही बरतने वाले उक्त राशन विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम के सरपंच हेमिन पुरण वर्मा ने बताया कि हर माह का राशन विक्रेता द्वारा महीने के 10 से 15 तारीख के अंदर दिया जाता है लेकिन इस गांव में महीने के 20 तारीख के बाद राशन देना शुरू किया जाता है। जबकि कई बार ग्रामीणों की समस्या को लेकर राशन विक्रेता को अवगत कराया गया है। दुकान में 110 क्विंटल पुरानी रिकवरी बताई जाती है शायद उसको मेंटेनेंस करने के लिए दूसरे महीने तक राशन को खींचा जा रहा है और चालू महीने के राशन नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# धर्मांतरण का आरोप, कालोनी में बवाल




पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रविवार के दिन शहर के एक कालोनी में धर्मांतरण के मामले को लेकर जमकर बवाल हुआ। रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने कॉलोनी के पास केरला भवन में क्रिश्चियन समाज के लोगों के द्वारा अंधविश्वास फैलाकर भूत-प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर लोगों को और आसपास के रहने वाले हिन्दुओं को ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डाले जाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल किया इस दौरान हिन्दू संगठन से जुड़े लोग भी वहां मौजूद रहे । विरोध करने वालों ने बताया कि केरला भवन आने वालों लोगों को प्रेतबाधा के नाम पर मारा व पीटा जाता है वहां से लगातार डरावनी आवाज निकालकर बहुत शोर शराबा किया जाता है जिससे आसपास का वातावरण बहुत खराब हो जाता है । हिन्दू संगठन के लोगों ने कहा कि ईसाईयों द्वारा धर्मांतरण का काम बहुत तेजी से किया जा रहा है उनके कारण वहां बहुत लोग उनके पैसे रोग, भूत बाधा दूर करने जैसे प्रलोभन के कारण धर्मांतरित हो रहे हैं । मामला बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को बसंतपुर थाने ले गई ।

# नहर लाइनिंग में मनमानी, किसानों ने लगाया भ्रष्टचार का आरोप

■ लिखित में की शिकायत, बाट गांव से छोटे बिरेझर तक होगा लाइनिंग का कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ घूमका
www.dailypioneer.com

घुमका क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए किए जा रहे नहर लाइनिंग का काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इस मामले में नाराज किसानों ने विभाग के अधिकारियों को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है । इसके बाद भी किसानों की शिकायत पर अब तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर अब किसान आंदोलन की भी बात कर रहे हैं।

ग्राम सलोनी ने किसानों ने निमार्णाधीन नहर लाइनिंग में खेतों तक जाने के लिए पुल निर्माण की मांग विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से शनिवार को हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन दी है आवेदन में गुणवत्ता विहीन कार्य होने का जिक्र भी किया गया है। इस आवेदन में नरेंद्र कुमार साहू, चुम्मन साहू, खोम लाल पाल, तिजू यादव, फकीर साहू, लील दास साहू, घनश्याम साहू, रतन यादव, कन्हैया यादव, कपूर वर्मा आदि लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन विभाग में प्रस्तुत कर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिए जाने का उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि रुसे बांध से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए 13 करोड़ की लागत से 16 किलो मीटर कैनाल की लाइनिंग का कार्य जारी है। विभागीय जानकारी के अनुसार ग्राम रुसे से बाट गांव तक 15 किलोमीटर तक की लाइनिंग का



कार्य पूर्व में पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में बाटगांव से छोटे बिरेझर तक हो रहे नहर लाइनिंग के कार्य से असंतुष्ट किसानों ने गुणवत्ता विहीन कार्य होने की शिकायत की है। पूर्व सरपंच केशव जंघेल, कांग्रेस के जिला महासचिव नवीन लूनिया, किसान नेता दीपक वर्मा ,विशाल पटेल ने बताया कि यहां बाटगांव से बिरेझर तक नहर लाइनिंग के कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। गुणवत्ता विहीन निर्माण की जा रही है लाइनिंग का निर्माण का अधिकारी मानिटरिंग भी नहीं कर रहे हैं। कार्य स्थल पर ना तो टाइम कीपर उपस्थित रहते है और ना ही सब इंजीनियर रहते हैं। यहाँ पूरा लाइनिंग का कार्य गैंगमेन के भरोसे - चल रहा है जबकि गेंग मेन को कोई टेक्निकल जानकारी नहीं है। इस मामले को लेकर ईई मनोज कुमार पराते ने कहा यदि गुणवत्ता विहीन निर्माण हो रहा होगा तो निर्माण को ध्वस्त कर पुननिर्माण कराया जाएगा ।

## व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप

ग्राम सलोनी के किसानों ने बताया कि यहाँ नहर नाली से पार कर खेतों तक पहुंचने के लिए जहां पुल की आवश्यकता है। वहाँ पर निर्माण नहीं कर एक किसान से सांठ-गांठ कर व्यक्ति गत उन्हें लाभ पहुंचाने पुल का निर्माण कराया जा रहा है जो कि अन्य किसान खेतों तक पहुंच मार्ग की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। उक्त विषयों को लेकर विभाग के ई ई मनोज कुमार पराते को अवगत करा दिया गया है किन्तु अब तक उक्त किसानों को राहत नहीं मिला है । रुसे नहर लाइनिंग का कार्य किसानों के सुविधाओं को नजर अंदाज कर मन माफिक की जा रही है।

# जामसरार फॉर्महाउस में ब्लॉस्ट, नक्सल घटना की आशंका

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से 5 किमी दूर गाँव जामसरार स्थित फॉर्महाउस में रविवार सुबह ब्लॉस्ट हो गया। घटना सुबह साढ़े 6 बजे की बताई जा रही है। उक्त घटना में फॉर्महाउस में कार्यरत युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक के शरीर कई हिस्सों में बरामद हुए। ब्लॉस्ट के बाद पुलिस टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौका मुआयना कर पड़ताल प्रारंभ कर दिया है। पुलिस थाना मुख्यालय डोंगरगांव नगर से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर पश्चिम दिशा में गांव जामसरार स्थित है। जामसरार



में कांग्रेसनेता व पुर्व जिला पंचायत सभापति सँतोष वैष्णव उर्फ सँतोष दाऊ का फॉर्महाउस है। इसी फॉर्महाउस में रविवार सुबह साढ़े 6 बजे एक फार्म के मोटरपंप बोर्ड के पास भीषण धमाका हुआ। इस धमाके की आवाज लगभग 3 किमी तक सुनाई देने की चर्चा है। ब्लॉस्ट की इस घटना में फॉर्महाउस में कामगार युवक नरेश पिता धीरपाल ओटी, 31 वर्ष साकिन मनेरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। धमाका इतना तेज हुआ है कि युवक लगभग 25 फिट दूर जा गिरा। वहीं उसके शरीर के परखच्चे उड़ गए हैं। सिर के मस्तिष्क का आधा हिस्सा व एक हाथ अलग अलग जगह बरामद हुए। पुलिस ने शव को एकत्रित किया। पुलिस थाना डोंगरगांव नगर से 5 किमी दूर ही ब्लॉस्ट की घटना से पुलिस भी अलर्ट हो गई है। मृतक नरेश ओटी विवाहित था। उसका डेढ़ वर्ष का एक बेटा है। इस दरम्यान परिजनों की मांग पर फार्म मालिक सँतोष दाउ ने मृतक के परिजनों को 50 हजार आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, तहसीलदार पीएल नाग व टीआई उपेन्द्र शाह मौजूद थे। पुलिस ने ग्रामीणों के मध्य पंचनामा कर शव परिजनों को सौंपा। मृतक के पोस्टमार्टम उपरांत अंत्येष्टि की खबर है। दोपहर में सीएसपी राहुलदेव पहुंचे थे। अपरान्ह फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का जायजा लेने की खबर है।

**मोटरपंप बोर्ड के सहारे अंजाम :** जामसरार फॉर्महाउस में ब्लॉस्ट की घटना फॉर्महाउस के मालिक भी अचंभित है। दरअसल फार्म में केला व खीरा की खेती में मोटरपंप से सिंचाई जारी थी। रविवार को कामगार युवक नहाने के लिए जैसे ही मोटर बोर्ड का स्विच चालू किया, तब बोर्ड के नीचे पुर्व से रखे गए विस्फोटक में धमाका हो गया। यानी मोटरबोर्ड से ही ब्लॉस्ट सामग्री को कनेक्शन किये जाने का अंदाजा लगाया जा रहा है। बहरहाल ब्लॉस्ट आईडी से हुआ या अन्य विस्फोटक से हुआ, इसकी पुष्टि अभी बाकी है।

## मालिक का भाई था टारगेट : दाऊ

फार्म मालिक सँतोष वैष्णव उर्फ सँतोष दाउ ने मीडिया को बताया कि रोजाना उनके भाई सुनील वैष्णव उर्फ पप्पू दाऊ 45 वर्ष ही मोटर चालू करते थे। वे रविवार को सुबह 5 बजे ही कामगारों को निर्देश देकर कहीं पारिवारिक कार्यों से अन्यत्र चले गए थे। संतोष दाउ की माने तो किसी ने उनके भाई पप्पू दाउ को टारगेट किया होगा। श्रीवैष्णव ने पीड़ित परिवार को 50 हजार आर्थिक सहायता देने की बात कही है।



## गीता साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र करेंगी चुनाव प्रचार



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव 2024 का दूसरा चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होना है। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू (दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करेंगी। बीते विधानसभा चुनाव 2023 में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल हुई थी। जिसमें बीजेपी ने कांग्रेस को 16,642 वोटो के अंतर से हराकर जीत हासिल की।

## बाईक में भीषण टक्कर, पिता पुत्री की दर्दनाक मौत

# शराबखोरों ने उजाड़ दी एक परिवार की जिंदगी

■ शादी समारोह से लौटते समय पिनकापार में हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



शराब के नशे में मदहोश बाईक सवार ने सामने से आ रहे एक अन्य बाईक सवार को सीधी टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर से सामने बाईक के चालक पिता व उसकी नन्ही बेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई। डोंगरगांव से पिनकापार मार्ग पर घटित इस घटना में पांच अन्य गंभीर हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से ग्राम टटेंगा जेवरतला निवासी पीताम्बर साहू आ.गैंदलाल साहू 35 वर्ष, ग्राम खुर्सीपार कबीरमठ नादिया से विवाह उपरांत अपनी पत्नि डेमिन 30 वर्ष, पुत्र खोमेन्द्र 10 वर्ष तथा पुत्री निशा 6 वर्ष को बाईक में बैठाकर गृहग्राम जाने के लिए अपरान्ह रवाना हुए। इस बीच वे ग्राम पिनकापार के करीब पहुंचे ही थे, कि सामने से तीन सवारी आ रहे बाईक सवार ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाईक में सवार सातों लोग उछलकर इधर उधर गिर पड़े। घटना की जानकारी होते ही आने जाने वाले राहगीरों ने एबुलेंस तथा उनके परिजनों को सूचना दी। एबुलेंस के आने में समय लगता देख एक कार सवार ने गंभीर रूप से घायल पीताम्बर को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव लेकर पहुंचे। उसके बाद दो एबुलेंस अन्य छः लोगों को लेकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ घायलों के सायं 5.30 बजे स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। इस दरम्यान अस्पताल में पुर्व से ही मौजूद पत्रकारों ने स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करते हुए एम्बुलेंस से घायलों को उतारने तथा वार्ड में शिफ्ट करने में सहयोग किया। इस दौरान एकमात्र महिला डॉक्टर के उपलब्ध होने पर तत्काल आनन फानन में कुछ स्थानीय डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को कॉल करके बुलाया गया, तब घायलों का इलाज प्रारंभ हो सका। लेकिन इलाज के दौरान ही गंभीर रूप से घायल पिताम्बर साहू 35 वर्ष तथा बालिका निशा 6 वर्ष की मौत होने की खबर है। शेष घायलों में से बेहतर इलाज के लिए डेमिन तथा खोमेन्द्र को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। इसके अलावा एक अन्य बाईक में सवार खूबलाल, चमन पटेल तथा एक अन्य का प्रारंभिक इलाज किया गया। अंततः तीनो को भी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया।

## शराब ने ले ली 2 की जान

घटना में फिर एक बार शराब सेवन बड़ी वजह बनकर सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो एक बाईक में सवार तीनों युवक शराब के नशे में मदहोश बताये गये। अस्पताल पहुंचने के दौरान भी युवकों के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आने की चर्चा हो रही थी। उल्लेखनीय है कि साहू परिवार का मुखिया इस घटना में काल कवलित हो गया। वहीं एक बच्ची भी बेसमय सडक़ दुर्घटना की शिकार हो गई।

## मुगलों ने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया था कांग्रेस विरासत टेक्स लगाएगी : आलोक



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल ने देश के बहूसंख्यक वाद को खत्म करने व देश के लोगों के जीवन भर की कमाई की जमा पूंजी पर कब्जा कर लोगों में बांटने की बात कहने वाली कांग्रेस की उक्त सोंच को निहायत ही घटिया व देश को तोड़ने वाला बताते हुए कहा कि पहले मुगलों के जमाने में हिंदुओं पर धर्म आधारित जजिया कर लगाया जाता था। अब कांग्रेस उसी नीति पर चलकर भारत के लोगों पर लोगों की जमा पूंजी को लोगों में बांटने विरासत टेक्स लगाना चाहती है। बिंदल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र के संबंध में पहले ही देश की जनता को जागरूक किया था कि यह घोषणा पत्र मुस्लिम लीग वाला घोषणा पत्र है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन कि देश की संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों को दिया जाएगा।

# अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुए विभिन्न निर्णय, श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट का होगा पुनर्गठन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा द्वारा झुन्झनू धाम चाम्पा में स्थापित रानी सती दादी जी के मंदिर के सभागार में 28 अप्रैल को संपन्न हुई, बैठक का आयोजन श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक सदस्य महेंद्र सावी मित्तल ने अपने समिति के सदस्यों के सहयोग से किया था, बैठक का शुभारंभ अग्र कूल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात आगंतुक सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयो एवं सदस्यों का दादी मंदिर परिवार की ओर से माता रानी की माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के साथ किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल,प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग ने करते हुए विस्तार पूर्वक संगठन के कार्यों की जानकारी दी तथा बैठक में सर्वसम्मति से श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के पुनर्गठन करने का निर्णय लेते हुए वरिष्ठ संरक्षक सियाराम अग्रवाल को अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को सक्रिय करने की जिम्मेदारी दी गई,साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए निर्वाचन के लिए बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़ को जिम्मेदारी देते हुए नए निर्वाचन संपन्न कराने की बात कही गई, वहीं बैठक के दौरान आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी सदस्यों को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई गई, बैठक में वृंदावन में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पारित प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए प्री वेडिंग सूट पर प्रतिबंध लगाने,राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश में करने, आगामी अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन करने, केंद्रीय योजनाओं का नामकरण भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों से आग्रह करने, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से संचालित उच्च शिक्षा ऋण योजना, स्वास्थ्य, एंबुलेंस सेवा सहित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया, साथ ही बैठक में आगामी समय में समाज में लिफाफा पद्धति को बंद करने,महिलाओं के स्वालंबन हेतु अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु पहल करने सहित अनेको निर्णय लिए गए तथा बैठक में स्वास्थ्य कायक्रम के संयोजक प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि आने वाले दिनों में संगठन द्वारा 70 सदस्यों का दुबई टूर जा रहा है, तथा अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से कोई शाखा अगर कैंप करवाना चाहती है उसकी व्यवस्था संगठन द्वारा की जाएगी एवं निशुल्क फ़ाइब्रो स्कैन लीवर जांच शिविर के आयोजन के संबंध में भी बताया की प्रांतीय संगठन द्वारा यह शिविर पूर्ण रूप से निशुल्क करवाने की व्यवस्था की गई है,साथ ही मैनपाट में आगामी बैठक का आयोजन करने एवं अंबिकापुर के सुभाष गोयल के सहयोग से बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया,साथ ही प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सियाराम अग्रवाल, महेंद्र सेक्सरिया,जयदेव सिंघल, गंगा अग्रवाल, विनोद अग्रवाल तरा, पीतांबर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल चांपा, दिनेश मित्तल अकलतरा, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर सहित अनेको पदाधिकारीयो का भी स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया, साथ ही बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल के आग्रह पर श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक महेंद्र सावी मित्तल ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण हेतु इस दादी मंदिर परिसर में पहल की जाएगी तथा मंदिर की स्थापना की जाएगी वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा समाज में व्याप्त वैवाहिक कुरीतियों एवं संस्कारों को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया जो कि आगामी दिनों में इस पर कार्य करेंगी जिसमें महेंद्र सेक्सरिया, उमेश मुरारका बिलासपुर, दिनेश मित्तल अकलतरा, नेहा अविनाश गोयल चाम्पा एवं युवा प्रतिनिधि के रूप में पंकज अग्रवाल दुर्ग को शामिल किया गया,इसके अलावा समाज के संस्कारों से संबंधित एक पत्रिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर अशोक अग्रवाल, श्रीमती गंगा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल दुर्ग सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है, साथ ही बैठक के दौरान श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के भी सभी ट्रस्टी एवं सदस्य बैठक में उपस्थित थे तथा अग्रवाल संगठन की ओर से आतिथ्य शाखा के रूप में सुंदर बैठक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, जलपान व्यवस्था, एवं मंदिर के दर्शन की व्यवस्था करने पर सभी सदस्यो का मोतियों की माला के माध्यम से स्वागत किया गया तथा दादी परिवार के सदस्यों ने भी आत्मीयता के साथ बैठक में पधारे सभी सदस्यों का अभिनंदन किया एवं मंदिर परिसर में ही दादी की रसोई में सभी ने जलपान एवं भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया,वहीं 28 अप्रैल को संपन्न बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के आगामी दिनों में संगठन को मजबूत करने के संबंध में अनेकों निर्णय दिए गए हैं,साथ ही सभी निर्णय का क्रियान्वयन करने का भी संकल्प लिया गया है,छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की 28 अप्रैल को चाम्पा में संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक जयदेव सिंघल दुर्ग,महेंद्र सेक्सरिया दुर्ग,प्रांतीय चैयरमेन डॉ अशोक अग्रवाल रायपुर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर,प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग, श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के प्रमुख महेंद्र सावी मित्तल, महिला इकाई की अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया दुर्ग, दिनेश मित्तल, गोपाल मित्तल, मौसम मित्तल, पीतांबर अग्रवाल विशम्भर दयाल अग्रवाल, सुशील मोदी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, मुकेश बंसल, आशीष अग्रवाल, अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल, ममता अग्रवाल, उषा कलानोरिया, सुशीला मोदी, सुभाष गोयल अंबिकापुर, बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़, कन्हैया गोयल शक्ति, नरेश अग्रवाल बोरा रायगढ़, खेमचंद गोयल बलौदा, विनोद अग्रवाल, तारा बेरीवाल, विमल अग्रवाल राजनांदगांव संतोष अग्रवाल राजनांदगांव, पंकज अग्रवाल दुर्ग,संजय अग्रवाल दुर्ग, हितेश अग्रवाल खमहरिया, राजेंद्र अग्रवाल रज्जू बिलासपुर, उमेश मुरारका, विनोद मोदी, राजेश अग्रवाल रायगढ़, राजू अग्रवाल सल्हेआना, महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़, विनीता अग्रवाल रायगढ़, तारा बेरीवाल रायगढ़, उषा कलानौरिया बाराद्वार, डॉ.नितेश अग्रवाल चाम्पा, सपना सराफबिलासपुर, भगवती अग्रवाल कोरबा, अनीता अशोक अग्रवाल रायपुर, नेहा अग्रवाल रायपुर, नेहा अविनाश गोयल चाम्पा, सारिका अजय खेतान, शोभा केडिया कोरबा, पूजा गोयल कोरबा, निर्मला कैलाश अग्रवाल, प्रियंका मोदी, विभा प्रेम प्रकाश अग्रवाल, भावना केडिया, उर्मिला अग्रवाल, हेमलता छैल बिहारी अग्रवाल, राजेश मोदी,सतीश केडिया बालाजी, मुरारी लाल अग्रवाल, नृपेंद्र अग्रवा,मोहनलाल मित्तल,मनोज मंगल बिल्हा, सुरेश मंगल बिल्हा, जगदीश अग्रवाल बिल्हा शाहिद काफी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल की संगठन महिला इकाई, युवा इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्रीष्म काल में हैण्डपंप बंद होने की सूचना के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन

- **पेयजल समस्या के लिए दूरभाष नंबर 07762-222972 पर कर सकते है संपर्क, 30 जून तक रहेगा प्रभावशील**
- **शिकायत व सुझाव के लिए विभागीय टॉल फ्री नंबर 18002330008 में भी कर सकते संपर्क**


पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ
www.dailypioneer.com

ग्रीष्म काल में हैण्डपंप बंद होने की सूचना के लिए जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिससे संपर्क किया जा सकता है एवं संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी अधिकारी को शिकायत एवं सुझाव दे सकते है। इनमें विकासखण्ड रायगढ़ एवं पुसौर के लिए सहायक अभियंता रमाशंकर कश्यप मोबा.नं. 9131733921 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह विकास खण्ड खरसिया हेतु प्रभारी सहायक अभियंता कु. उमा सिदार मोबा.नं. 7748023595, विकास खण्ड घरघोड़ा, तमनार एवं लैलूंगा हेतु सहायक अभियंता आर.के.टण्डन मोबा.नं.75667-05216 तथा विकासखण्ड धरमजयगढ़ हेतु प्रभारी सहायक अभियंता जे.सी.भगत मोबा नं.91310-44438 को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। पेयजल समस्या के लिए दूरभाष नंबर 07762-222972 में कर सकते है संपर्क-ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07762-222972 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक के लिए प्रभावी रहेगा। सहायक अभियंता रामाशंकर कश्यप मोबा.नं. 79877-18375 को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार बाबू लाल पटेल मोबा.नं.97701-94004 तथा सहायक मानचित्रकार आर.के.खलखो मोबा.नं. 88393-90621 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातरू 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय रायगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी।

## सटोरियों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, कुख्यात खाईवाल पप्पु बरेठ सहित 12 सटोरिये पुलिस की गिरफ्त में, सट्टा पट्टी पर प्रभावी कार्यवाही के लिए गिरफ्तार आरोपियों के खंगाले जा रहे डिटेल

**सट्टा पट्टी लिखने वाले 12 आरोपियों से नकद 13.46 लाख रुपए समेत 01 लैपटॉप, 01 टैबलेट, 15 मोबाइल और लाखों की सट्टा-पट्टी जप्त**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल (आईपीएस) द्वारा सामाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा व सट्टा लिखने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना चौकी प्रभारी को दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर सीएसपी रायगढ़ आकाश शुक्ला (आईपीएस) एवं साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय द्वारा अपने अधीनस्थों को पूर्व में सक्रिय रहे खाईवालों एवं वर्तमान में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था जिस पर शहर के कई क्षेत्रों में लुक-छिपकर सट्टा पट्टी लिखने की सूचनाएं पुलिस को लगाये मुखबीरों से प्राप्त हुई, सूचनाए पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा सट्टा पट्टी लिखने वालों पर कार्रवाई के लिए सीएसपी आकाश शुक्ला एवं साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में टीआई मोहन भारद्वाज, टीआई प्रशांत राव, टीआई सुखनंदन पटेल, साइबर सेल, कोतवाली, जूटमिल और चक्रधरनगर स्टाफकी अलग-अलग टीमें बनाई गई। इन टीमों ने द्वारा आज शाम शहर के कई स्थानों पर एक साथ सट्टा रेड कार्रवाई किया गया जिसमें 12 व्यक्तियों को पुलिस ने रंगे हाथ कागज, मोबाइल, लेपटाप, टैबलेट पर सट्टा-पट्टी नोट करते पकड़ा है। पुलिस की सफल सट्टा रेट में 12 आरोपियों से नगद रकम 13,46,780 रुपए, 15 नग मोबाइल, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, पेन, कैलकुलेटर तथा सट्टा पट्टी पर्ची जप्त किया गया है।

पूरी कार्यवाही में 12 आरोपियों से कुल 15,71,780 की संपत्ति आरोपियों से जप्त की गई है, गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली, चक्रधरनगर, जूटमिल में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। सट्टा पट्टी पर अंकुश लगाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से जप्त मोबाइल का रिकार्ड और संपूर्ण लेन-देन की जानकारी निकलवाकर सट्टे में संलिप्त अन्य व्यक्तियों पर विधि अनुरूप कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

## जिला न्यायाधीश सिन्हा ने जिला जेल का किया निरीक्षण बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। इस दौरान छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 द.प्र.सं. के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक जेल अधीक्षक एस.पी.कुर्रे के द्वारा जिला न्यायाधीश को यह जानकारी दी गई कि जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर से बंदी लाभान्वित हो रहे है तथा बंदियों की पहले की तुलना में रिहाई भी अधिक हो रही है। सहायक जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों को जेल नियमावली के विषय में जानकारी दी गई तथा जेल लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से जिन बंदियों के मामलों में अधिवक्ता नहीं हैं, उन्हें पैरवी करने तथा जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु विधिक सहायता प्रदान कर निरूशुल्क अधिवक्ता दिलाये जाने के बारे में बताया गया। बंदियों को रिहा होने के उपरान्त पुनरूअपराध न करने की सलाह दी गई।

## इस वर्ष भी होगा शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की जयंती का गरिमामय आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ के माटी पुत्र और छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश के गौरव शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 20 मई को एक गरिमामय एवं भव्य समारोह के आयोजन की रूप-रेखा तय की गई। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में पिछले दो वर्षों से उनकी जयंती 20 मई के दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी इस आयोजन के लिये कार्यक्रम की रूप-रेखा तय की जा चुकी है। होटल आशीर्वाद में विगत दिनों ट्रस्ट की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विचार विमर्श किया और यह तय किया गया कि इस वर्ष भी आगामी 20 मई को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। आयोजन की शुरूवात शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल में पुष्पांजलि के बाद एक ''विप्लव रन'' से होगी जिसमें भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट और एनएसएस के स्वंय सेवकों के अलावे शहर के गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित होंगे। यहां से निकलकर विप्लव रन चक्रपथ, हेमू कालाणी चैक होते हुए कमला नेहरू पार्क में समाप्त होगा। वहीं कमला नेहरू पार्क में पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी दो आयु वर्ग 9-12 और 13-18 वर्ष के छात्रों के लिये चित्रकला उत्सव की शुरूवात होगी। उत्सव में सहभागिता दर्ज करने वाले सभी छात्रों को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जायेगा एवं उपहार स्वरूप ज्ञानवर्धक पुस्तकें दी जायेगी। चित्रकला उत्सव में सहभागिता हेतु पूर्व पंजीयन कराना आवश्यक होगा। पंजीयन के लिये संपर्क की जानकारी जल्द ही प्रसारित की जायेगी। ट्रस्ट एवं अन्य सहयोगियों संस्थाओं ने नगरवासियों से अपील की है कि जन्मोत्सव समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने शहर के शहीद बेटे का मान बढ़ाये। बहरहाल ट्रस्ट के सदस्यों एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के सदस्य आयोजन को भव्य और गरिमामय स्वरूप देने के लिये तैयरियों में जुट गये हैं। बैठक में सुभाष त्रिपाठी, सुरेश गोयल, रामचंद्र शर्मा, मुकेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, महेश्वर मिश्रा, अशोक सिंह राजपूत, प्रदीप गर्ग, सूरज शर्मा, युवराज सिंह आजाद, अभिषेक उपाध्याय, राजेश पटनायक, बजरंग अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल एवं सुनील तीर्थानी की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

## होम वोटिंग निर्वाचन आयोग की अच्छी पहल अत्यंत बुज़ुर्ग व दिव्यांग भी कर पा रहे मतदान

- जिले में 135 में से 131 वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाता द्वारा किया गया होम वोटिंग, अपर कलेक्टर ने किया होम वोटिंग प्रक्रिया का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं को उनके मताधिकार के लिए उपयोग के लिए प्रारंभ होम वोटिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण हैं। लोकतंत्र के पर्व में जहां एक-एक मत की महती भूमिका होती हैं, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में जहां चलने-फिरने में दिक्कत होती हैं। वहां मतदान कर पाना संभव प्रतीत नहीं होता लेकिन अपने मताधिकार का उपयोग न कर पाने की खलल भारत निर्वाचन आयोग ने दूर करते हुए ऐसे 85 से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं को घर पहुंच मतदान करने की सुविधा देकर लोकतंत्र में उनकी मत के महत्व को बरकरार रखा हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर संपूर्ण प्रकिया का पर्यवेक्षण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया। लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने स्थित घर में निवासरत मतदाता वली मोहम्मद का जन्म सन 1931 में हुआ है, आज के समय में उनकी उम्र लगभग 93 साल हो चुकी हैं, वो बताते है भारत में जब निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तब से अपने मताधिकार का लगातार उपयोग कर रहे है।

लेकिन इस उम्र उन्हे दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा था, लेकिन निर्वाचन आयोग के शुरू किए होम वोटिंग ने उन्हे राहत दी है और आज वो दूसरी बार होम वोटिंग कर अपने मताधिकार का उपयोग किए है। इसी प्रकार शहर में चल रहे होम वोटिंग की प्रक्रिया का अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार लोमस मिरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिले में चारों विधानसभा में आज से होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत मतदान दलों के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओ के घर में पहुंच मतदान कराया गया। जिले में कुल 135 होम वोटर हैं, जिसमें रायगढ़ में 23, खरसिया में 56, लैलूंगा में 19 तथा धरमजयगढ़ में 37 वोटर शामिल है। होम वोटिंग के लिए आवेदन करने वाले कुल 135 मतदाताओं में से 131 मतदाताओं द्वारा आज उनके निवासगृह में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया गया। 01 मतदाता का निधन हो चुका है तथा शेष 03 मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उनके निवासगृह में 02 मई को मतदान अधिकारियों की टीम पुनरू जाएगी।

**व्यावसायिक प्रकोष्ठ का गठन व्यवसायियों के हितों के लिए-राम विचार नेताम**

# भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ का सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक, व्यापारिक एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ के रामानुजगंज विधानसभा का संयुक्त सम्मेलन भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। कृषि मंत्री राम विचार नेताम, सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, उपाध्य जय प्रकाश गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल उपस्थित हुए।जिला संयोजक अरुण कुमार केसरी के द्वारा प्रतिष्ठित व्यापारियों को साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। वही कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों को स्वागत स्वरुप फुल माला पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेष कुमार गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापार जगत अग्रसर होती चली जा रही है व्यापारियों के लिए जीएसटी के माध्यम से कई सुविधाएं मिल रही है उनको एक ही समान का बार-बार टैक्स देने की अब जरूरत नहीं रह गई। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक प्रकोष्ठ का गठन व्यवसायियों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया है। व्यवसायी एवं नौजवान जिनकी संख्या देश में सर्वाधिक है अगर वह राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर एकजुट होकर कार्य करें तो इसका लाभ देश को निश्चित रूप से मिलेगा। अरुण कुमार केसरी ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश को चार वर्ण व्यवस्था में बांटा था। जिसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र थे, वैश्य उस वक्त भी समाज की सेवा में लगे हुए थे और आज भी समाज की सेवा में लगे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी की राज में व्यवसायियों को जीएसटी का लाभ भी मिल रहा है। कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र में जब से नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व संचालित होना शुरू हुआ है तब से व्यापारियों को बेहतर प्लेटफार्म देने की उनकी सोच का ही परिणाम है कि जीएसटी के माध्यम से उनको कई प्रकार के लाभ मिल रहे हैं जो व्यापारी वर्ग के लिए सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में सुभाष जायसवाल, राजेन्द्र गुप्ता, अजय गुप्ता, संजय गुप्ता, रमेश अग्रवाल, रमेश केसरी, दिलीप केसरी, कन्हैया लाल गुप्ता,मनीष अग्रवाल, अनूप तिवारी, रवि रंजन पाल, मुकेश केशरी अजीत गुप्ता, अमित गुप्ता, अनिल पासवान बंशीधर गुप्ता, संजय गुप्ता सहित भारी संख्या मे व्यापारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण जी जान से लगे रहे।

## ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में ट्रक ड्रायवर को कोर्ट से 15 हजार का जुर्माना

- **घरघोड़ा पुलिस ने शराब पीकर खतरनाक तरीके से वाहन चला रहे ट्रक ड्रायवर पर की गई थी कार्रवाई**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कराने वाहन चेकिंग तथा नियमानुसार चालानी कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में 26 अप्रैल को घरघोड़ा पुलिस द्वारा वाहन चेंकिग दौरान छाल रोड पर ट्रक क्र. सीजी 13 एलए 4856 के चालक राज कुमार निवासी हरिहर गंज, पलामू झारखंड को शराब पीकर खतरनाक तरीके वाहन चलाते पकड़ा गया। वाहन चालक के कृत्य पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 185 के तहत कर इस्तगासा घरघोडा न्यायालय पेश किया गया। न्यायाधीश द्वारा वाहन चालक पर 15 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है।

# श्री बालाजी भगवान मंदिर स्थापना एवं प्राणप्रतिष्ठा का छठवां वार्षिकोत्सव मनाया गया

## काफी संख्या में भक्तों ने भगवान श्री बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के मोवा स्थित श्री बालाजी भगवान मंदिर स्थापना एवं प्राणप्रतिष्ठा के छठवें वार्षिकोत्सव का आयोजन रविवार को धूमधाम से किया गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने श्रीबालाजी भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

रविवार सुबह 7:00 बजे श्री बालाजी भगवान महाअभिषेकम पूजन का आयोजन हुआ। वहीं सायं 5:00 बजेः श्री विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं पूजन किया गया। इसके साथ ही 7:00 बजे श्री बालाजी भगवान वेंकटेश्वर स्वामी जी की महाआरती एवं प्रसादम का वितरण किया गया।

श्री बालाजी जनकल्याण सेवा समिति के सदस्यों ने विधिवत पूजन का आयोजन किया । पूजन में प्रमुख रूप से श्रीबालाजी ग्रुप के प्रेरणास्रोत श्री आर.के. नायक, श्रीमती सत्यवती नायक एवं श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक एवं उनकी धर्मपत्नी इंस्टीट्यूट की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, डॉ. पुष्पेंद्र नायक भी पूजन में सपत्नीक शामिल हुए। इसके साथ ही डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डायरेक्टर डॉ. बीरेन्द्र पटेल, श्री भोजराम पटेल, डॉ. राम, सीइओ हिमांशु साहू, समेत काफी संख्या में भक्तगण पूजन में शामिल हुए।

# 61 वर्ष के हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश मूणत जन्मदिन पर दिनभर लगा रहा बधाई देने वालों का तांता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत 61 वर्ष के हो गए। रविवार को उनके निवास पर जन्मदिन पर दिनभर उन्हें बधाई देने वाला तांता लगा रहा। रायपुर पश्चिम विधानसभा से विधायक राजेश मूणत को राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने जन्मदिन पर अपनी बधाई भेजी है। वहीं कैबिनेट मंत्री और रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भी मूणत के निवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी। लोकसभा चुनाव अभियान की व्यस्तता के बीच मूणत अपने प्रशसंकों से शुभकामनायें स्वीकार कर रहे हैं। 28 अप्रैल 1963 को जन्मे मूणत रायपुर जिले की रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ कर चौथी बार विधायक निर्वाचित हुए है। उन्होंने कांग्रेस के सिटिंग एमएलए और संसदीय सचिव विकास उपाध्याय को 41223 वोट से चुनाव हराया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा से अपने राजनीति की शुरुआत करने वाले राजेश मूणत रायपुर शहर भाजयुमो अध्यक्ष रहने के अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 2003 में पहली बार विधायक निर्वाचित होने के साथ ही वह मंत्री बन गए थे। 2008 और 2013 में भी चुनाव जीत कर वह मंत्री बने थे। राजेश मूणत को छत्तीसगढ़ में विकास पुरुष के नाम से जाना जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में 15 वर्ष तक कई महत्वपूर्ण विभागों का मंत्री रहते हुए उन्होंने राज्य के विकास में अपना अहम योगदान दिया है। मूणत ने छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग का मंत्री रहते सभी जिलों के कोने-कोने तक सड़कों का जाल बिछाने में अपनी संपूर्ण ऊर्जा खपाई है। प्रदेश की सभी प्रमुख सड़के, ओवर ब्रिज, फ्लाई ओवर, प्रमुख इमारतें सब कुछ मूणत के कार्यकाल में ही बने हैं।

# तनाव से बचने का अचछा तरीकी है हम मुस्कराएं : अदिति दीदी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में पहले कौशल उन्मुख विश्वविद्यालय के रूप में श्रेय प्राप्त एएएफटी जनसंचार एण्ड कला विश्वविद्यालय के छात्र व फैकल्टी मेम्बर्स के लिए कल शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में तनाव प्रबन्धन कला विषय पर व्याख्यान रखा गया। राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि तनाव को खत्म करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम मुस्कुराना सीखें। मुस्कुराते रहने से हम अस्सी प्रतिशत से अधिक बीमारियों से बच जाते हैं। इससे हमारे अन्दर का तनाव तो खत्म होता ही है साथ ही वायुमण्डल में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। एक बच्चा सारे दिन में तीन सौ से अधिक बार मुस्कुराता है। उसी प्रकार आप भी पद और पोजीशन भूलकर बच्चा बन जाइए तो तनावमुक्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि तनाव से आत्मा रूपी बैटरी डिस्चार्ज होती है। घर में यदि कलह-क्लेश है इसका मतलब है कि बैटरी डिस्चार्ज है। मेडिटेशन के माध्यम से परमात्मा को याद करने से हमें परमात्म शक्ति मिलती है। उन्होंने बतलाया कि यदि लगातार इक्कीस दिनों तक खराब रिलेशन वाले व्यक्ति को पाजिटिव वायब्रेशन दिए जाएं तो उसके प्रभाव से खराब रिलेशन भी ठीक हो जाते हैं।

# डबल इंजन की सरकार के संरक्षण में महादेव एप आज भी चल रहा : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



महादेव एप पर एक फिल्म अभिनेता की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के संरक्षण में महादेव एप आज भी चल रहा। भाजपा महादेव एप को बंद नहीं करना चाहती। छिटपुट कार्यवाहियाँ कर के भाजपा के नेता बयानबाजी करते है हकीकत यह है कि आज भी महादेव एप चालू है। उसको केन्द्र, राज्य का संरक्षण मिला हुआ है। केन्द्र के संरक्षण से महादेव सट्टा एप चल रहा है। प्रदेश में और केंद्र में भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार है। सरकार को चार महीने हो गये महादेव एप क्यों बंद नहीं किया जा रहा है? क्यों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर और शुभम सोनी को गिरफ्तार करके हिन्दुस्तान नही लाया जा रहा है। शुभम सोनी का वीडियो भाजपा ने अपने ऑफिशियल हैंडल से अपने प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करके जारी किया था। भाजपा बताएं कि उसके पास यह वीडियो कहां से आया था?

**कांग्रेस ने किया सवाल :-**

1. केन्द्र सरकार महादेव एप पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा रही?
2. असीम दास की फोटो भाजपा नेताओं के साथ आई है तो ईडी, ईओडब्लू ने उन दोनों का नाम एफआईआर में क्यों दर्ज नहीं किया?
3. शुभम सोनी की विडियो बाईट भाजपा ने जारी किया था। शुभम सोनी के भाजपा से क्या संबंध है? ईडी ने इसकी जांच क्यों नहीं किया?
4. सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के फोटो भाजपा नेताओं के साथ भी सार्वजनिक है उन दोनो से पूछताछ क्यों नहीं की गई?
5. शुभम सोनी, सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल को ईडी गिरफ्तार करके दुबई से वापस क्यों नहीं ला रही है?
6. ईडी ने ईओडब्ल्यू को इस मामले में जो पत्र लिखा था उसमें कुछ आईपीएस एवं अन्य अधिकारियों के भी नाम है ईओडब्ल्यू ने उन अधिकारियो के नाम एफआईआर में क्यों छोड़ा?
7. असीम दास की गिरफ्तारी के समय जिस इनोवा गाड़ी से रूपये जप्त हुये थे उसके मालिक भाजपा विधायक अमर अग्रवाल के भाई के है, उनसे ईडी ने कब पूछताछ किया है?
8. शुभम सोनी के जब दुबई में काउंसलर के समक्ष बयान देने गया था तब उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महादेव एप पर कार्रवाई तो कांग्रेस की सरकार ने की थी और केंद्र की भाजपा सरकार से अनुरोध किया था कि महादेव एप को बंद करके उसके संचालकों को गिरफ़्तार कर लें लेकिन गिरफ्तारी तो दूर की बात केंद्र सरकार ने महादेव एप को बंद तक नहीं करवाया। उन्होंने पूछा कि क्या वजह है कि महादेव सट्टा एप अभी भी बिना रोक टोक चल रहा है तो भाजपा ने उनसे कितना चंदा लिया है? भाजपा सच में सट्टेबाजी के खिलाफ होती तो केंद्र की भाजपा सरकार सट्टेबाजी पर जीएसटी वसूल कर उसे कानूनी रूप नहीं देती।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403